| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 83,409.69 |
| निफ्टी | ~ | 25,453.40 |
| सोना | ~ | 98,890 |
| चांदी | ~ | 1,10,000 |
| डॉलर | ~ | 85.58 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
गुरुवार 03 जून 2025
आषाढ़ शुक्ल 07 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 278
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### कुख्यात ललित नेपाली का एनकाउंटर

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एक कुख्यात बदमाश ललित नेपाली का एनकाउंटर कर दिया। मुठभेड़ में बदमाश ललित नेपाली घायल हो गया। फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ में लाजपत नगर के एसीपी बुलेटप्रुफ जैकेट के कारण बाल-बाल बच गए। ललित दो दर्जन से अधिक वारदातों में शामिल था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट एसटीएफ और सनलाइट कॉलोनी थाने की संयुक्त कार्रवाई में सराय काले खां बस स्टैंड के पास वांछित अपराधी ललित के साथ मुठभेड़ हुई। करीब दो दर्जन अपराधों में शामिल और कई मामलों में कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित ललित मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गया।

### कावडियों का ट्रक पलटा, 3 की मौत

टिहरी। यूपी के कांवडियों का ट्रक उत्तराखंड में पलट गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, 14 घायल हैं। बताया जा रहा है कि कांवड़िए बुलंदशहर से गंगोत्री जल भरने जा रहे थे। बुधवार सुबह करीब 10 बजे नरेंद्र नगर के पास ऋषिकेश-टिहरी मार्ग पर जाजल फकोट के पास ट्रक पलट गया। सभी 21 कांवड़िए ट्रक के नीचे दब गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक सडक् किनारे पलटा था, अगर खाई में गिर जाता तो बड़ा हादसा हो जाता। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र नगर संजय मिश्रा ने बताया कि एक चार साल का बच्चा भी ट्रक में आगे फंसा था, जिसको पुलिस ने सकुशल बाहर निकाल लिया है।

### गरीब रथ ट्रेन का नाम बदलने की मांग

गुरुग्राम। गुरुग्राम के एक व्यक्ति ने देशभर में चल रहे गरीब रथ ट्रेनों का नाम बदलकर सम्मान रथ करने की मांग उठाई है। जोनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी उत्तरी रेलवे के सदस्य और पूर्व डीआरयूसीसी (दिल्ली व अंबाला डिवीजन) सदस्य दीपक भारद्वाज ने इस संबंध में दिल्ली रेल मुख्यालय में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही उन्होंने रेल मंत्री को एक चिट्ठी भेजकर इस मुद्दे को उठाया है और सम्मानजनक नामकरण की अपील की है। दीपक भारद्वाज का कहना है कि 'गरीब रथ' नाम मध्यम वर्ग और उससे नीचे के वर्ग के लोगों के सम्मान को ठेस पहुंचाता है।

### चुनाव आयोग अब सिर्फ पार्टियों के प्रमुखों से ही मीटिंग करेगा

नई दिल्ली। बिहार में मतदाता सूची के स्पेशल रिवीजन को लेकर कई अनधिकृत लोगों की तरफ से बार-बार चुनाव आयोग से मिलने की मांग की जा रही थी। इस पर आयोग ने कहा है कि अब से केवल राजनीतिक दलों के प्रमुखों के अनुरोध पर ही विचार किया जाएगा। कई लोग खुद को पार्टियों का प्रतिनिधि बताकर मीटिंग मांग रहे थे। चुनाव आयोग ने इन्हें अनधिकृत करार देते हुए ऐसे अनुरोधों को खारिज करने का फैसला लिया है। विपक्ष का आरोप है कि इस प्रक्रिया से वोटर लिस्ट से नाम काटे जा सकते हैं और सरकार इसका गलत इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस के एक वकील ने 2 जुलाई को इंडिया गठबंधन की ओर से मीटिंग मांगी थी, लेकिन अब तक सिर्फ सीपीआई(एम) और सीपीआई(एमएल) लिबरेशन ने ही इसमें भागीदारी की पुष्टि की है।

# सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

## ईडी ने अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन का किया दावा : 90 करोड़ देकर 2000 करोड़ की संपत्ति हड़पने की साजिश

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ईडी की तरफ से अदालत में पेश हुए। एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है। एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था।

एसवी राजू ने बताया कि एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा प्रबंधकीय पदों पर थे। राजू ने कहा कि कंपनी एजेएल के पास करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसका 90 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले अधिग्रहण कर लिया गया। यह एक धांधली है, जिसमें कोई असल लेन-देन नहीं हुआ। एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया। यह एक साजिश के तहत किया गया। ईडी ने कहा कि कांग्रेस ने न ही ब्याज दिया और न ही जमानत और 90 करोड़ रुपये के कर्ज को सिर्फ 50 लाख रुपये में बेचा गया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर यह साजिश रची गई। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के 76 प्रतिशत शेयर हैं।



### क्या हैं आरोप

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में गवाह गैर हाजिर, टली सुनवाई, अब 14 जुलाई की तारीख हुई तय

जिले की एमपी-एमएलए अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले की सुनवाई मंगलवार को टल गई। मंगलवार को गवाह से जिरह होनी थी, लेकिन गवाह के न आने पर अदालत ने अगली सुनवाई 14 जुलाई को निर्धारित की है। यह मामला वर्ष 2018 का है, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। मिश्रा का आरोप था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पिछली सुनवाई एक जून को हुई थी।

भाजपा नेता विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि उपरोक्त् मामले में सुनवाई के लिए अदालत ने 14 जुलाई की तिथि निर्धारित की है।

## सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करने में है- गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करने में है और हिंदुत्व किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का मानना है कि किसी व्यक्ति का महत्व उसकी जाति, धर्म या लिंग से नहीं, बल्कि उसके मूल्यों व चरित्र से तय होता है।

नितिन गडकरी मंगलवार को एक समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं से समाज सुधारकों ज्योतिबा फुले, शाहू महाराज और डॉ बी आर आंबेडकर के सामाजिक-आर्थिक समानता के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

हिंदुत्व कोई संकीर्ण शब्द नहीं है। धर्म का मतलब कर्तव्य है। एक शिक्षक कहता है कि मैं शिक्षक का धर्म मानता हूं, एक पत्रकार कहता है कि मैं पत्रकार का धर्म मानता हूं। यहां हिंदुत्व राष्ट्रवाद है, हिंदुत्व भारतत्व है। हिंदुत्व किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, जिस धर्मनिरपेक्षता का प्रचार किया जाता है उसका मतलब धर्मनिरपेक्षता कहा जाता है, लेकिन सही मायने में धर्मनिरपेक्ष शब्द का मतलब सभी धर्मों के बीच सद्भाव है। हमने समानता के आधार पर, सद्भाव के आधार पर संकल्प लिया है। हमारी राजनीति विकास की राजनीति है। हम पानी, उद्योग, कृषि, उद्योग आदि सभी क्षेत्रों में उड़ान भरना चाहते हैं।



समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण को सर्वसम्मति से बीजेपी की महाराष्ट्र इकाई का नया अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करने में निहित है। उन्होंने कहा कि हमें समाज से अस्पृश्यता और जातिवाद को पूरी तरह से खत्म करने की दिशा में काम करना चाहिए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और सुशासन के महत्व पर भी जोर दिया।

## दिल्ली सीएम रेखा के बंगले का रेनोवेशन : पहले चरण में खर्च होंगे 60 लाख, लगेंगे 24एसी, 5 स्मार्ट टीवी

नई दिल्ली। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के लिए राज निवास मार्ग स्थित बंगला नंबर 1 का कायाकल्प किया जा रहा है। पहले यह बंगला उपराज्यपाल सचिवालय के तौर पर उपयोग में लिया जाता था, लेकिन अब इसे मुख्यमंत्री आवास बनाया जा रहा है।

सरकारी दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया जा रहा है कि इस बंगले के रेनोवेशन के पहले चरण का बजट 60 लाख रुपये तय किया गया है। इसमें सबसे बड़ी मद एयर कंडीशनिंग सिस्टम है, जिस पर तकरीबन 11 लाख रुपये से ज्यादा खर्च होंगे। इसके साथ ही इस बंगले में 24 एयर कंडीशनर, 5 स्मार्ट टीवी जिसमें चार 55 इंच के और एक 65 इंच का टीवी लगाया जाएगा। 3 बड़े झूमर और 80 से ज्यादा पंखे लगाए जाएंगे। इनके



अलावा नई किचन मशीनें- गैस हॉब, इलेक्ट्रिक चिमनी, माइक्रोवेव, टोस्ट ग्रिल, वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर और 50 लीटर प्रति घंटे का आरओ वॉटर प्लांट लगाया जाएगा। इसके अलावा लाइट्स और झूमरों पर 6 लाख रुपये का अलग से बजट रखा गया है।

### बंगले की संरचना

बंगला नंबर 1, टाइप-7 कैटेगरी का सरकारी आवास है जिसमें 4 बेडरूम, ड्राइंग रूम, विजिटर्स हॉल, नौकरों के लिए अलग क्वार्टर, किचन, लॉन और बैकयार्ड हैं।

### रेनोवेशन पर उठ सकते हैं सवाल

पिछले साल पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले के रेनोवेशन को लेकर भाजपा ने तीखा हमला बोला था और उस सरकारी आवास को शीशमहल करार दिया था। ऐसे में अब मौजूदा भाजपा सीएम रेखा गुप्ता के बंगले के रेनोवेशन पर हो रहे खर्च को लेकर भी राजनीतिक बहस तेज हो सकती है। हालांकि, मौजूदा रेनोवेशन को एक पूर्व सरकारी कार्यालय को आवास में तब्दील करने की प्रक्रिया के रूप में बताया जा रहा है, लेकिन तब भी विपक्ष इस पर सवाल उठा सकता है।

इस प्रकार बताया गा है कि दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के लिए बंगला नंबर 1 को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। जहां एक ओर यह सरकारी आवश्यकता बताई जा रही है, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक हलकों में इसे लेकर विवाद के आसार भी बनते दिख रहे हैं, खासकर उस पृष्ठभूमि में जब पिछली सरकार को इसी मुद्दे पर घेरा गया था।

### जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में जनता को बड़ी राहत देने की तैयारी

## टूथपेस्ट, बर्तन, कपड़े और जूते हो सकते हैं सस्ते

### -सरकार इन आइटम्स को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत जीएसटी स्लैब में लाने पर विचार कर रही

नई दिल्ली। इस साल की शुरुआत में इनकम टैक्स में कई रियायतें देने के बाद केंद्र सरकार अब मिडिल-क्लास और लोअर-इनकम फैमिली को गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी में कटौती कर राहत देने की तैयारी कर रही है। जिससे टूथपेस्ट, बर्तन, कपड़े, जूते जैसे आम आदमी के इस्तेमाल में आने वाले आइटम्स जल्द ही सस्ते हो सकते हैं। दरअसल, 56वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक इस महीने के आखिरी में बुलाई जाएगी, जिसमें सरकार 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को पूरी तरह से खत्म करने या वर्तमान में 12 प्रतिशत टैक्स वाले आइटम्स को 5 प्रतिशत स्लैब में ला सकती है।

सूत्रों के अनुसार, इस रिस्ट्रक्चरिंग यानी बदलाव में मिडिल-क्लास और इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन के यूज में आने वाले आइटम्स शामिल होंगे। इनमें टूथपेस्ट और टूथ पाउडर, छाते, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर और रसोई के बर्तन, इलेक्ट्रिक इस्त्री, गीजर, स्माल-कैपेसिटी वाशिंग मशीन, साइकिल, 1,000 रुपए से ज्यादा कीमत वाले रेडीमेड कपड़े, 500 से 1,000 रुपए के बीच की कीमत वाले जूते, स्टेशनरी आइटम, वेक्सीन, सिरेमिक टाइलें और एग्रीकल्चर टूल्स शामिल हैं।

### सरकार पर पड़ेगा 50,000 करोड़ का बोझ

अगर प्रस्तावित बदलाव लागू होते हैं, तो इनमें से कई आइटम्स सस्ते हो जाएंगे। सरकार इजी-टु-कंप्लाय यानी आसान जीएसटी पर भी विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इस कदम से सरकार पर 40,000 करोड़ रुपए से 50,000 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा, लेकिन वह शुरुआती असर को झेलने के लिए तैयार है। इससे खपत में बढ़ोतरी हो सकती है। केंद्र का मानना है कि कम कीमतों से बिक्री बढ़ेगी, जिससे टैक्स-बेस बढ़ेगा और लॉन्ग टर्म जीएसटी कलेक्शन में ग्रोथ होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक इंटरव्यू में जीएसटी रेट्स में संभावित बदलावों का संकेत देते हुए कहा था कि सरकार जरूरी वस्तुओं पर मिडिल-क्लास को राहत देने पर विचार कर रही है। जीएसटी के तहत दरों में बदलाव के लिए जीएसटी काउंसिल से रिकमेंडेशन की जरूरत होती है, जहां हर राज्य को मतदान का अधिकार है।

## कर्मचारियों और अफसरों के फर्जी प्रमाण पत्रों पर नौकरी करने की पुष्टि, ग्वालियर एसटीएफ की जांच में सामने आया फर्जीवाड़ा

### मामले में जल्द ही 40 से 45 आरोपियों की गिरफ्तारी होगी

ग्वालियर। ग्वालियर में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, यहां ग्वालियर-चंबल और मालवा क्षेत्र में अनुसूचित जाति-जनजाति के फर्जी जाति प्रमाण पत्रों पर नौकरी कर रहे 25 अधिकारी और कर्मचारियों प्रकरण दर्ज किया है। एसटीएफ की शुरुवाती जांच में इन कर्मचारियों और अफसरों के फर्जी प्रमाण पत्रों पर नौकरी करने की पुष्टि हुई है। ये अधिकारी और कर्मचारी ग्वालियर-चंबल सहित इंदौर, शाजापुर, विदिशा, होशंगाबाद और बैतूल में राजस्व, पुलिस, मेडिकल और पीडब्ल्यूडी विभागों में वर्तमान में पदस्थ हैं। एसटीएफ का कहना है कि मामले में जल्द ही 40 से 45 आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। एसटीएफ की जांच में सामने आया है कि सबसे अधिक फर्जी प्रमाण-पत्र ग्वालियर से जारी हुए हैं। एसटीएफ डीजी पंकज कुमार श्रीवास्तव को दो माह पूर्व फर्जीवाड़े की शिकायत मिली थी, इसके बाद एसटीएफ ग्वालियर की एक एसआईटी गठित कर पांच अलग-अलग टीमें बनाकर जांच हो रही थी। प्रारंभिक जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर एफआईआर की गई है।

जांच में सामने आया हैं कि इस फर्जीवाड़े में एक संगठित गिरोह काम कर रहा था, जिसमें विभागों में तैनात अमला भी पूरी तरह से शामिल था। इसके तहत फर्जी प्रमाण-पत्र पर न सिर्फ नौकरी लगी, बल्कि ज्वाइनिंग के बाद संबंधित विभाग में वेरिफिकेशन लेटर पहुंचने पर प्रमाण पत्र को सही बताया गया। ग्वालियर में अधिकांश प्रमाण-पत्रों का वेरिफिकेशन लश्कर एसडीएम कार्यालय में हुआ है। जिन 25 लोगों पर एफआईआर हुई है उसमें जवाहर सिंह, सीताराम, सरला देवी, राजेश कुमार, कुसुमा देवी और सुनीता रावत के नाम शामिल हैं, जो ग्वालियर में शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। साथ ही एक जेएएच (जयारोग्य अस्पताल) का डॉक्टर और इंजीनियर का नाम भी सूची में बताया गया है, जिनकी तस्दीक की जा रही है।

## ट्रंप की दादागिरी...रुस से रखी भारत ने यारी, तब उत्पादों पर 500 फीसदी का टैरिफ लगाने की तैयारी

### रुस की कमर तोड़ने के लिए ट्रंप भारत और चीन पर बना रहे दबाव

मुंबई। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में राष्ट्रपति का पद संभाला है, तभी से पूरी दुनिया में उथल-पुथल मचा हुई है। पहले हर देश पर दोगुना टैरिफ लगाकर व्यापार में हलचल और अब सीधे दादागिरी पर उतार आए हैं। जहां टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका की व्यापार वार्ता जारी है कि ट्रंप ने नई धमकी दे डाली। अमेरिका ने सीधे भारत का नाम लेकर कहा है कि अगर रूस के साथ जारी रखी यारी, तब उनके उत्पादों पर 500 फीसदी का टैरिफ लगाने की तैयारी है।

रिपब्लिकन सिनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल में सिनेट में एक बिल पारित किया है। इसमें प्रावधान है कि अगर कोई देश रूस के साथ व्यापार को जारी रखता हैं, तब उसके उत्पादों पर अमेरिका 500 फीसदी टैरिफ लगाएगा। उन्होंने सीधे नाम लेकर कहा कि भारत और चीन अपना 70 फीसदी सामान रूस से खरीद रहे हैं। उनकी वजह से ही रूस युद्ध जारी रखे हुए है। भारत और चीन को रूस का साथ छोड़कर यूक्रेन के पक्ष में आना होगा।

ग्राहम ने कहा कि बिल को रिपब्लिकन के साथ डेमोक्रेटिक सिनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल का भी सपोर्ट है और माना जा रहा है कि 84 सिनेटर इसके समर्थन में आ सकते हैं। अनुमान है कि इस बिल को अगस्त महीने में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने हमसे साफ कहा है कि अब बिल पर आगे बढ़ने का समय आ चुका है। पिछले दिनों एक अमेरिकी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया था कि ट्रंप इस बिल को सख्त बनाना चाहते हैं ताकि नियम तोड़ने वाले देशों को किसी भी तरह की रियायत की गुंजाइश ही न रहे।

अमेरिका के गृह सचिव मार्को रूबियो ने कहा था कि रूस और यूक्रेन का युद्ध अब तीसरे साल में प्रवेश कर चुका है और अब सिर्फ प्रतिबंध लगाने से काम नहीं चलेगा। इसके बाद ट्रंप प्रशासन चाहता है कि रूस को पीछे हटने के लिए मजबूर करना है, तब अन्य देशों पर भी सख्त नियम लागू करना होगा। स्वाभाविक हैं कि रुस से आर्थिक मददगार देश भारत और चीन इस लड़ाई में पीसने वाले है।

उन्होंने कहा कि चीन और भारत मिलकर रूस का 70 फीसदी क्रूड ऑयल खरीद रहे हैं। भारत और रूस का द्विपक्षीय कारोबार 2024-25 में बढ़कर 68.7 अरब डॉलर पहुंच गया है, जो कोरोनाकाल से पहले महज 10.1 अरब डॉलर था। यह उछाल भारत की ओर से रूस का क्रूड खरीदने की क्षमता बढ़ाने पर दिखा है और भारत ने रूस को निर्यात भी बढ़ा दिया है।

### प्रदेश अध्यक्षों के बाद बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव का कोरम पूरा

## मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव और शिवराज सिंह के नाम सबसे आगे

नई दिल्ल। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान जल्द हो सकता है। महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड समेत कुल 6 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को तय हो गए हैं। इसके अलावा दो राज्यों के अध्यक्षों का ऐलान सोमवार को किया गया था। पार्टी ने 50 फीसदी अध्यक्ष वाला कोरम तय कर लिया है, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव के लिए जरूरी होता है। बीजेपी ने कुल 37 सांगठनिक यूनिट्स में पूरे देश को बांट दिया है। अब इनमें से 20 के अध्यक्ष भी तय हो चुके हैं।

यूपी और बंगाल जैसे बड़े राज्यों के अध्यक्ष अभी चुनना बाकी है, जिन पर जल्द ऐलान हो सकता है और इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का फैसला होगा। बता दें



राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की रेस में मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव और शिवराज सिंह चौहान के नाम सबसे आगे हैं। तीनों ही मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और संगठन की कमान जिस नेता को भी मिलेगी, उसे मंत्री पद से इस्तीफा देना होगा। इससे साफ है कि बीजेपी को यदि इनमें से कोई एक अध्यक्ष मिला तो फिर मंत्रिमंडल में फेरबदल किया जाएगा।

बता दें ये तीनों ही नेता आरएसएस बैकग्राउंड के हैं और विवादों से दूर रहकर काम करने वाले हैं। तीनों को ही संगठन में काम करने का लंबा अनुभव है। मनोहर लाल खट्टर को तो पीएम मोदी के बेहद करीबी है। ऐसे में उनका नाम भी चर्चा में है। मनोहर लाल खट्टर किसी भी जातीय समीकरण से परे हैं और उनकी छवि एक सख्त एवं ईमानदार लीडर की मानी जाती है। इसके अलावा आरएसएस भी उनके नाम पर सहमत हो सकता है। हालांकि भूपेंद्र यादव भी मजबूत माने जा रहे हैं। वह अमित शाह के करीबी माने जाते हैं और यूपी समेत कई राज्यों में चुनाव की रणनीति वह संभाल चुके हैं। वह बीजेपी और आरएसएस के संगठन में काम करने का लंबा अनुभव रखते हैं। भूपेंद्र यादव को अध्यक्ष बनाकर सामाजिक समीकरणों को लेकर भी संदेश देने की कोशिश हो सकती है। हालांकि अब तक कोई भी नेता खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

## अचानक हो रही मौतों का कोरोना टीकों से कोई संबंध नहीं – स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली। केंद्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय ने कहा कि कोरोना वैक्सीन और हार्ट अटैक की वजह से होने वाली अचानक मौतों में कोई संबंध नहीं है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) के किए गहन अध्ययन के बाद मंत्रालय ने यह बात कही।

कोरोना महामारी के बाद कई लोग चलते, फिरते, नाचते-गाते अचानक काल के गाल में समा रहे हैं। एक के बाद एक इस तरह के चौंकाने-डराने वाले वीडियो सामने आए और कई लोगों ने इन मौतों को कोरोना काल में लगे टीकों पर शक करना शुरू कर दिया था। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल (एनसीडीसी) की ओर से किए अध्ययन ने इसकी पुष्टि की है कि भारत में कोरोना वैक्सीन के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं। गंभीर साइड इफेक्ट्स के मामले बेहद दुर्लभ हैं।

वहीं हाल ही में कर्नाटक के हासन जिले में अचानक दिल का दौरा पड़ने से 20 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद कोरोना वैक्सीन को लेकर बहस छिड़ गई। सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक इसको लेकर सवाल उठने लगे कि कहीं इन मौतों का संबंध कोरोना वैक्सीन के दुष्प्रभावों से तो नहीं है? जब मामला गंभीर हो गया तो कर्नाटक सरकार ने इसकी जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित कर दी, लेकिन अब देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। आईसीएमआर और एम्स ने रिसर्च में साफ कर दिया है कि कोरोना वैक्सीन और कर्नाटक में हुई अचानक मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है।

# कलेक्टर ने ली सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक

## अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति में बड़े जलाशयों एवं बाधों पर निगरानी रखने के निर्देश

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। कलेक्टर मृणाल मीणा ने 02 जुलाई को वैनगंगा संभाग, सर्वेक्षण संभाग एवं बंजर नदी परियोजना के अधिकारियों की बैठक लेकर सिंचाई परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में तीनों सिंचाई संभाग के कार्यपालन यंत्री, एसडीओ एवं उपयंत्री उपस्थित थे।**

बैठक में कलेक्टर श्री मीणा ने तीनों संभाग के अंतर्गत सिंचित रकबे एवं उनके द्वारा सिंचाई प्रोजेक्ट पर किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि सर्वे संभाग के अंतर्गत लामता में सिंचाई प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के पूर्ण होने पर 12 हजार किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचेगा। यह प्रोजेक्ट जनवरी 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। वर्तमान में वर्षा ऋतु प्रारंभ हो जाने के कारण नहरों से सिंचाई की आवश्यकता नहीं है।



बैठक में कलेक्टर श्री मीणा ने निर्देशित किया कि जलाशयों की क्षमता के आधार पर सिंचाई के लक्ष्यों को हर हाल में पूर्ण किया जाये। इसके लिए अभी से तैयारी प्रारंभ कर दें। नहरों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें। बैठक में वर्षा ऋतु के दौरान पौधारोपण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि तीनों संभाग को 05 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए अब तक 1900 गड्ढे तैयार कर लिए गये हैं और 300 पौधे लगाये जा चुके हैं। कलेक्टर श्री मीणा ने निर्देशित किया कि लगाये जाने वाले पौधों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें, जिससे पौधे जीवित रह सकें और सुरक्षित बड़े हो सकें। लगाये पौधों की वायुदूत एप्प पर फोटो एवं स्थल की जानकारी के साथ एंट्री करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी है । ऐसी स्थिति में जिले में स्थित बड़े जलाशयों के जल स्तर पर कड़ी निगरानी रखी जाये। अतिवर्षा या बाढ़ की स्थिति में जलाशयों एवं तालाबों से पानी के रिसाव या टूट-फूट पर नजर रखी जाये। जिससे जिले में कहीं पर भी जन जीवन प्रभावित न हो। भीमगढ़ बांध से वैनगंगा नदी में पानी छोड़े जाने की सूचनाओं का त्वरित आदान प्रदान करें और अपना सूचना तंत्र मजबूत रखें। बैठक में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि 50 दिन से अधिक की लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाये। लंबित शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद कराने कहा गया।

# मिशन शक्ति एवं शौर्य दल अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना व जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में बुधवार को मिशन शक्ति और शौर्य दल के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की गई और महिलाओं को इन क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस योजना के तहत महिलाओं को अपनी बेटियों को शिक्षित करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इन योजनाओं के तहत महिलाओं को अपने बच्चों की देखभाल और पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस आयोजन में समस्त परियोजना अधिकारी,समस्त पर्यवेक्षक,पोषण अभियान के जिला समन्वयक,ब्लॉक समन्वयक व समस्त शौर्य दल सदस्य उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की जल-जीवन मिशन की योजनाओं की समीक्षा

## काम नहीं करने वाले ठेकेदारों नोटिस जारी करने एवं कार्यवाही करने के निर्देश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीणा ने 02 जुलाई को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवनमिशन की योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी अभिषेक सराफ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बी एल उईके, सभी एसडीओ, उपयंत्री एवं नल-जल योजनाओं के ठेकेदार उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि हर घर तक नल से शुद्ध जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में कुल 1077 योजनायें स्वीकृत हैं। इनमें से 600 नल-जल योजनायें शत प्रतिशत पूर्ण हो चुकी हैं और 561 योजनाओं में हर घर नल-जल पहुंच रहा है। शेष योजनाओं का कार्य कराया जा रहा है। कलेक्टर श्री मीणा ने बैठक में निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन की अपूर्ण योजनाओं को 15 अगस्त तक पूर्ण किया जाये। पूर्ण हो चुकी योजनाओं में हर घर में नल से जल पहुंचना चाहिए। पोर्टल पर नल कनेक्शन धारक के आधार नंबर की एंट्री होने पर ही माना जायेगा कि हितग्राही के घर में नल से जल पहुंच रहा है। जिन ठेकेदारों द्वारा नल-जल योजनाओं का कार्य नहीं किया जा रहा है उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि नल-जल योजनाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और समय सीमा में काम नहीं करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। नल-जल बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन में काम कर रही गोंदिया की टीबीएस इंफ्रास्टकचर, मेसर्स तारा मशीनरी दाहिया, मेसर्स परिहार एसोसियेट, एव्ही कंर्स्कक्शन, पिपले कंर्स्बक्शन छिंदवाड़ा, माही कंस्ट्रक्शन, मेसर्स मिश्रा कंर्स्नक्शन, अक्षत इंटरप्राईस बालाघाट, आशिष कुमार लामता, एपी कंर्स्टक्शन कंपनी मुरैना, मेसर्स केशव कृपा कंपनी सूरत, मेसर्स जयबालानंद कंपनी सूरत, तिरूपति-वाधवा कंपनी, नीरज ट्रेडिंग कंपनी नागपुर, मेसर्स रायसिंह कंपनी, वीणा ट्रेडर्स, मेसर्स वैभव इंफ्रास्टक्चर्स द्वारा समय सीमा में नल-जल योजना का काम नहीं किया जा रहा है। इस पर इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।



# प्रधानपाठक श्री तुरकर की सेवानिवृति पर शा. प्राथ. शाला दुगलटोला में नम आँखों से गयी विदाई

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शा. प्राथ. शाला दुगलटोला के प्रभारी प्रधानपाठक उम्मेद लाल तुरकर के सेवानिवृत्त होने पर स्कूल प्रांगण में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया।जहां प्रधानपाठक श्री तुरकर को उनकी सेवानिवृति पर नम आँखों से विदाई दी गयी। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर बच्चो द्वारा सरस्वती वंदना कर विदाई कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात् जनशिक्षक मंगेश उजगावकर, व्यापारी प्रकोष्ट से संजय चौकसे, सोशल कम्युनिटी से गजेंद्र यादव, शाम शा. प्राथशाला दुगलटोला से श्रीमती देवीकला पारधी, प्रभारी प्रधानपाठक उम्मेद लाल तुरकर के परिवार से अभिनव भारद्वाज एवं प्रमुख अतिथि उकवा सरपंच सु श्री अनुसया छत्रिया की ओर से श्री तुरकर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गए। उल्लेखनीय कार्यों एवं उनके मिलनसार एवं मधुर सव्भाव पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये गए। तपश्चात् शालेय परिवार द्वारा शाल एवं श्रीफल देकर श्री तुरकर का सम्मान किया गया। साथ ही शा. प्राथ. शाला बड़ी घोंदी से सेवानिवृत शिक्षक इमरान खेरो को भी शाल एवं श्रीफल देके सम्मानित किया गया। इसके अलावा उपस्थित लोगो द्वारा उपहार दिए गए।इसके बाद श्री तुरकर द्वारा अपने जीवन एवं अपने द्वारा किये गए कार्यों को विस्तार से बताया गया। तत्पशचात् श्री तुरकर द्वारा विघालय के बच्चो को पेन एवं चॉकलेट उपहार स्वरूप दिया गया। तत्पशचात् स्वल्पाहार कराया गया।इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित संतोष साकुरे की ओर से आभार प्रकट किया गया। विदाई समारोह में प्रमुख रूप से दुर्गाप्रसाद राउत, हरिकुमार गोलेन्द्र, महेंद्र झारिया, संजय चौकसे, फिरोज आलम,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति कंचन यादव, श्रीमती रोशनी चौहान, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष श्रीमती सरिता पटले, श्रीमति वीणा फुलबांधे, श्रीमती लक्ष्मी कटरे, मंगेश उजगावकर, अनिल पारधी शिक्षक, इमरान खेरो शिक्षक, मति मंजुलता बोपचे, श्रीमती देवीकला पारधी शिक्षक, गजेंद्र यादव, फिरोज आलम, रविशंकर यादव,श्री तुरकर जी के परिवार से श्रीमती सुलोचना- उम्मेद लाल तुरकर, श्रीमती रोहिणी- अभिनव भारद्वाज, श्रीमती मिताली - सुधीर बोपचे, श्रीमती पेमन -विजय ठाकुर, बी.आर. हरडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं पालक उपस्थित रहे ।




# दीक्षारंभ कार्यक्रम के दूसरे दिन छात्रों को दी गई छात्रवृत्ती व लेंगिक समानता की महत्वपूर्ण जानकारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बालाघाट में दीक्षारंभ कार्यक्रम का दूसरा दिन छात्रों के लिए बेहद ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। इस दौरान छात्रों को राज्य छात्रवृत्ति और लैंगिक




संवेदनशीलता एवं स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन जानकारी दी गई। बाबा राहुल मेश्राम ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा छात्रों के लिए उपलब्ध विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. सरिता खोबरागड़े ने लैंगिक समानता के विभिन्न पहलुओं को संबोधित किया और समकालीन समाज में लैंगिक भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की गहरी समझ को बढ़ावा दिया। डॉ. शाजिया तबस्सुम ने रेड रिबन क्लब के विषय पर विस्तार से बताया और डॉ. प्रतिमा बिसेन ने स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन के तहत एक ज्ञानवर्धक करियर मार्गदर्शन सत्र का संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुष्पलता कमलेशिया, डॉ. गजानन कटरे, डॉ. ताराचंद बड़धैया द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय के विभिन्न डॉक्टर्स और अधिकारियों का सहयोग रहा।

# जल जीवन मिशन में 136 करोड़ का घपला : रीवा में भ्रष्टाचार की खुली पोल

भोपाल । जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के हर घर नल के माध्यम से पेयजल मुहैया कराने की योजना पर अफसर पलीता लगा रहे हैं। इस योजना में लगातार भ्रष्टाचार का खुलासा होने के बाद भी पीएचई, जल निगम के अफसरों पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई है। उधर, रीवा जिले में जल जीवन मिशन में फर्जी कामों के जरिए 136 करोड़ का घोटाला सामने आया है। माना जा रहा है कि यह प्रदेश का पहला ऐसा घोटाला है जिसकी जानकारी प्रमाण सहित सरकार के पास पहुंची है। रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल के आदेश पर हुई इस जांच को 2022 बैच की एक अन्य महिला आईएएस अधिकारी सोनाली देव ने अंजाम तक पहुंचाया। प्रदेश में घर-घर पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने के उद्देश्य से 2019 को शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना अधर में लटकी है। 2024 में मिशन का कार्य अधूरा होने के बाद केंद्र सरकार ने जुलाई 2024 में मप्र के 1271 सर्टिफाइड गांवों में सर्वे कराया। एक निजी एजेंसी द्वारा किए गए इस सर्वे में केवल 209 गांव ही मानकों पर खरे उतरे। वहीं, 217 गांवों में नल कनेक्शन तो लगाए गए, लेकिन पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई। 13 गांवों में नल कनेक्शन तक नहीं लगाए गए, बावजूद इसके कार्य पूरा दिखा दिया गया। 778 गांवों में जल गुणवत्ता की जांच में 390 सैंपल अमानक पाए गए। रिपोर्ट के अनुसार सबसे खबरा स्थिति रीवा, अलीराजपुर और सिंगरौली जिले के गांवो में है। जल जीवन मिशन में मिली घोटाले की शिकायतों के बाद रीवा कलेक्टर के निर्देश पर सहायक कलेक्टर एवं आईएएस अधिकारी सोनाली देव की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी में कोषालय अधिकारी आरडी चौधरी, पुष्पराज सिंह, सरदार राहुल भाई पटेल तथा सहायक ग्रेड-3 कृष्णकांत वर्मा ने अभिलेखों की जांच की। कमेटी ने संधारित एवं उपलब्ध कराए गए व्हाउचरों, कैश बुक, स्टाक पंजी, वितरण विवरण, निविदा आदि का परीक्षण किया। साथ ही हैंडपंप मेंटेनेंस, विभिन्न फार्मों को किए गए साल बार भुगतान की रिपोर्ट ली। कमेटी ने जांच में पाया कि ठेकेदार द्वारा काम पूरा किए बिना ही करोड़ों का भुगतान कर दिया गया, बल्कि शासकीय धन की अनियमितता की गई। 27 जून 2023 को गठित 5 सदस्यीय जांच समिति ने पीएचई कार्यालय रीवा के वित्तीय दस्तावेजों की जांच की। इसमें पाया गया कि ठेकेदारों और कंपनियों को बिना नियमों के 136.28 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया। यह रकम जल जीवन मिशन, हैंडपंप मरम्मत, टीपीआई, आईएसए, स्टेशनरी, वाहन, फोटोकॉपी जैसी मदों में खर्च दिखाई गई। सोनाली देव ने 4 मार्च 2024 को अपनी रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी, जिसके बाद इसे संभागायुक्त कार्यालय होते हुए मंत्रालय भेजा गया। लेकिन एक साल बीतने के बाद भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। रिपोर्ट मंत्रालय में दबी पड़ी है। इस मामले में स्वदेश ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से कई बार संपर्क किया लेकिन किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। रिपोर्ट में 24 अधिकारियों-कर्मचारियों को जिम्मेदार बताया गया है, जिनमें प्रमुख नाम हैं-शरद कुमार सिंह, संजय पांडेय (कार्यपालन यंत्री),एसके श्रीवास्तव, आरके सिंह (उपयंत्री), राजीव श्रीवास्तव, सैयद शायक नकवी (ऑडिटर), अर्चना दुबे, विकास कुमार, रहीम खान आदि। ये पूर्ण रूप से इस भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार पाए गए हैं। सरकार ने अभी तक इनके विरुद्ध केवल शोकॉज नोटिस देकर इतिश्री कर ली है।

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए 9वीं से कॉलेज तक के लिए विद्यार्थियों को करना होगा वन टाइम रजिस्ट्रेशन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कक्षा 9वीं से महाविद्यालयीन स्तर तक अध्ययनरत विद्यार्थी, जिन्हें केंद्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनकी निर्धारित वार्षिक पारिवारिक आय 2.50 लाख से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (NSP website https://scholarships.gov.in) पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR - One Time Registration) करना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार हृञ्जक्र नंबर प्राप्त कर लिए जाने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। जिसके लिए पृथक से पुनः वन टाइम रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं रहेगी। यह प्रक्रिया 30 जुलाई 2025 से पूर्व करना अनिवार्य है। यह कार्य समस्त स्कूल, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय और छात्रावास अधीक्षकों द्वारा कराया जाएगा एवं स्वयं विद्यार्थी भी इस कार्य को कर सकते हैं।

**मकान अर्जेंट बेचना है**
वार्ड न. 15 डॉक्टर शिवपवार के पास गौली मोहल्ला बालाघाट में स्थित लगभग 20 X 86 में निर्मित दो मंजिला मकान अर्जेंट बेचना है।
- संपर्क -
9425157268, 9407888854

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# राजस्व और खाद्य विभाग ने पेट्रोल पंपों का लिया जाएगा

## मंत्री के निर्देश के चार दिन बाद शुरू हुई जांच





बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पदमेश न्यूज़ और बालाघाट एक्सप्रेस अखबार की खबर का असर एक बार फिर देखने को मिला है। जहां खबर के प्रकाशन के बाद खाद्य और राजस्व विभाग अपनी नींद से बेदार हो गया और खबर का संज्ञान लेते हुए उन्होंने पेट्रोल पंपो पर मिलने वाले पेट्रोल डीजल की गुणवत्ता और वहां मिलने वाली सुविधाओं की जांच शुरू कर दी है। खाद्य मंत्री द्वारा दिए गए आदेश के चार दिन बाद शुरू की गई इस जांच में खाद्य व राजस्व अधिकारियों की टीम ने नगर के दो पेट्रोल पंपो पर पहुंचकर पेट्रोल और डीजल की गुणवत्ता, उनके रखरखाव, उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं में पेयजल व्यवस्था, फ्री हवा, बिलिंग,सहित फैसलिटी, सुरक्षा के उपकरण ,आगजनी को रोकने के लिए अग्नि शामक यंत्र,रेत पानी सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर बारीकी से जांच की।आपको बताएं कि खाद्य मंत्री द्वारा दिए गए इन आदेशों का जिले में पालन होता नजर नहीं आ रहा था। जिस पर एक दिन पूर्व ही हमने पदमेश न्यूज़ और बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में आदेश के बावजूद भी अब तक पेट्रोल पंपो की शुरू नहीं हुई जांच के नाम से शीर्षकलगाकर खबर का प्रकाशन किया था। जिसमें रतलाम में हुई घटना से अधिकारी नहीं ले सबक,और खाद्य मंत्री के आदेश पर भी अमल नहीं किया जा रहा है ऐसी सब हैडिंग लगाकर खबर का प्रकाशन किया गया था। जहां खबर का प्रकाशन होते ही संबंधित विभाग हरकत दो पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर पेट्रोल पंपो की जांच शुरू कर दी है। जिसकी रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही वरिष्ठ अधिकारियों को सौपने की बात कही गई है।

### कई पेट्रोल पंपों पर है सुविधाओं का अभाव

आपको बताए कि बालाघाट जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के ज्यादातर पेट्रोल पंप है।जिसमें कई पेट्रोल पंप में शौचालय और हवा भरने तक की सुविधा नहीं है, जबकि कुछ जगह है, लेकिन वह, स्पष्ट रूप से नजर नहीं आती है, कुछ पेट्रोल पंप में तो आलम यह है कि, वाहन में हवा भी, वाहन चालक ही भरते है और कई जगह, केवल हवा सेंटर ही नजर आता है लेकिन, वहां हवा नहीं भरी जाती है। यही नहीं बल्कि बोतलो में पेट्रोल, देने की मनाही के बावजूद, बोतलो में, पंप से बेधड़क पेट्रोल दिया जा रहा है।तो कई जगहों पर शुध्द पेयजल तक के इंतेजाम नही है।

### वरिष्ठ अधिकारी को सौपी जाएगी जांच रिपोर्ट- अहिरवार

पेट्रोल पंपों की शुरू की गई जांच को लेकर की गई चर्चा के दौरान जांच टीम में शामिल तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार ने बताया कि शासन के निर्देश के तहत पेट्रोल पंप की जांच शुरू की गई है। जिसमें पंपो में मिलने वाली सुविधा और पेट्रोल पंप से मिलने वाले पेट्रोलियम पदार्थ स्टॉक, टैंक, पंप में सुरक्षा उपकरणों की जांच की जा रही है। जिसका जांच प्रतिवेदन बनाकर, वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज दो पेट्रोल पंप की जांच की गई है। जिसमें बस स्टैंड के रविशंकर एंड कंपनी और शास्त्री पेट्रोल पंप की जांच की गई है।

# महिला कांग्रेस की संगठन सृजन कार्यक्रम की बैठक संपन्न

## जिले भर की ब्लॉक अध्यक्ष रही शामिल, जिले भर में महिला कार्यशाला का होंगा आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बुधवार को जिला महिला कांग्रेस की सृजन संगठन अभियान कार्यक्रम के तहत महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वाघाडे के नेतृत्व में एक बैठक विधायक कार्यालय बालाघाट में सम्पन्न हुई। महिला प्रदेश अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर बालाघाट जिले की सभी विधानसभा एवं ब्लॉक स्तरों पर महिला कार्यकर्ताओं की सदस्यता करवाने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बालाघाट जिले की सभी ब्लॉक महिला अध्यक्ष शामिल रही एवं सभी ने अपनी अपनी राय भी व्यक्त की। इस दौरान अपने उद्बोधन में महिला जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वाघाडे ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के अंदर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है, महिलाओं को समान अधिकार मिले ऐसी राहुल गाँधी और राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे की मंशा को लेकर संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे जिले में महिला कांग्रेस अपना सदस्यता अभियान चलाएगी। जिसमें ज्यादा से ज्यादा महिला कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलाने के लिए संकल्पित होकर कार्य किया जाना है।जिसके लिए आज बैठक में विशेष चर्चा की गई है। महिला संगठन को ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ना है। इसके लिए महिला कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।जिसमें महिलाएं भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में भागीदारी कर कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य करेगी।इस दौरान प्रमुख रूप से कार्यक्रम की अध्यक्ष लक्ष्मी वाघाडे, पुष्पा बिसेन, अंजू जायसवाल, नेहा सिंह, संदेश सैयाम, विनीता सोनी, विद्या परिहार, सानू राय, जुबेदा अंसारी, सुमन केवलानी, ज्योति उमरे, रुखमणी माहुले, रंजना चौहान, किरण बघेल, रेशना कुमरे,सुशीला सरोते, शीला नगपुरे अन्य महिला पदाधिकारी उपस्थित रही।



# सम्पूर्ण गाँव मे की जाए शराब बंदी,ग्राम गोदरी की महिलाओं ने सौपा ज्ञापन

## शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की करी मांग, कहा- आवेदन निवेदन पर भी नही हो रही सुनवाई



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रदेश शासन के निर्देशन पर जिले में अवैध शराब निर्माण और उसकी बिक्री रोकने के लिए रोजाना ही बड़ी संख्या में कार्यवाही की जा रही है बावजूद इसके भी पुलिस अवैध शराब निर्माण व उसकी बिक्री पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है और संपूर्ण जिले में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है।अवैध शराब की बिक्री का ताजा मामला हट्टा थाना क्षेत्र व जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोदरी से सामने आया है। जहां की महिलाओं ने नशा मुक्ति महिला समिति एंव सार्वजनिक समाज संगठन के बैनर तले ज्ञापन सौपकर गाँव मे अवैध शराब के निर्माण,व उसकी बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की है।जहा उन्होंने आम सभा मे एक प्रस्ताव पारित कर शराब निर्माण, उसकी बिक्री करने वाले, शराब पीकर उत्पाद मचाने वाले और जुआ खेलते पकड़े जाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की भी मांग की है।गांव में अवैध शराब व अन्य नशे पर रोक लगाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौपते हुए ग्रामीणों ने नशा मुक्त गांव बनाने में पुलिस सहायता दिए जाने की गुहार लगाई है।इस दौरान नशा मुक्त महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती सुन्ति पांचे, उपाध्यक्ष श्रीमती सितेश्वरी, सचिव श्रीमती गीता हरदे, कोषाध्यक्ष श्रीमती तरासन बाई सहित समिति की अन्य पदाधिकारी सदस्य व ग्रामीण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### बच्चे युवा भी खुलेआम कर रहे नशे का सेवन

उक्त मांग को लेकर बुधवार को एसपी कार्यालय में सौपे गए ज्ञापन में ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि उनके गाँव में करीब 11 से 12 घरों में अवैध शराब निर्माण और बिक्री का कार्य किया जाता है जिससे गाँव का माहौल खराब हो रहा है तहसील, चौकी , थाना, व कलेक्टर कार्यालय में अनेकों बार शिकायत कि गई है, लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही पुलिस के द्वारा नही कि गई है,जिससे परेशान होकर आज हम ज्ञापन लेकर एसपी कार्यकाल आए है।ताकि कच्ची शराब बनाने व उसकी बिक्री करने वालो के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए।

### छोटे बच्चे भी हो रहे नशे के शिकार- सुन्ति

नशा मुक्त महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती सुन्ति पांचे ने बताया कि गांव के कुछ लोग अवैध शराब की बिक्री करते हैं। जिससे गांव में छोटे-छोटे बच्चे नशे का शिकार हो रहे हैं।कई बार शिकायत करने पर भी अवैध शराब बेचने वालो पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।वहीं जिम्मेदार लोग भी अवैध शराब बनाकर बेचने वालों को संरक्षण दे रहे है।जिससे शराब का धन्धा गांव में सरेआम हो रहा है।जिससे अवैध काम मे लिप्त लोगो के हौसले बुलंद है।वही ग्रामीण युवा व बच्चे जुआ खेल रहे है।छोटे छोटे बच्चे भी नशे का शिकार हो रहे है जिसपर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर गांव को नशा मुक्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया है।

### पूरे गाँव को किया जाए नशा मुक्त-मनी बाई

ग्रामीण महिला मनी बाई पांचे ने बताया कि गांव में पूर्णत- शराबबंदी किए जाने की मांग की जा रही है।जिन्होंने गांव के कुछ लोगों पर चोरी छिपे शराब बनाने और उस शराब को अवैध तौर पर बेचने का आरोप लगाते हुए, उनकी शिकायत पर अब तक कोई कार्यवाही ना होने की बात कही है। जिन्होंने अवैध शराब बनाने और उसकी बिक्री करने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं किए जाने का आरोप लगाया है तो वही उन्होंने सम्पूर्ण गाँव में शराबबंदी और नशा मुक्ति की मांग को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की गुहार लगाई है।

### थाने में शिकायत करने पर नही होती कार्यवाही- बालवंशी

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्रामीण श्री बालवंशी ने बताया कि ग्राम में लगभग 11 से 12 लोग, अवैध रूप से शराब बिक्री का काम करते है। जिसे बंद कराने के लिए थाने में आवेदन भी दिया, लेकिन हट्टा पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके कारण आज हम, यहां एसपी कार्यालय आए है।हमारी मांग है कि गांव को नशा मुक्त गांव बनाने में प्रशासन हमारी मदद करे।

# विकास को तरस रहे बैगा आदिवासी ग्रामीण

## सड़क जैसी मूलभूत सुविधा भी नही, कई योजनाएं फिर भी आदिवासी गांवों में नही हो विकास, ग्रामीणों ने जताई आपत्ति, पक्की सड़क बनाने की करी मांग





बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। एक ओर शासन प्रशासन द्वारा प्रत्येक गांव को शहर से जोड़ने के लिए पक्की सड़को की सौगात दिए जाने और शहरो से लेकर गांवों तक सड़को का जाल बिछाने का दावा किया जाता है।तो वही जिले में अब भी ऐसे कई शहरी व ग्रामीण इलाके हैं। जहां के वाशिंदों को आज तक पक्की सड़क की सौगात नही मिल पाई है। वही जिन जगहों पर पक्की सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया था या तो उसका कार्य आधा अधूरा पड़ा है या फिर उस काम को छोड़कर ठेकेदार ने काम ही बंद कर दिया है।जिसके चलते स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ताजा मामला विकासखंड बैहर के ग्राम पंचायत गुईटोला के कटंगी का है।कहने को तो यह गांव आदिवासी बैंगा समुदाय का गांव है।लेकिन बैंगा आदिवासी गांव होने के बावजूद भी जिम्मेदारो ने गांव के विकास की ओर अब तक ध्यान नहीं दिया है। जिसमें सबसे ज्यादा समस्या स्थानीय लोगों को बारिश के समय सड़क न होने से हो रही है। जहां पक्की सड़क न होने के चलते मार्ग कीचड़ से सराबोर हो चुका है जिससे आने-जाने में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिन्होंने आवेदन निवेदन पर भी अब तक पक्की सड़क का निर्माण न होने पर अपना एतराज जताते हुए जल्द से जल्द मामले का संज्ञान लेते हुए ग्रामीणों को पक्की सड़क की सौगात दिए जाने की मांग की है।

### फाइलों में दफ़न है आदिवासियों के विकास की योजनाए

सरकार द्वारा आदिवासियों के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका क्रियान्वयन और प्रभावशीलता अब भी एक चुनौती बनी हुई है। कई आदिवासी गांव अभी भी विकास से कोसों दूर हैं, जहां योजनाओं को पहुंचने में बाधाएं आ रही है, आज़ भी लोग बिजली, पानी सड़क जैसे अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं।विकासखंड बैहर के ग्राम पंचायत गुईटोला के कटंगी में यही आलम देखा जा रहा है। जहां सड़क के आभाव में लोग किचड़ नुमा मार्ग पर चलने को मजबूर हैं, इस गांव में पूरे बैगा जनजाति के सैकड़ों लोग निवास करते हैं। विशेष जनजाति वाले इस गांव पर भी जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है ।वही उनके लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाए भी सरकारी फाइलों में दफन नजर आ रही है। शायद यही वजह है कि अब तक इन गांवों तक सड़क तक की सौगात नहीं पहुच पायी है।

### वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी होता है मुश्किल

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह कीचड़ से भर जाता है, जिससे न केवल दोपहिया व चार पहिया वाहन चलाना असंभव हो जाता है, बल्कि पैदल चलना भी जोखिम भरा हो जाता है। विशेषकर गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को अस्पताल तक ले जाना एक चुनौती बन जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, सुविधा के अभाव में कुछ मामलों में गर्भवती महिलाओं की जान तक चली गई है। इसीलिए हमारी मांग है कि इस मार्ग को बरसात के पूर्व पक्का बनाया जाए ताकि स्थानीय गांव के ग्रामीणों को उक्त मार्ग से आवागमन करने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

### सड़क के नाम पर,मिलता है सिर्फ आश्वासन

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क न होने की वजह से ग्राम की बड़ी आबादी स्वास्थ्य, शिक्षा, आवागमन, रोजगार और विकास जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। स्थानीय पंचायतों की ओर से भी कई बार प्रस्ताव भेजे गए, लेकिन वह फाइलों में दबकर रह गए।ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना या अन्य किसी योजना के तहत स्वीकृति नहीं मिल सकी है।जब भी सड़क बनाने की मांग करो तो सिर्फ और सिर्फ आश्वासन ही मिलता है।

### बरसात में कीचड़ का दलदल बन जाता है मार्ग-रमोती बाई

ग्रामीण महिला रमोती बाई ने बताया यह सड़क कई गांवों को जोड़ता है, आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। यह मार्ग गांव के स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, गर्भवती महिलाओं तथा बीमार व्यक्तियों के लिए जीवन रेखा के समान है। बावजूद इसके भी इस मार्ग को पक्का नहीं किया जा रहा है।जिसके चलते बरसात के दिनों में यह मार्ग दलदल बन जाता है। जहां से आवागमन करने में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### कई बार कर चुके है मांग, नही होती सुनवाई-सुखी राम धुर्वे

ग्रामीण सुखी राम धुर्वे ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग को बनाने की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही है। इस कच्चे मार्ग को पक्का बनाने की मांग को लेकर हम सभी कलेक्टर कार्यालय भी गए थे। लेकिन कुछ नही हुआ।हमारी मांग है कि इस सड़क निर्माण को प्राथमिकता दी जाए और तत्काल मार्ग को सुधारा जाए, ताकि ग्रामीणों को कीचड़ व उबड़ खाबड़ रास्ते से राहत मिल सके। कई बार इस सड़क को बनाने की मांग की जा चुकी है । लेकिन हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# हेमंत खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, जमकर की आतिशबाजी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। स्थानीय भाजपा कार्यालय में हेमंत खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर जश्न मनाया और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि उनकी पार्टी में इन दिनों पार्टी में संगठन पर्व चल रहे हैं । इसी के तहत हेमंत खंडेलवाल को पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व दिया है और इस दिए गए दायित्व को भाजपा कार्यकर्ता पर्व के रूप में मनाते हुए एक दूसरे को बधाई और मिठाई खिलाकर इसका जश्न मना रहे है । इसी के तहत आज पार्टी कार्यालय में सभी पार्टी पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता ने आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिला रहे हैं और बधाई दे रहे हैं । आपको बता दे की बीते कई दिनों से प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणाओं को लेकर कई अटकलें चल रही थी ,किंतु यह अटकलें बीती रात के पहले ही खत्म हो गई और पार्टी द्वारा सर्वसम्मति से पूर्व सांसद और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल को पार्टी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त कर दिया। जिसके बाद से जिले सहित प्रदेश स्तर पर भाजपा में जश्न का माहौल निर्मित हो गया और सभी एक दूसरे को सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से बधाई और शुभकामनाएं देते नजर आए। इसी क्रम में बुधवार को भी भाजपा पार्टी कार्यालय में सभी पदाधिकारी , वरिष्ठ भाजपाइयों द्वारा एक दूसरे को इस बात की बधाई देते हुए मिठाई खिलाई गई और आतिशबाजी करते हुए ढोल नगाड़े बजाए गए और जश्न मनाया गया।



# नवीन पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय का हुआ शुभारंभ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। दो जुलाई को बालाघाट शहर में नवीन पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय का विधिवत शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। पूर्व में कार्यालय पुलिस लाइन परिसर में संचालित था, जिसे अब नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित किया गया है। नवनिर्मित भवन मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा निर्मित किया गया है, जो नवीन कार्यालय मोती नगर स्थित, मोती गार्डन के सामने संचालित होगा। इस शुभ अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक मुकेश श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, हॉकफोर्स कमाडेंट शियाज के.एम., अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्श कांत शुक्ला, सहायक पुलिस महानिरीक्षक रश्मि डावर, परियोजना यंत्री जबलपुर सुधीर श्रीवास्तव, परियोजना यंत्री बालाघाट मनोज आचार्य, सहायक यंत्री पुलिस हाउसिंग बालाघाट विवेक साकरे सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कार्यालयीन कर्मचारी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



# विधायक अनुभा मुंजारे ने स्वयं के खर्च पर खस्ताहाल सड़क पर डलवाई गिट्टी की बजरी

## तेज बारिश होने पर समस्या जस की तस हो जायेगी, 600 मीटर की अधुरी सड़क का निर्माण करवाने की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय लालबर्रा के बस स्टैण्ड से गुजरे लालबर्रा से अमोली-समनापुर राज्य मार्ग का अधुरा निर्माण किया गया है। जिसके कारण सड़क का खस्ताहाल हो चुका है एवं जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढों में पानी जमा एवं कीचड़ होने से आने-जाने वाले राहगीरों व ग्रामीणों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही विगत वर्ष से इस अधुरे 600 मीटर की सड़क का निर्माण करवाने की मांग की जा रही थी लेकिन शासन-प्रशासन की उदासीनता के चलते अब तक सड़क का निर्माण कार्य नही हो पाया है। जिसके कारण इस मार्ग से आने-जाने वाले राहगीर व ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं सड़क की समस्या को लेकर कई बार पूर्व केबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक को भी अवगत करवाया गया है किन्तु सिर्फ आश्वासन ही मिला है लेकिन स्थाई समाधान नही हो पाया है। जिसके कारण यह सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी थी एवं आवागमन करने वालों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त समस्या को लेकर पूर्व में बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में समाचार प्रकाशित कर क्षेत्रीय विधायक एवं प्रशासन का ध्यानाकर्षण भी करवाया गया था। जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने लालबर्रा बस स्टैण्ड से जनपद स्कूल लालबर्रा के आगे तक 600 मीटर की अधुरी सड़क में बने गड्ढों का मरम्मत कार्य करवाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्वयं के खर्च पर बुधवार को गिट्टी की बजरी गिराया गया। जिसके बाद सड़क में बने गड्ढों में गिट्टी की चुरी (बजरी) डलवाकर मरम्मत कार्य करवाया गया है। जो एक वैकल्पिक व्यवस्था है परन्तु तेज बारिश होने पर समस्या जस की तस हो जायेगी और सड़क पुरी कीचड़ व गड्ढों में तब्दील हो सकती है। इसलिए ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने लालबर्रा से समनापुर पहुंच मार्ग के 600 मीटर की अधुरी सड़क का पक्का निर्माण कार्य जल्द करवाने की मांग की है ताकि आवागमन में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। जबकि इस मार्ग से दर्जनों ग्रामों के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन लालबर्रा मुख्यालय आते है जिन्हे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और पूर्व में दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। लेकिन प्रशासन के द्वारा इस अधुरे सड़क का निर्माण करवाने की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों व राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

### मामला - लालबर्रा से समनापुर पहुंच मार्ग के अधुरे सड़क का





### कुछ लोग निर्माण में बने थे बाधक, 8 वर्ष बाद भी नही बनी सड़क

आपकों बता दें कि लालबर्रा से समनापुर पहुंच मार्ग का मध्यप्रदेश सड़क विभाग निगम लिमिटेड द्वारा 8 वर्ष पूर्व 19 करोड़ 86 लाख 70 हजार रूपयों की लागत से लगभग 8.5 किमी. दूरी की सीसी निर्माण प्रारंभ करवाया गया था और निर्माण कंपनी के द्वारा अमोली जनपद स्कूल के आगे से लेकर समनापुर तक निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया है। लेकिन लालबर्रा बस स्टैण्ड से अमोली तक करीब 600 मीटर की सड़क को अधुरा छोड़ दिया गया है। वहीं 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नही किया गया है। जबकि इस अधुरे कार्य का निर्माण कार्य को पूरा करने की जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की थी लेकिन निर्माण कार्य के दौरान कुछ लोगों के विरोध के चलते उन्होने निर्माण कार्य को अधुरा छोड़कर चले गये। जिसके बाद से अब तक इस अधुरे निर्माण कार्य को पूरा नही किया गया है। जिसके कारण वर्तमान में उक्त सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है एवं कुछ स्थानों पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे भी बन गये थे। जबकि उक्त मार्ग से रोजाना बड़े-छोटे सभी वाहनों का आवाजाही होता है एवं मार्ग सकरी होने के कारण बार-बार जाम भी लगता है। ऐसी स्थिति में दर्जनों ग्रामों से नगर मुख्यालय आने वाले ग्रामीण, राहगीर एवं स्कूली ब%चों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है और सबसे अधिक परेशानी स्कूल के छात्र-छात्राओं को हो रही थी क्योंकि गड्ढों में पानी जमा होने एवं मार्ग में कीचड़ होने से उनकी साइकिल के पार्टस खराब होने के साथ ही यूनिफार्म भी गंदे हो जा रहे है। साथ ही गड्ढों में पानी जमा होने से दुर से गड्ढे दिखाई नही देने से दुर्घटनाएं भी घटित हो रही थी और हर समय बड़ी दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई थी। उक्त समस्या को लेकर पूर्व में अखबार में समाचार प्रकाशित कर जिम्मेदारों का ध्यानाकर्षण करवाया गया था। जिसके बाद बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने स्वयं के खर्च पर डम्फरों से गिट्टी की चुरी (बजरी) गिरवाकर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मरम्मत कार्य करवाई है, लेकिन यह स्थाई समाधान नही है। वहीं विधायक वर्तमान में भोपाल में है जो 5 जुलाई को लालबर्रा पहुंचकर विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर सड़क निर्माण करवाने की कार्ययोजना तैयार करने की बात कही जा रही है। सड़क में बने गड्ढों में गिट्टी की चुरी डलवाकर मरम्मत कार्य करवाने से आवागमन में सुविधा होगी।

### विधायक महोदया के निजी व्यय से किया जा रहा है मरम्मत कार्य - अनीस

विधायक प्रतिनिधि, पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि लालबर्रा से समनापुर पहुंच मार्ग के बस स्टैंड से अमोली तक 600 मीटर की सड़क खराब हो चुकी है जिससे आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को संज्ञान में लेकर विधायक महोदया के द्वारा जनहित में गिट्टी बजरी डलवाकर मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है जिससे लोगों का आवागमन में सुविधा हो सके और यह कार्य विधायक महोदया के द्वारा स्वयं की निजी राशि से करवाया जा रहा है। श्री खान ने बताया कि 5 जुलाई को विधायक श्रीमती मुंजारे जी लालबर्रा पहुंचकर सड़क विभाग के संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर फटकार लगायेगी कि जल्द से जल्द अधुरे सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण करें। साथ ही यह भी बताया कि सड़क निर्माण के दौरान पूर्व में कुछ लोगों के द्वारा आपत्ति लगाकर निर्माण कार्य को अवरोध किया गया था, जिसके कारण अब तक सड़क का निर्माण कार्य अधुरा है एवं सड़क का खस्ताहाल हो चुका है। जो पुरी तरह से पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन जी जिम्मेदार है क्योंकि उन्हीं के लोगों के द्वारा निर्माण कार्य को पूर्ण होने से रोका गया था। श्री खान ने बताया कि पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन जी के द्वारा चार बार इस मार्ग का भूमिपूजन किया गया है, लेकिन निर्माण कार्य अब तक नही हो पाया है परन्तु निश्चित रूप से विधायक महोदया के प्रयास से इस मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा।



## केवाटोला (कंजई) में दो दिवसीय हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 4 से

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 11 किमी. दूर ग्राम पंचायत कंजई व धारावासी के अंतर्गत आने वाली ग्राम केवाटोला में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में 4 जुलाई से दो दिवसीय हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है। चर्चा में हनुमान मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि जनसहयोग से केवाटोला में नये हनुमान मंदिर का निर्माण किया गया है और निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही यह भी बताया कि मंदिर समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके तहत 7 जुलाई को प्रात: 8.30 बजे शोभायात्रा निकाली जायेगी, जिसके बाद दोपहर 1.30 बजे पूजन-अभिषेक कार्यक्रम संपन्न होगा एवं 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न करवाया जायेगा। जिसके बाद शाम में महाप्रसादी का वितरण कर दो दिवसीय हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील हनुमान मंदिर समिति केवाटोला के पदाधिकारियों ने की है।



## पनबिहरी भीमाशंकर मंदिर से उज्जैन, खाटूश्याम एवं केदारनाथ के लिए निकली पदयात्रा

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी में स्थित भीमाशंकर मंदिर से 1 जुलाई को उज्जैन, खाटूश्याम एवं केदारनाथ के लिए पदयात्रा रवाना हुई है। जो पैदल चलकर इन धार्मिक स्थलों में पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करेंगें। आपको बता दें कि धर्म के प्रति सभी के मन में आस्था होती है और भगवान की भक्ति हर व्यक्ति अलग अलग तरीके से करता है। वहीं कुछ लोग दृढ़ संकल्प लेकर कुछ अलग करते है जिससे भगवान को प्रसन्न कर सके। इसी तरह बड़ी पनबिहरी निवासी अक्षय गोमेश्वर, अफसर यादव व यशवंत यादव के द्वारा उ'जैन, खाटू श्याम व केदारनाथ बाबा के दरबार में पैदल यात्रा करके पहुंचने का संकल्प लिया गया है। जो 1 जुलाई को बड़ी पनबिहरी स्थित भीमाशंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के पश्चात भगवान का आशीर्वाद लेकर ये तीनों युवा उज्जैन, खाटू श्याम व केदारनाथ बाबा के दरबार में दर्शन के लिए रवाना हुए है। जिनके द्वारा अपने साथ दैनिक जीवन की सामग्री, भोजन की व्यवस्था सहित अन्य जरूरी सामान रखकर यह यात्रा प्रारंभ की गई है। इन युवाओं को स्थानीयजनों, स्नेहीजनों, परिजनों व सहयोगी मित्रगणों के द्वारा मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं देकर विदाई दी गई है।

## हेमंत खंडेलवाल के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर भाजपाईयों ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाईयां





लालबर्रा (पदमेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के हद्य स्थल बस स्टैंड में 2 जुलाई की शाम 6 बजे भारतीय जनता पार्टी लालबर्रा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा बैतुल के विधायक, पार्टी के वरिष्ठ नेता हेमंत खंडेलवाल के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर खुशी जाहिर करते हुए आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटकर एक-दुसरे को शुभकामनाएं दी गई। साथ ही यह भी कहा कि बैतुल विधायक, पार्टी के वरिष्ठ नेता हेमंत खंडेलवाल के प्रदेशाध्यक्ष बनने से पार्टी नई ऊंचाईयों में पहुंचेगी और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार होगा। आपकों बता दें कि मध्य प्रदेश में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का ऐलान होने की प्रक्रिया लंबे समय से चल रही थी और इस बार एमपी भाजपा की कमान हेमंत खंडेलवाल को दी गई है। इसकी औपचारिक घोषणा मंगलवार को देर रात में बीजेपी आलाकमान के द्वारा कर दी गई थी। साथ ही श्री खंडेलवाल निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये हैं, जो दो बार के विधायक रहे है एवं श्री खंडेलवाल ने भाजपा में कई जिम्मेदारियों को निभा चुके हैं। साथ ही वे बैतूल के भाजपा जिला अध्यक्ष भी रहे हैं, इसके अलावा पूर्व में भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष भी रहे चुके है एवं वर्तमान समय की बात करें तो वे कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं, साथ ही बैतुल के विधायक भी है। जिनके भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने से पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। चर्चा में जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में लोकतंत्र पर्व के तहत आज प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हुआ और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष वी. डी शर्मा जी द्वारा संगठन को नई ऊर्जा देने का काम किया गया है, आज हम सभी के लिए खुशी का दिन है म.प्र. भाजपा के नवीन प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को बनाया गया है जिससे कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। श्री पालीवाल ने बताया कि श्री खंडेलवाल वर्तमान में बैतुल के विधायक है और पूर्व में भी उन्हें संगठन का बहुत बड़ा अनुभव उनको रहा है। उसी के फल स्वरूप आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिली है। जिससे भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में संगठनात्मक नई ऊर्जा का संचार होगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया ने बताया कि आज बेहद ही स्वर्णिम दिन है और हमें नवीन प्रदेश अध्यक्ष के रूप में हेमंत खंडेलवाल जी मिले है, मैं लालबर्रा मंडल के सभी कार्यकर्ताओ की ओर से हार्दिक बधाइयां प्रेषित करता हूं। साथ ही यह भी बताया कि आज से हमें पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष के रूप में मुखिया मिले है। जिनके नेतृत्व में भाजपा पूरी जोश और उत्साह के साथ काम करेगी, आज एक-एक कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इसी कड़ी में पार्टी के द्वारा बस स्टैण्ड में आतिशबाजी व मिठाईयां बांटकर बधाईयां प्रेषित की गई है। इस अवसर पर भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया, जनपद उपाध्यक्ष प्रसन्न अवधिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र अवधिया, मंडल उपाध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास, रूपचंद माने, राजेश दुबे, कोषाध्यक्ष वेदसिंह ठाकुर, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अय्यूब भारती, मुस्ताक खान, कमलेश तिवारी, कपिल अवधिया, गुलशन नागेश्वर, संजू अवधिया, कुवरसिंह बिसेन, धनसिंह वाडिवा सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वन अमले को देख चालक ने सागौन से भरी पिकअप वाहन दौड़ाई, अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी

### पिकअप छोड़ चार तस्कर जंगल में भागे, वन विभाग ने पिकअप वाहन एवं सागौन के 8 लट्ठे किये बरामद

### वन विकास निगम परियोजना लालबर्रा ने की कार्यवाही





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। सिवनी से लालबर्रा की ओर अवैध रूप से पीकअप वाहन में सागौन के लट्ठे भरकर आ रही थी तभी वन अमले को देखकर पिकअप वाहन चालक ने पिकअप वाहन को तेज गति से दौड़ाई तो कंजई घाटी बंजारी के समीप सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गई। वहीं पीकअप चालक सहित चार तस्कर वन अमले को देख जंगल के अंदर भागने में कामयाब हो गये। जिसके बाद वन विकास निगम लामता परियोजना मंडल बालाघाट अंतर्गत वन परियोजना परिक्षेत्र लालबर्रा के वन अमले ने आठ नग सागौन के लट्ठे के साथ ही पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है और बरामद किये गये 8 नग सागौन के लठ्ठों की कीमत 1 लाख 24 हजार 801 रूपये आंकी गई है जिन्हे कनकी डीपों में रखा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विकास निगम परियोजना लालबर्रा के रेंजर विजय कुमरे वन अमले के साथ मंगलवार को सुबह के समय जिला लाईन की ओर गस्त करने गये थे। तभी उन्हे मुखबिर से सूचना मिली थी कि बरघाट जिला सिवनी की ओर से एक पिकअप वाहन में सागौन की लकड़ी तस्करी होने वाली है। जिसके बाद संभागीय प्रबंधक डेविड चनाप के निर्देशन एवं परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी विजय कुमरे के मार्गदर्शन में एक टीम गठित की गई। वन विकास निगम लिमिटेड लामता परियोजना परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत आने वाली बीट कंजई में वन सुरक्षा समिति भांडामुर्री, बिगारीबर्रा के वाहन से गस्ती दल द्वारा गस्ती के दौरान मंगलवार की सुबह के समय उन्होने देखा कि एक सफेद पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 40 एन 2371 जो बहुत तेज गति से बरघाट सिवनी से लालबर्रा की ओर आ रहा था। तभी कंजई घाटी बंजारी के समीप वन विभाग के गस्ती दल के अमले के द्वारा उन्हे रोकने की कोशिश की गई लेकिन वे नही रूके। जिसके बाद वन विभाग के द्वारा पीछा किया गया जिन्हे देखकर पिकअप वाहन चालक तेज गति से वाहन को दौड़ाने लगा तभी सागौन के लट्ठे से भरा पिकअप वाहन सड़क की मोड़ाई बीट क्रमांक 403 टीपी 2005 सड़क किनारे अनियंत्रित होकर रोड़ किनारे पलट गई। वहीं पिकअप वाहन में सवार चालक सहित अन्य 4 लोग जंगल की ओर भाग गये। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी पिकअप वाहन के समीप पहुंचे तो उन्होने पाया कि अवैध रूप से सागौन के परिवहन किये जा रहे 8 नग सागौन के लट्ठे पाये। जिसके बाद वन विभाग लालबर्रा के रेंजर विजय कुमरे के द्वारा अपने उ'चाधिकारियों को मामले की जानकारी देकर जब्ती की कार्यवाही की गई। वहीं वन विभाग द्वारा जब्त किये गये सागौन के लठ्ठों की सीएमटी 1.445 घन मीटर है जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 24 हजार 801 रूपये आंकी गई है। वहीं अवैध रूप से सागौन के लठ्ठों का परिवहन करने वाले अज्ञात पिकअप वाहन चालक सहित अन्य लोगों के खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबध्द कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही जप्त पिकअप वाहन एवं सागौन के लट्ठे को कनकी डिपों में भेज दिया गया है।

### पिकअप वाहन छोड़कर 4 लोग हो गये फरार - विजय

दूरभाष पर चर्चा में वन परियोजना लालबर्रा परिक्षेत्र अधिकारी विजय कुमरे ने बताया कि कंजई जंगल क्षेत्र का मंगलवार की सुबह गस्त कर रहे थे तभी सूचना मिली कि बरघाट सिवनी की ओर से पिकअप वाहन में अवैध रूप से सागौन के लट्ठे भरकर लालबर्रा की ओर कुछ लोग जा रहे। जिसके बाद हम लोगों के द्वारा गस्ती बढ़ा दी गई और वन अमले को देखकर पिकअप वाहन चालक तेज गति से वाहन चलाते हुए भागने का प्रयास कर रहा था, तभी वह अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके बाद चालक सहित अन्य 4 लोग जंगल की ओर भागने में सफल हो गये। श्री कुमरे ने बताया कि 8 नग सागौन के लट्ठे व पिकअप वाहन बरामद किया गया और इस मामले में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1979 की धारा 5 (1) (ग), धारा 15, 16 मध्यप्रदेश अभिवहन वनोपज नियम 2000 की धारा 41 के तहत कार्यवाही की गई है एवं सागौन के लठ्ठों व पिकअप वाहन को कनकी डिपों में पहुंचा दिया गया है।

### इनका रहा सराहनीय योगदान

इस कार्यवाही के दौरान परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी लालबर्रा विजय कुमरे, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी धनसिंह उईके, वनरक्षक कैलाश धुर्वे, अजय पवार, अशोक कुर्वे, वनकर्मी यादोराय यादव, अनिल बगारे, सुखदेव साकोने, शैलेश लिल्हारे, इंद्रजीत उईके, सुनील टेकाम, देवकरण इंडपांचे का सराहनीय योगदान रहा।

# सिकंद्रा नहर की हालत खस्ताहाल सिंचाई विभाग मौन

## गंदगी से बचबचा रही नहर किसान आक्रोशित





**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर के वार्ड नंबर ३ से निकलने वाली सिकंद्रा नहर की स्थिति खस्ताहाल हो गई है। जिसमें जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं तो वहीं अंदर साफ सफाई नही होने से गंदगी की भरमार पड़ी हुई है। जहां पर्याप्त रूप से पानी ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है जिसको लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है कि वह अब खरीफ की फसल में किस प्रकार से पानी लेकर आए। इसमें उन्हें फसल की क्षति होने का भी डर लगा हुआ है इस परिस्थिति में वह काफी नाराज और परेशान नजर आ रहे हैं। जिसकी शिकायत उनके द्वारा सिंचाई विभाग से की जा रही है परंतु विभाग के द्वारा उक्त समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जिससे स्थिति यथावत बनी हुई है लोग अपने खेतों में रोपा लगाने के लिए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। ताकि खेतों में कीचड़ होते ही वह आगे का खेती कार्य प्रारंभ करें।**

### नहर की साफ सफाई कर खेतों तक पानी पहुंचाने किसान कर रहे मांग

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मध्य से गुजरने वाली ढूटी नहर से एक कैनाल नहर के रूप में पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने वार्ड नंबर ३ से सिकंद्रा के लिए निकलती है। जो वार्ड नंबर २ और १ होते हुए सिकंद्रा के पटेल टोला होते हुए ग्रामीण क्षेत्र के लिए जाती है। जिसके माध्यम से नहर का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचता है। इसी के आधार पर करीब १००० एकड़ से अधिक भूमि की सिंचाई की जाती है यह भूमि वह किसानो की है जिनका जीवन मूल रूप से खेती पर आधारित है। जिनके द्वारा बारिश प्रारंभ होते ही खेती कार्य प्रारंभ कर दिया गया है किंतु पौधे लगाने के लिए पानी की राह देखी जा रही है। ऐसे में वह उक्त नहर से सिंचाई का पानी प्राप्त करना चाहते हैं परंतु वर्तमान में नहर की स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो गई है। जिसमें जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं कई स्थानों से नहर टूट गई है तो वहीं नहर का वह स्थान जो नगर के वार्डो से गुजरता है। उसमें अत्यधिक मात्रा में लोगों के द्वारा पॉलिथीन सहित अन्य प्रकार का कचरा डाला गया है जिसकी साफ सफाई नही होने से पूरी नहर में झाड़ियां हो गई है। बहुत ज्यादा संख्या में गंदगी है जिस कारण से पानी आधे रास्ते भी नहीं आ पा रहा है। इसके लिए रबी की फसल के समय भी प्रयास किया गया था। परंतु पानी ग्राम तक नहीं आ पाया हालांकि रबि सीजन में तो कम किसान फसल लगते हैं परंतु खरीफ में हर किसान के द्वारा फसल लगाई जाती है। अभी खरीफ का सीजन चालू हो गया है किंतु नहर की सफाई नहीं की गई है और ना ही कोई मरम्मत हुई है जिससे किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। जिनके अंदर शासन प्रशासन और सिंचाई विभाग के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। क्योंकि बीते करीब ६ माह से लगातार किसानों के द्वारा सिंचाई विभाग से नहर की साफ सफाई करने और पानी को सिंचाई के लिए खेतों तक पहुंचाने की मांग की जा रही है। परंतु वर्तमान तक विभाग और कोई जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया है जिससे हर कोई परेशान है।

### नहर की स्थिति बहुत दयनीय है २ वर्षो से किसानों को नहर का पानी नही मिल रहा-सुभाष पारधी



कृषक सुभाष पारधी ने बताया कि नहर की स्थिति हमारे यहां काफी दयनीय है २ वर्ष से नहर का पानी हमारे खेतों तक नहीं आ रहा है। हमने इसकी शिकायत एसडीओ और अमीन से चर्चा भी किया तो उनका कहना है कि हमारे पास राशि नहीं है ५००० रूपये तक का हम काम करा सकते हैं। गर्मी में हमें तालाब भरना था तो नहर का पानी नहीं आ पाया दो.तीन बार हम मजदूर लेकर गए और सुधार कार्य भी किया तो भी पानी नहीं आया। यदि पानी नहीं आएगा तो फसल कैसे हम लगाएंगे नहर से हमें पानी चाहिए जिसके लिए विभाग को पहले नहर की मरम्मत करनी चाहिए तभी कोई व्यवस्था बनेगी। कई जगह नहर फूट गई है शहर में जितनी नहर पड़ती है वहां कचरा डाल दिया गया है हम यही चाहते हैं कि इसकी सफाई हो सुधार हो और सिंचाई विभाग गंभीरता से ध्यान दें।

### किसानों के हित में सिंचाई विभाग को नहर का कार्य करवाना चाहियें-कन्हैया खैरवार



सरपंच कन्हैया खैरवार ने बताया कि पंचायत से दो.तीन बार शिकायत किए थे परंतु कुछ हुआ नहीं गर्मी में वाटर लेवल बनाने के लिए भी हमने मेहनत किया पर पानी आया नहीं उल्टा हमारा ५ हजार रूपये खर्च हुआ। कैनाल नंबर दो सिकंद्रा में पानी जब मुख्य नहर से छोड़ेंगे तो उसमें बहुत ज्यादा गड्ढे हैं और यह किनारे नहीं बीच में भी है जिससे पानी आमा तालाब में चला जाता है। किसानों को नहीं मिलता एक पानी के लिए फसल मार खा जाती है कई बार पंचायत में जो वाटर कोष के लिए राशि आती थी मनरेगा में तो उससे हम सफाई कार्य करवा देते थे परंतु अब वह भी नहीं आती। ग्रामीण जाते हैं तो सिंचाई विभाग वाले उन्हें सरपंच सफाई करेगी कहते है। हमें सिंचाई विभाग रुपये और एस्टीमेट दे दे तो हम काम करवा देंगे यह कार्य उनका है उन्हें गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

### सिंचाई विभाग झूठ का सहारा लेकर जनता को गुमराह कर रहा है-राजकुमार सोनी



राजकुमार सोनी ने बताया कि यह नहर नगर से सिकंद्रा थानेगांव के लिए आता है। इसके माध्यम से १२०० एकड़ भूमि की सिंचाई की जाती है यह भूमि वाले ऐसे किसान है जिनका मूल काम खेती है। हमारे यहां रबी की फसल बहुत कम लोग लगाते हैं परंतु खरीफ की फसल सभी किसान लगते हैं। जिसके लिए हर किसान के द्वारा खेतों में कार्य करना प्रारंभ कर दिया गया है इस बीच हमें नहर का पानी चाहिए होता है। वह जब नहीं आता है तो दिक्कत होती है क्योंकि जो नहर है वह टूट फुट हो गई है विभाग में शिकायत करते हैं तो वह सरपंच के पास जाने कहते हैं। जब हमें सफाई सरपंच से करवाना है तो सिंचाई विभाग किस बात के रुपये हमसे लेते हैं । उसके लिए भी उन्हें नहीं आना चाहिए पंचायत वसूली कर लेगा। इस प्रकार सिंचाई विभाग के द्वारा झूठ का सहारा लेकर जनता को गुमराह करने का कार्य किया जा रहा है जो बहुत गलत है उन्हें अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

### इनका कहना हैं

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि यह नहर के निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही नहर को बनाया जाएगा। वर्तमान में किसानो की समस्या को देखते हुए जेसीबी एवं मजदूर के माध्यम से सफाई कार्य करवा दिया जाएगा।

**कोमल गजभिये**
**प्रभारी एसडीओ सिंचाई विभाग**
**वारासिवनी**

# नगर पालिका के कर्मचारियों को बरसाती का किया वितरण

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका परिसर में २ जुलाई को जमीनी अमले में कार्यरत कर्मचारियों को बारिश से बचने के लिए बरसाती का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे ,पार्षद संदीप मिश्रा ,मोनू लिमजे ,मनोज दादरे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश उके सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले सफाई कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जल प्रदाय के कर्मचारी सहित अन्य कर्मचारियों को बरसाती का वितरण किया गया। जिसमें महिला और पुरुष दोनों को अलग अलग बरसाती दी गई। पद्मेश चर्चा में नपा अध्यक्ष सरिता दांदरे ने बताया कि बारिश का मौसम प्रारंभ हो गया है बीते कुछ दिनों से बारिश का मौसम लगातार बना हुआ है। बारिश के बीच में कर्मचारी काम कर रहे थे जिन्हें बचाव करने के लिए बरसाती का वितरण किया गया है। कर्मचारी बारिश में गीले नहीं होंगे तो बीमार होने का खतरा कम रहेगा और वह लगातार काम कर पाएंगे यही उद्देश्य से बरसाती वितरण की गई है। वहीं संदीप मिश्रा ने बताया नपा परिषद में विषय आया था बारिश के दौरान कर्मचारियों को बरसाती देने का जिस पर निर्णय लेकर करीब एक सैकड़ा कर्मचारियों को बरसाती दी गई है। इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।




# सरंडी से कटंगी मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क की हालत खस्ताहाल

## मार्ग से चलने पर आये दिन रहो रही दुर्घटनायें




**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सरंडी से कटंगी मुख्य मार्ग पहुंचने वाले मार्ग की हालत खस्ताहाल हो गई है। यह मार्ग पूरा कीचड़ से सराबोर हो गया है जहां पर राहगीरो को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग सीधे लालबर्रा क्षेत्र की ओर पहुंचने का सरल मार्ग है जहां से लोगों का आवागमन लगा हुआ है। इस दौरान लोग दुर्घटनाग्रस्त भी हो रहे हैं इसके निर्माण की मांग राहगीर एवं ग्रामीणों के द्वारा लंबे समय से की जा रही है। किंतु मार्ग वर्तमान तक यथावत स्थिति में पड़ा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वारासिवनी कटंगी मुख्य मार्ग से दो मार्ग ग्राम सरंडी के लिए आते हैं। जिसमें एक मार्ग ठीक है परंतु दूसरा मार्ग बहुत ज्यादा खराब है जहां से कटंगी क्षेत्र के लोग लालबर्रा क्षेत्र के लिए आवागमन करते हैं। तो वहीं उक्त मार्ग पर ग्राम के किसानों की खेती भूमि स्थित है जहां किसानी कार्य भी चल रहा है। ऐसे में मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं तो वहीं पुलिया क्षतिग्रस्त स्थिति में पड़ा हुआ है। जहां से लोग सीधा नेवरगांव कम दुरी में पहुंच जाते हैं जिसके लिए यह मार्ग से आवागमन बना रहता है। उक्त मार्ग पर दिन के समय लोग आसानी से आना.जाना कर लेते है। परंतु रात्रि के समय पूरे मार्ग पर अंधकार होने से दुर्घटनाएं घटित होते रहती है। तो वहीं खेती किसानी के लिए जा रहे बैलगाड़ी को भी दिक्कत होती है।**

### पुलियां भी क्षतिग्रस्त हो गया है मार्ग में बहुत ज्यादा गड्ढे है-रवि गौतम



ग्रामीण रवि गौतम ने बताया कि यह मार्ग सरंडी से कटंगी मुख्य मार्ग के लिए निकलता है । इस पर ग्रामीणों की करीब ३०० एकड़ भूमि स्थित है इसमें समस्या यह है की बरसात में आवागमन की काफी समस्या हो जाती है। यहां से सीधा बालाघाट कटंगी रोड़ के लिए बाईपास होने से लोग आना जाना करते हैं । इसमें कोपे से नेवरगांव सरंडी होते हुए कटंगी रोड़ पर लोग निकलते हैं गर्मी में बहुत ज्यादा यातायात रहता है। इस मार्ग के निर्माण के लिए शासन प्रशासन से लंबे समय से मांग की जा रही है । परंतु उनके द्वारा रोड़ नहीं बनाई जा रही है यहां पर पुलियां भी क्षतिग्रस्त हो गया है मार्ग में बहुत ज्यादा गड्ढे है। पानी भरा हुआ है लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं हम यही चाहते हैं कि किसी भी मद से इस मार्ग का पक्का निर्माण करवाया जायें।

### मार्ग बहुत खराब है पूरा कीचड़ हो गया है-चंपालाल पटले



राहगीर चंपालाल पटले ने बताया कि मैं कटंगी मानेगांव रहने वाला हूं इस मार्ग से हम नेवरगांव के लिए आना जाना करते हैं। क्योंकि समीप का मार्ग पड़ता है वारासिवनी होते हुए लंबा फेरा हो जाता है कटंगी मार्ग से सीधा सरंडी होते हुए नेवरगांव के लिए हम यहां निकलते हैं लालबर्ता रोड़ को टच होते हैं। इसकी दूरी ५ किलोमीटर है और यहां से वारासिवनी ५ किलोमीटर है ऐसे में ५ किलोमीटर घूमते हुए फेरा पड़ता है। यह मार्ग बहुत खराब है पूरा कीचड़ हो गया है कपड़े खराब हो रहे हैं इस मार्ग का सुधार होना चाहिए। गर्मी में भी यहां पर गड्ढे रहते हैं परंतु अभी कीचड़ के कारण बहुत ज्यादा बर्बाद हो गया है।

# नगर में निकाली जायेगी जगन्नाथ रथ यात्रा ५ जुलाई को



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर में श्रीराम लाल सेवा समिति के तत्वाधान में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव जगन्नाथपुरी के पावन अवसर पर नगर में प्रथम बार आयोजित किया है। जिसमें ५ जुलाई की शाम ४ बजे से श्री कृष्ण मंदिर जैन मोहल्ले से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। जो नगर के विभिन्न चौक चौराहा का भ्रमण करते हुए श्री राम मंदिर पहुंचेगी। जहां श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का समापन किया जाएगा तत्पश्चात भात प्रसादी का वितरण होना है। उक्त संबंध में आयोजन समिति ने बताया कि जगन्नाथ पुरी में निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के पावन अवसर पर नगर में पहली बार यह आयोजन किया गया है। जिसमें महाप्रभु की रथ यात्रा को भव्य रूप से मनाने के लिए तैयारी कर ली गई है। इस पवित्र कार्यक्रम में सभी भक्त जगन्नाथ प्रभु का रथ खींचेंगे जिसमें भगवान जगन्नाथ बलभद्र माता सुभद्रा स्थापित होंगे। उक्त कार्यक्रम में आयोजन समिति के द्वारा अधिकाधिक संख्या में नगर सहित क्षेत्र के लोगों से उपस्थित होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# हेमंत खंडेलवाल के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर की आतिशबाजी

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बनने पर आतिशबाजी और मिठाई बाट कर खुशियाँ मनाई गई । जिसमें भाजपाईयों के द्वारा भाजपा कार्यालय में एकत्रित हुए जहाँ संगठन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाकर नारेबाजी की गई । इस अवसर पर संदीप मिश्रा, सुनील पिपरेवार , कन्हैयालाल खैरवार, युवराज चौहान ,रत्नेश मिश्रा, मयंक मिश्रा, मिथिलेश बुरड़े ,मोनू लिमजे ,मनोज दादरें ,सुभाष पारधी, राजू गोयल, पवन धुर्वे ,नूतन बाहेश्वर, विनोद मिश्रा ,हरिओम दुबे ,आकाश चौबे ,अवतार धुर्वे ,प्रीतम डहरवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# देव संस्कृति का धरोहर रामशिला पहाड़

विश्व की प्राचीन धरातल और विंध्य पर्वत माला का कीकट प्रदेश की राजधानी और बुध नंदन राजा गय द्वारा स्थापित गया का राम शिला भारतीय संस्कृति का धरोहर है। असुर संस्कृति के पोषक गयासुर ने गया के चतुर्दिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।यहां पितरों का निवास,ब्रह्माजी ,भगवान विष्णु तथा भगवान शिव का प्रिय स्थल है।गया कि सभी पहाड़ियां विभिन्न देव को समर्पित है। ब्रह्मा जी को ब्रह्मयोनि पर्वत पर प्रकृति और पुरुष का समन्वय , तथा ब्रह्मयोनि की उच्च श्रृंखला पर ब्रह्मा जी की मूर्तियां , फल्गु नदी के किनारे विष्णु पर्वत पर भगवान विष्णु का चरण , यमराज और धर्मराज को समर्पित प्रेतशीला ,,भगवान शिव को समर्पित शिवशिला, माता मंगला गौरी को समर्पित भष्मगिरि पर्वत , किरातों को समर्पित कटारी पहाड़ और भगवान राम को समर्पित राम शिला है। पर्वतों से घिरा और गुप्त गंगा ( फल्गु नदी ) के तट पर गया है। त्रेतायुग में भगवान राम अपने पूर्वजों को मुक्ति और मोक्ष दिलाने हेतु परिवार सहित गया आने पर निवास किए थे वह स्थल राम गया या राम शिला के नाम से ख्याति मिला है।यहां जल कुंड का निर्माण कराया जिसे रामसरोवर के नाम विख्यात है। रामशिला की श्रृंखला पर भगवान राम द्वारा शिवलिंग की स्थापना और राम कुंड का निर्माण कराया गया। रामशिला पहाड़ के तलहट्टी में दुर्लभ स्फटिक शिवलिंगस्थापित है।रामशिला पहाड़ के ऊपर 20 सीढ़ी चढ़ने पर श्रीराम मंदिर है। यहाँ पर श्री जगमोहन के चरण-चिन्ह बना बना है। मंदिर के दक्षिण में बरामदे में दो-तीन प्राचीन मूर्तियां है। रामशिला पहाड़ के तलहट्टी स्थापित मंदिर में, जहां देश का तीसरा स्फटिक शिवलिंग विराजमान है। पहला स्फटिक शिवलिंग रामेश्वरम में, दूसरा जम्मू के रघुनाथ मंदिर और तीसरा रामशिला स्थित स्फटिक शिवलिंग मंदिर में है। मंदिर में करीब एक फीट ऊंचे और इतना ही वृत्ताकार शिवलिंग जो काफी दुर्लभ है। स्फटिक शिवलिंग के अंदर नाग की आकृति अभी तक रहस्य और विस्मयकारी बनी हुई है। स्फटिक रेत एवं ग्रेनाइट का मुख्य घटक है। पृथ्वी के धरातल पर क्वार्ट्ज दूसरा सर्वाधिक पाया जाने वाला खनिज है। रामशिला पहाड़ी में बने मंदिर में भगवान श्री गणेश जी के मूंगा की पांच फीट उंचा भव्य प्रतिमा है। यह बहुत ही दुर्लभ मूर्ति है और भारत वर्ष में बहुत ही कम देखने को मिलता है और बहुत ही कीमती है। त्रेता युग मे भगवान राम अपने पिता दशरथ जी की मृत्यु के बाद भगवान राम ने फल्गु तट पर पिण्डदान किया और उसके बाद यहाँ आ कर रामशिला पहाड़ के ठीक सामने सड़क के पार रामकुंड में भगवान राम ने स्नान कर रामशिला वेदी पर पिता राजा दशरथ को पिंड दिया था। त्रेतायुग में भगवान् राम रामशिला पहाड़ के श्रृंखला पर ऋणमोचन-पापमोचन शिवलिंग की स्थापना की। शैव धर्म स्थल के रूप में माना जाता है। पिंडदानी लोग अपने पूर्वज के पिंड दान करते है। भगवान राम ने लक्ष्मण और सीता के साथ गया धाम के उत्तरी सिरे पर अवस्थित पर्वत के शिखर पर विश्राम किया था। शिखर पर उन्होंने रामेश्वर या पातालेश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना और पूजन किया। यहां पिंडदान करने से पूर्वज सीधे स्वर्गलोक जाते हैं। रामकुंड में पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष मिलता है। रामशिला पहाड़ के उपर उसके आस पास बहुत पुराने कई मूर्ति स्थापित है और उसमें कुछ नए भी है। यह सन 1041 में मुख्यत: बना है। रामशिला पहाड़ पर पातालेश्वर महादेव मंदिर से गया शहर का सुन्दर एवं मनोरम दृश्य दिखाई पड़ता है। रामशिला एक प्रसिद्ध धर्म तीर्थ है। रामशिला पहाड़ की ऊंचाई 715 फीट है। पहाड़ पर बने पातालेश्वर शिव और राम लक्ष्मण मंदिर दर्शनीय है। साथ ही वासुकीनाथ भी अपने अलौकिक रूप में नजर आते है। यहां पूजा-अर्चना करने से काल सर्प और असामयिक मृत्यु का भय दूर हो जाता है।। शिव मंदिर का निर्माण टिकारी राज अम्बिका शरण सिंह द्वारा टिकारी राज के कोर्ट ऑफ वर्ड्स के समय, गया शहर के पहसी में प्रवास के दौरान, सन 1886 ई. में कराया था। उन्होंने रामशिला पहाड़ पर पातालेश्वर महादेव मंदिर जाने के लिए सीढियों का पुनर्द्धार किया गया था। रामशिला में अवस्थित शिवलिंग शीतलता का प्रतीक है।

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी मंज पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी।

महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमश: 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी।

हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है। इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा 'एकता में अनेकता' के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा। किसी भी राज्य में भाषा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर दूसरी भाषाओं को अपमानित करना न तो संवैधानिक है और न ही नैतिक। भाषायी सह-अस्तित्व के लिये महाराष्ट्र में मराठी को सर्वोच्च स्थान मिले, लेकिन हिंदी भाषा को भी सम्मान मिले, यह संतुलन ही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है। स्कूलों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी- तीनों भाषाओं को समुचित महत्व देकर बच्चों में बहुभाषिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल भाजपा एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।

**- ललित गर्ग**

# हेमंत खंडेलवाल की मप्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी के मायने

मध्यप्रदेश की राजनीति में हाल के वर्षों में नए नेतृत्व के रुप में डॉ. मोहन यादव का उभार को एक बड़ी राजनीतिक घटना के तौर पर देखा गया है। बेहद कम समय में अपनी लगन, मेहनत, समाजसेवा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नजदीकी के दम पर देश की राजनीति में खुद को एक मंझे हुए खिलाडी के तौर पर स्थापित कर लिया है। डॉ. मोहन यादव का मुख्यमंत्री बनना भाजपा की एक रणनीति का हिस्सा था जिसके तहत पार्टी ने एक ओबीसी चेहरे को आगे बढ़ाकर प्रदेश से बाहर भी तमाम सामाजिक समीकरणों को साधने की बेहतर कोशिश की। उनकी मध्यप्रदेश के सीएम के रूप में ताजपोशी न केवल मध्यप्रदेश में, बल्कि पड़ोसी राज्यों विशेष रूप से उत्तर प्रदेश,बिहार में भी भाजपा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। अब मध्यप्रदेश भाजपा में लंबे समय से चल रही अटकलों का आज अंत हो गया जब बैतूल से विधायक और पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुन लिया गया है। उनकी ताजपोशी न केवल मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक नया अध्याय शुरू करेगी बल्कि यह संगठनात्मक और सामाजिक समीकरणों को भी बेहतर तरीके से साधेगी। हेमंत खंडेलवाल मध्यप्रदेश के बैतूल क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं जिन्होंने एक सामान्य कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी में संगठन शिल्पी के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी साफ-सुथरी छवि और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल और आरएसएस से बेहतरीन तालमेल ने ने उन्हें इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बनाया। खंडेलवाल की ताजपोशी मालवा-निमाड़ से लेकर महाकौशल सरीखे क्षेत्रों में आने वाले दिनों में भी बड़ा प्रभाव छोड़ेगी जो प्रदेश में क्षेत्रीय संतुलन के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। खंडेलवाल मध्यप्रदेश भाजपा के एक महत्वपूर्ण संगठनकर्ता और रणनीतिकार के रूप में जाने जाते हैं। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ उनकी संवाद कला और कार्यकर्ताओं में मजबूत पकड़ ने उनके चयन में बड़ी भूमिका निभाई है। हेमंत खंडेलवाल ने उज्जैन जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा की जीत में उनकी रणनीति ने अहम भूमिका निभाई है। खंडेलवाल की कार्यशैली में स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की असाधारण क्षमता है। पार्टी के सीनियर और जूनियर नेताओं के साथ भी उनके सम्बन्ध बेहतरीन रहे हैं। वे उन नेताओं में से हैं जो पर्दे के पीछे रहकर संगठन को मजबूत करते रहे और सबके चहेते बने रहे। हेमंत खंडेलवाल का निर्वाचन निर्विरोध होने के पीछे सामाजिक और जातीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है। वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव ओबीसी वर्ग से और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। ऐसे में सामान्य वर्ग या अनुसूचित जनजाति वर्ग से अध्यक्ष चुनने की रणनीति के तहत खंडेलवाल का नाम आगे आया। यह कदम भाजपा की सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को दर्शाता है। हेमंत खंडेलवाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि भी मजबूत रही है। उनके पिता विजय खंडेलवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं जिससे संगठन की उन्हें अच्छी समझ रही है। खंडेलवाल की बेदाग ईमानदार छवि और साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड ने उन्हें अन्य दावेदारों से कहीं आगे करने का काम किया है। हेमंत खंडेलवाल ने 2007 में पहली बार बैतूल लोकसभा उपचुनाव में जीत हासिल की थी। यह सीट उनके पिता विजय खंडेलवाल के निधन के बाद खाली हुई थी। 2009 में बैतूल लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई लेकिन खंडेलवाल की भूमिका इसके बाद भी प्रभावशाली बनी रही। उन्होंने 2013 में विधायक के रूप में जीत दर्ज की। 2018 में वह चुनाव हार गए। 2023 में वह फिर से विधायक चुने गए। वर्तमान में हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा के कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। हेमंत खंडेलवाल एक कुशल संगठनकर्ता होने के साथ चुनाव रणनीति में बेहतरीन रणनीति के साथ कार्य करने के लिए जाने जाते हैं । मध्यप्रदेश भाजपा के कुशल चुनावी संचालकों में से एक हेमंत खंडेलवाल रहे हैं। किसी राजनेता की छवि को जनता के बीच स्थापित करते हुए किस तरीके से अनूकूल परिणाम लाए जा सकते हैं यह हेमंत खंडेलवाल से बेहतर शायद ही कोई नेता महसूस कर सकता है। हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा के संगठन को अपने व्यवहारिक और सांगठनिक कार्यों के जरिए सहेजा है। उन्होंने खुद को गुटबाजी से ऊपर रखते हुए पार्टी को एकजुट करने की नीतिगत कोशिशें की हैं। इसी परिपक्वता ने उन्हें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर आज अन्य नेताओं से कहीं आगे बेहद मजबूत किया है। अब जबकि मध्यप्रदेश कांग्रेस का युवा वर्ग गुटबाजी और भारी आंतरिक कलह से जूझ रहा है, हेमंत खंडेलवाल जैसे नेता भाजपा के लिए नई ऊर्जा और उम्मीद का प्रतीक बनकर उभर रहे हैं। उन्होंने हमेशा पार्टी हित को सदैव सर्वोपरि रखा है। हेमंत खंडेलवाल ने अपने अब तक के राजनीतिक सफर में कुशल संगठन शिल्पी, कार्यकर्ताओं के साथ शालीनता, संवाद और एक ईमानदार जनप्रतिनिधि होने की गम्भीरता दिखाई है यही उनकी सबसे बड़ी यूएसपी रही है जिसका लाभ उन्हें आज मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर मिला है। डॉ.मोहन यादव और हेमंत खंडेलवाल की बेहतरीन ट्यूनिंग रही है। दोनों ही नेता मध्यप्रदेश के उस क्षेत्र से आते हैं जो भाजपा का एक बड़ा मजबूत गढ़ रहा है। इस क्षेत्र में दोनों की गहरी पैठ और आपसी समन्वय ने भाजपा को न केवल विधानसभा चुनावों में बल्कि स्थानीय चुनावों में भी मजबूती प्रदान की है। मौजूदा दौर में प्रदेश की सियासत में यह जोड़ी न केवल भारतीय जनता पार्टी के भीतर अपनी मजबूत स्थिति के लिए जानी जा रही है, बल्कि उनकी आपसी समझ और रणनीतिक समन्वय ने मध्य प्रदेश भाजपा की राजनीति में एक नया आयाम जोड़ा है। पिछले कुछ समय से भाजपा में जिस तरीके से विधायक संगठन को लगातार ताक पर रखते हुए सरकार को आईना दिखाने से पीछे नहीं हैं उसके मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और हेमंत खंडेलवाल की नई जोड़ी मध्यप्रदेश भाजपा के लिए संजीवनी के समान कारगर साबित हो सकती है। हेमंत खंडेलवाल की प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर ताजपोशी मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक बड़ा मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकती है। एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता और ठोस निर्णयों से खुद को जननायक बनाया है वहीं हेमंत खंडेलवाल ने सामान्य कार्यकर्ता के रूप में संगठन शिल्पी के तौर पर पार्टी को मजबूत करने के साथ ही पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने का काम किया है। डॉ. मोहन यादव का ओबीसी समुदाय से होना और हेमंत खंडेलवाल की सामान्य वैश्य वर्ग में पकड़ ने भाजपा को विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच संतुलन बनाने में मदद की है। मध्यप्रदेश में ओबीसी समुदाय की 52 फीसदी आबादी को देखते हुए यह जोड़ी अब आने वाले दिनों में सामाजिक समावेश की दिशा में एक मजबूत कड़ी बनकर उभर सकती है।भविष्य में इस जोड़ी की ट्यूनिंग बीजेपी के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है। डॉ.मोहन यादव का मुख्यमंत्री के रूप में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और खंडेलवाल की संगठनात्मक रणनीति मिलकर मध्यप्रदेश भाजपा को और मजबूत कर सकती है।

**-हर्षवर्धन पान्डे**

# अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ देशों द्वारा जुगलबंदी कर भारतीय विचारधारा को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है-भारत की आवाज़ सुनना पड़ेगा

वैश्विक स्तरपर भारत के बढ़ते कद,रुतबे और प्रतिष्ठा से स्वाभाविक रूप से कुछ देश या उनका संगठन ईर्ष्या ज़रूर करेगें। 1984 में विंग कमांडर राकेश शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में कदम रखा था अभी 26 जून 2025 को शुभांशु शुक्ला ने भी भारत के दूसरे बहादुर ने कदम रखा है यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि और भारत की दिशा, विचारधारा को नज़रंदास कर उसे कम आकलन कर अपने सहयोगी सदस्य देश का पक्ष जरूर लेंगे। वैसे भी यह हर देश की नीति रणनीति रहती है कि उसके लिए राष्ट्रहित सर्वोत्तम रहता है।दुनियाँ का बादशाह कहलानें वाला देश भी अनेक बार अपने हित के लिए पड़ोसी व विस्तारवादी मुल्क, खाड़ी देशों, पश्चिम एशिया इत्यादि में अपनें सहयोग के साथ की स्थिति बदलते रहता है, ठीक उसी तरह भारत भी कूटनीतिक, विदेश नीति के हिसाब से राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनीं विचारधारा, संकल्प, देशहित, विश्वहित की अपनी नीति शुरू से ही जारी रखे हुए हैं। आज मैं किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र, इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहा हूं क्योंकि हमने 26 जून 2025 को चीन के किंगदाओ शहर में चल रहे रक्षा मंत्रियों के शंघाई सहयोग संगठन में साझा घोषणापत्र पर भारतनें हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है,क्योंकि उनकाआतंकवाद पर पाक् के बलूचिस्तान का तो नाम था परंतु भारत के पहलगाम का नाम नहीं था,जिस पर हमारे रक्षामंत्री ने भरी सभा में खरीखोटी सुनाई व अनेक बातें कहीं जिसे हम नीचे पैराग्राफ में चर्चा करेंगे,ठीक उसी तरह अभी 3 दिन पहले,तुर्किए के इस्तांबुल में आयोजित इस्लामिक सहयोग संगठन की दो दिवसीय बैठक एक बार फिर पाक की पक्षपातपूर्ण कूटनीति का मंच बन गई। 57 मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी की विदेश मंत्रियों की परिषद ने अपने साझा बयान में जहां एक ओर भारत-पाक के बीच हुए सिंधु जल समझौतेको जारी रखने की बात कही, वहीं दूसरी ओर भारत की सैन्य कार्रवाई और कश्मीर नीति को लेकर भी एकतरफा टिप्पणी की,ओआईसी ने अपने साझा बयान में साफ कर दिया कि वह पाक के रुख का पूरी तरह समर्थन करता है और भारत से अधिकतम संयम बरतने की उम्मीद करता है।चूँकिआतंकवाद से मुकाबला सर्वेजन सुखीनों भवंतु यानें शांति और समृद्धि के लिए सभी को एक दूसरे के साथ मिलकर



काम करना होगा सराहनीय है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ देशों द्वारा जुगलबंदी कर भारतीय विचारधारा को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है,भारत की आवाज हर हाल में सुना ही पड़ेगा।

साथियों बात अगर हम 25-27 जून 2025 तक किंगदाओ चीन में चले शंघाई सहयोग संगठन की 22वीं बैठक में साझा घोषणा पत्र में हस्ताक्षर करने से इंकार की करें तो,एससीओ वर्तमान में 10 सदस्य देश हैं - बेलारूस, चीन, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान। बैठक के बाद साझा घोषणापत्र में चीन नें पाकिस्तान से दोस्ती निभा दी है, चीन ने एससीओ घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र भारत के आग्रह के बावजूदन नहीं किया, जबकि पाकिस्तानी सेना के खिलाफ बलूचिस्तान में हो रहे विद्रोह का जिक्र आतंकी घटनाओं के तौर पर किया है, इस बैठक में भाग लेने के लिए चीन गए रक्षा मंत्री इससे नाराज हो गए हैं और उन्होंने इस साझा घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है, साथ ही भारत ने कहा है कि वे साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल नहींहोंगे। भारत के इस कदम के बाद एससीओ का साझा घोषणापत्र जारी नहीं हो सका है।भारत ने आतंकवाद के मुद्दे पर एससीओ बैठक में भी वही रुख कायम रखा है, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाक में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई में दिखाया था, भारत ने दिखा दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के मुद्दे पर वह किसी तरह की कूटनीतिक नरमी नहीं दिखाने जा रहा है और ना ही किसी तरह के अंतरराष्ट्रीय दबाव में आएगा,भारत ने इस मुद्दे पर एससीओ घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने के चीन के आग्रह को भी खारिज करके स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद पर उसका दोहरा रवैया नहीं चलेगा।

साथियों बात अगर हम रक्षा मंत्री की एससीओ बैठक में सीमा पर आतंकवाद का मुद्दा उठाने की करें तो रक्षामंत्री ने बुधवार को शुरू हुई एससीओ देशों के 10 रक्षामंत्रियों की बैठक में स्पष्ट रूप से सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाया था,उन्होंने पाक का नाम लिए बिना ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए सीधी चेतावनी दी थी कि निर्दोषों का खून यदि फिर बहेगा तो भारत का एक्शन जारी रहेगा,भारत फिर से घुसकर आतंकियों को मारेगा, निर्दोषों का खून बहाने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा, उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया था और कहा था कि एक नेपाली नागरिक समेत 26 निर्दोषों का खून धार्मिक पहचान पूछकर बहाया गया, जिस संगठन रेजिस्टेंस फ्रंट ने इसकी जिम्मेदारी ली, वो संयुक्त राष्ट्र की तरफ से लिस्टेड पाक आतंकी संगठन लश्कर-ए -ताइबा का प्रॉक्सी संगठन है।उन्होंने चीन को भी ताकीद की थी, उन्होंने कहा था कि कोई भी देश कितना भी शक्तिशाली हो, अकेला काम नहीं कर सकता है, हमारे यहां सदियों से सर्वे जन सुखिनो भवन्तु की कहावत है, जिसका मतलब है कि शांति और समृद्धि के लिए सभी को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा था कि हमारे क्षेत्र में सभी समस्याओं का मूल कारण कट्टरपंथ और आतंकवाद है,आतंकवाद और शांति-समृद्धि साथ-साथ नहीं चल सकते, आतंकवाद को नीतिगत हथियार बनाने वाले और आतंकियों को पनाह देने वाले देशों को दोहरे मानदंड के लिए यहां जगह नहीं है। एससीओ को ऐसा करने वाले देश की आलोचना में संकोच नहीं करना चाहिए, हालांकि भारत के इस आग्रह के बावजूद चीन ने एससीओ का साझा घोषणापत्र तैयार करते समय पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का उसमें जिक्र नहीं किया है, जो उसके दोहरे मानदंड दिखाता है।एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षामंत्री ने कहा कि हमें सीमा पार से हथियारों और ड्रग्स की तस्करी के लिए ड्रोन सहित आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक का मुकाबला करने की कोशिश करनी चाहिए। हमारी परस्पर जुड़ी दुनिया में पारंपरिक सीमाएं अब खतरों के खिलाफ एकमात्र बाधा नहीं हैं। इसके बजाय हम चुनौतियों के एक जटिल जाल का सामना कर रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और साइबर हमलों से लेकर हाइब्रिड युद्ध तक फैले हुए हैं। भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के अपने संकल्प पर कायम है।उन्होंने कहा कि आतंकवाद के लिए भारत की शून्य सहिष्णुता आज उसके काम से प्रकट होती है। इसमें आतंकवाद के खिलाफ खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखाया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। हमें अपने युवाओं में कट्टरपंथ के प्रसार को रोकने के लिए भी सक्रिय कदम उठाने चाहिए।एससीओ के आरएटीएस तंत्र ने इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को बढ़ावा देने वाले कट्टरपंथ का मुकाबला करने पर एससीओ राष्ट्राध्यक्षों की परिषद का संयुक्त वक्तव्य भारत की अध्यक्षता हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि शंघाई सहयोग संगठन रक्षा मंत्रियों की 22वीं बैठक 25- 27 जून 2025 किंगदाओ चीन में कुछ देशों की जुगलबंदी को भारत का वीटो पावर भारी पड़ा-साझा घोषणा पत्र अटका अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ देशों द्वारा जुगलबंदी कर भारतीय विचारधारा को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है-भारत की आवाज़ सुनना पड़ेगा।आतंकवाद से मुकाबला करने सर्वेजन सुखिनो भवन्तु: यानें शांति और समृद्धि के लिए सभी को एक दूसरे के साथ मिलकर काम करना होगा,सराहनीय।

**किशन सनमुखदास भावनानी**

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** लेवाली सामान्य रहने से बुधवार को अनाज मंडी में चना पूर्वस्तर पर रहा। मसूर में पूछपरख देखी गयी। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। किराना जिंसों में कालीमिर्च बाजार दबाव में रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में लेवाली सामान्य ही रहने से बुधवार को बाजार बने रहे। मसूर में पूछपरख अच्छी रही। किन्तु भावों में टिकाव रहा। तिलहनों में सोयाबीन टिका रहा। उधर, किराना जिंसों में कालीमिर्च बाजार दिसावरी सुस्ती से दबाव में रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4120-4170, खोपरा गोला 360-390, खोपरा बूरा 4400-6600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 250-255, साबूदाना हल्का 4500-4600, मीडियम 4650-4850, बेस्ट 5100-5500, ग्लास 6100, वरलक्ष्मी 5350, मोरधन 6900-7100, सौंफ मोटी 100-130, बेस्ट 185-285, एस्ट्रा बेस्ट 340-450, सौंफ बारिक 290-350, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1150-1200, क्लीन 1350-1600, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1850, बेस्ट 1950-2050, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 900-950, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 870-900, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 830-860, टुकड़ी 750-800, बादाम मगज 870-925, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3400-3500, (160) 4400-4500, (200) 4800-4900, (250) 5200-5500

**तेल**- सींगदाना 1360-1380, मुम्बई 1390, राजकोट तेलिया 2165, सोया साल्वेंट 1110-1115, सोया रिफाइंड 1185-1190, कपास्या 1215-1220, धूलिया 1220, कड़ी 1225,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1335-1340, मुम्बई पाम 1160, मुम्बई सोया 1185-1190,

खली- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2300, देवास-उज्जैन 2300, खंडवा-बुरहानपुर 2275, अकोला 3175 (प्रति क्विटल)

**तिलहन**- सरसो 6400-6500, रायडा 5800-6000, सोयाबीन 4200-4300, टोली (महुआ बीज) 4300-4450, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5900-6000, एवरेज 5200-5300, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रर्शा?यन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6050-6100, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 7100-7200, पाला 7200-7300, चमकी 7200-7300, नायलोन 7300-7400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, शंकर 7000-7100, हल्की 6900-7000,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7300-7500, बोल्ड 7700-8100, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7750-7850, बेस्ट 7950-8100, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

चावल- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 340, उज्जैन 280, रतलाम 270 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** बुधवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। किन्ती दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे =-

चाँदी (9999) 105500, चाँदी (99) 105300, टंच 104800, सिक्का 1200, सोना 10 ग्राम 97700,

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया 17 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.67 रुपये पर बंद हुआ। आज अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सुबह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.28 के स्तर पर खुला। यह शुरुआती स्तर है और बाजार में दिन भर उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। वहीं स्थानीय शेयर बाजार में मजबूती और मानसून की प्रगति से कीमतों में स्थिरता बनने रहने की संभावनाओं के बीच विदेशी करेंसी बाजार में भारतीय रुपया मंगलवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले 25 पैसे मजबूती के साथ बंद हुआ।

# आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको कुछ मौसमी बीमारियां अपनी चपेट में ले सकती हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। पारिवारिक समस्याओं फिर से सिर उठाएंगी। वरिष्ठ सदस्य आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आपको किसी पुरानी नौकरी का ऑफर आने से आप तुरंत उसे ज्वाइन ना करें।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपने यदि किसी पर आंखों मूंदकर भरोसा किया, तो इससे आपको कोई नुकसान हो सकता है। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम रखने की आवश्यकता है। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। विद्यार्थी यदि किसी परीक्षा में भाग लेंगे, तो उसमें उन्हें जीत मिलेगी। पारिवारिक समस्याएं आपको परेशान करेंगी।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग यदि रिश्ते में नयापन ला सके, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके विरोधी सक्रिय रहेंगे, जो आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपको किसी काम में जोखिम चल रहा था, तो उससे आपको बचना होगा।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप किसी नए प्रोजेक्ट की शुरुआत कर सकते हैं। आपको यदि कामों में कुछ कठिनाइयां आ रही थीं, तो वो भी दूर होंगी। जीवनसाथी का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से भरा रहने वाला है। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। आपको अपने कामों को लेकर प्लानिंग करने की आवश्यकता है। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आपको किसी पारिवारिक मामले को घर से बाहर नहीं जाने देना है। कुछ नया करने की कोशिश आपकी रंग लाएगी। आप अपने बिजनेस को विदेशों तक लेकर जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे।

**कन्या**- आज आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपके कुछ विरोधी बढ़ सकते हैं। आपके अनचाहे खर्च आपको परेशान करेंगे। दांपत्य जीवन आनंदमय रहेगा। पुराने कर्जों से भी आपको छुटकारा मिलेगा। आपकी किसी से कोई बात बिगड़ सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आप अपने खर्चों को भी थोड़ा कंट्रोल करने की कोशिश करें। आप किसी से बहसबाजी ना करें। परिवार में चल रही समस्याएं आपको परेशान करेंगी। आपको कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो वह आपको मिल सकती है। किसी यात्रा पर जाते समय आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। भाई-बहनों का आपका पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपने घर के कामों में लापरवाही कर सकते हैं। यदि आपके पास कुछ पुराना कर्जा था, तो उसे भी आप उतारने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए किसी नए बिजनेस की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको काम को लेकर टेंशन अधिक रहेगी। आप कहीं घूमने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य से यदि खटपट हो, तो आपको उसे समय रहते निपटाने की कोशिश करनी होगी।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपके कामों में आपके सहयोगी पूरा साथ देंगे और किसी काम को आप समय से आसानी से पूरा कर पाएंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति होने से खुशी होगी। आप अपने आवश्यक कामों का समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि रहेगी। गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों का स्वागत होगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप किसी मनपसंद जगह घूमने जा सकते हैं। मित्रों के साथ कोई पार्टी आदि को करने की योजना बनाएंगे। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**मीन**- आज नौकरी में कार्यरत लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, उनके कामों में कुछ गड़बड़ी निकल सकती है। आपको संतान के करियर को लेकर भी टेंशन रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं। आपका मन परेशान रहेगा, इसलिए आप भगवान की भक्ति में मन लगाएंगे, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

## शब्दजाल - 7948

*शब्दजाल में 'असरानी' की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हैं.*

अभिमान,अचानक,छलिया,चुपके-चुपके, चरस,फकीरा,शोले,अनुरोध,चला मुरारी हीरो बनने,अनामिका

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | क | ल | श्री | च | र | स | धी | सी | ल | अ |
| च | शो | ले | दे | क्रां | ति | इ | इं | ता | ट | नु |
| ला | स | ले | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | अ | रो |
| मु | ज | ज | सु | चु | र | रा | प | र | ना | ध |
| रा | फ | दो | ग | ल्ला | प | ज | तु | जी | मि | र्नि |
| री | क | की | प | ह | न | के | ना | ता | का | ग |
| ही | अ | स | रा | या | प | अ | चु | ज | ला | ट्रे |
| रो | ता | दा | ई | ह | ब | भि | फ | प | श | न |
| व | बा | छ | लि | या | मा | मा | ल | व | के | न |
| न | ला | म | लि | प | न | न | शा | स्त्री | ता | ने |
| ने | जी | व | अ | चा | न | क | शा | त | र | इ |

### शब्दजाल - 7947 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | र | ह | दि | दा | उ | प | का | र | इ | आ |
| जं | टे | र | ना | अ | क | ह | ब | ले | सी | व |
| दा | ई | ज | अ | ल्क | म | ल | क | र | ल | म |
| जि | कु | आ | छ | बे | ल | म | सि | रि | स | मि |
| जी | ति | ल | ने | व | द | स | व | ल | ल | द |
| रि | ग | ज | गा | को | ली | ता | स | रा | र | द |
| जो | गा | ध | र्मा | गा | प | म | र | कौ | या | म |
| श | बा | जीं | स | त | क | छ | श | गु | श | थ |
| म | स | मि | न | व | न | ज | म | रा | जू | द |
| द | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | बी | ना |
| थो | कु | र्बा | नी | र | हो | ग | या | दु | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6892

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नतून की 'रूक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, सायरा की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी पे दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सोमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'याद सताए तेरी' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूँ' का गायक-२
१३. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्याकी 'दिल चीर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'राधा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'ज्वैल थीफ' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सॉस' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहदूँ तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलके हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिता राज की 'आते आते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'ना वादा करते हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'परदे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रूठे रुठे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल विच तेरा ही' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 6891

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| य | स | बॉ | स | ■ | ह | मे | शा | ■ | स |
| हू | ■ | ड | ■ | रॉ | की | ■ | ■ | खौ | फ |
| दी | दा | र | ■ | ■ | क | स | क | ■ | र |
| ■ | मि | ■ | की | म | त | ■ | री | ना | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | र्या | ■ | हि | ना | ■ | कि |
| जा | ■ | व | ही | दा | ■ | म्म | ■ | जि | स्म |
| ता | ल | ■ | रे | ■ | सौ | त | न | ■ | त |
| ■ | ल | म्हे | ■ | सौ | दा | ■ | ज | या | ■ |
| शा | का | ■ | जी | ■ | ग | ■ | रा | ■ | प्या |
| का | र | तू | स | ■ | र | वी | ना | ■ | सा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**3 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.21 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | सिंह | 08.37 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.49 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.00 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.14 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.30 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.35 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.22 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.55 बजे से |
| | | मेष | 00.25 बजे से |
| | | वृष | 02.05 बजे से |
| | | मिथुन | 04.03 बजे से |

**राहुकाल** 1.30 से 3.00 बजे तक

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 184 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** अष्टमी 14.07 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 13.51 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 18.36 बजे को समाप्त।
**करण** बव 14.07 बजे तदनन्तर बालव 03.19 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 07.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 57'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872394
**जूलियन दिन** 2460859.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 07
**विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः योग्यता की पहचान

एक बार लंदन में मूसलाधार बारिश हो रही थी। ठंड इतनी ज्यादा थी कि लोग-बाग ठिठुर रहे थे। रात में एक होटेल में कांपते हुए पति-पत्नी पहुंचे और उन्होंने एक कमरा मांगा। मैनेजर ने कहा, 'माफ कीजिए, इस समय तो कोई कमरा खाली नहीं है।' इस पर औरत बोली, 'हम कई होटेलों के चक्कर काट चुके हैं। सबने यही जवाब दिया कि कमरा खाली नहीं है। इस वक्त हम कहां जाए?' लेकिन मैनेजर ने उनकी सहायता करने से इनकार कर दिया। यह बातचीत एक वेटर सुन रहा था। उसने कहा, 'बुरा न मानें तो मैं एक बात कहूं। मेरा एक छोटा सा कमरा है। आज रात आप लोग मेरे कमरे में ठहर सकते हैं।' महिला ने पूछा, 'फिर तुम कहां रहोगे?' उसने कहा, 'इस होटेल में ही रात गुजार लूंगा।' वेटर ने उस दंपती को अपने कमरे में ठहरा दिया। इस घटना के कई साल बाद उस वेटर को एक पत्र और न्यू यॉर्क आने का टिकट मिला। यह सब वहां के किसी होटेल के मालिक ने भेजा था। पत्र में लिखा था कि आप तुरंत आकर मिलें। वेटर न्यू यॉर्क में उस पते पर पहुंचा, तो हैरत में पड़ गया। सामने बैठे आदमी को देख कर उसे याद आया कि यह तो वही सज्जन हैं, जिन्हें उसने एक बार अपने कमरे में ठहराया था। उस सज्जन ने वेटर से कहा, 'मुझे विलियम कहते हैं। यह मेरा ही होटेल है।' फिर विलियम ने होटेल की चाबी उसे देते हुए कहा, 'आज से तुम मेरे होटेल के मैनेजर हो।' वेटर घबराकर बोला, 'यह मुझसे नहीं होगा। मैंने हमेशा वेटर का काम किया है। इतनी बड़ी जिम्मेदारी संभालने की मुझमें योग्यता नहीं है।' विलियम ने कहा, 'मैंने उसी दिन तुम्हें परख लिया था, जब तुमने सर्दी की रात में हमें शरण दी थी। मुसीबत में किसी के साथ सहानुभूति रखना और उसकी मदद करना एक मैनेजर की सबसे बड़ी योग्यता होती है। यह योग्यता तुम्हारे पास है।'

## सूडोकु नवताल- 7201

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7200 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## शब्द पहेली - 8416

**बाएँ से दाएँ**

1. दैत्य,असुर-3
3. रुकावट,बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण,घोड़े की रास-3
8. मूल,कंद-2
9. सलाह,मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद,हिंसा वाद-5
22. शराब,मदिरा-2
24. दुख,कष्ट-2
25. चेतना,ध्यान-2
27. सालन,रसा-3
28. घ्राणेंद्रिय,इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व,प्राण तत्व-3

**ऊपर से नीचे**

1. खैरात,दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर,जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग,रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा,एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध,अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा,थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था,कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा,बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

### शब्द पहेली -8415 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | ट | व | र | ना | ग | र | ■ | ■ |
| ■ | क | ■ | म | ■ | ज | ■ | का | ■ |
| ज | र | ■ | जा | हि | रा | ■ | जी | त |
| ब | ■ | ज | न | ■ | ज | मा | ■ | ल |
| र | च | ना | ■ | ■ | ■ | ज | वा | ब |
| द | ■ | ना | स | ■ | दा | रा | ■ | गा |
| स्त | र | ■ | मा | न | ना | ■ | ख | र |
| ■ | थ | ■ | धा | ■ | पा | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | स | न | स | नी | खे | ल | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 287.60 अंक नीचे आकर 83,409.69 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 88 अंक टूटकर 25,453.40 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में विशेष रुप से गिरावट रही। वहीं गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ था। आज सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 14 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए, वहीं अन्य सभी 16 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये। इसी तरह, निफ्टी की 22 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए जबकि 28 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टाटा स्टील के शेयर सबसे ज्यादा 3.72 फीसदी बढ़कर बंद हुए जबकि बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी सबसे ज्यादा 2.10 फीसदी की गिरावट रही। सेंसेक्स की बाकियों कंपनियों में आज , अल्ट्राटेक सीमेंट 1.60 फीसदी, ट्रेंट 1.43 फीसदी, मारुति सुजुकी 1.38 फीसदी, सनफार्मा 0.77 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.65 फीसदी, भारती एयरटेल 0.53 फीसदी, टेक महिंद्रा 0.48 फीसदी, एनटीपीसी 0.30 फीसदी, टाइटन 0.14 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.14 फीसदी और इंफोसिस के शेयर 0.11 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.38 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए। वहीं लार्सन एंड टुब्रो के शेयर 1.89 फीसदी, बजाज फाइनेंस 1.48 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 1.30 फीसदी, बीईएल 1.23 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.94 फीसदी, पावरग्रिड 0.94 फीसदी, एसबीआई 0.86 फीसदी, रिलायंस 0.66 फीसदी, आईटीसी 0.55 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.36 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 0.28 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.27 फीसदी, एचसीएल टेक 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी और ऑटो सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 225.5 अंक बढ़कर 83,922.79 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 58.75 अंक बढ़कर 25,600.55 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में बैंकॉक, चीन, जापान, सोल और जकार्ता गिरावट के साथ ही लाल निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि केवल हांगकांग हरे निशान में कारोबार कर रहा था। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिका में डाउ जोंस 400.17 अंक की बढ़त के साथ 44,494.94 पर बंद हुआ।

# विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों का अधिग्रहण करेगी एनएमडीसी- सीएमडी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों के अधिग्रहण करने के बारे में विचार कर रही है। कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि इससे कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी। एंटीमनी, लिथियम, कोबाल्ट, तांबा जैसे महत्वपूर्ण खनिज सौर पैनल, पवन चक्की, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों जैसी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए जरूरी हैं। भारत ने उनकी दीर्घकालिक उपलब्धता और प्रसंस्करण सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) शुरू किया है। उन्होंने कहा कि खनिज विविधीकरण रणनीति के तहत, एनएमडीसी वैश्विक स्तर पर 10 रणनीतिक खनिज परिसंपत्तियों में अधिग्रहण के अवसरों का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रही है। एनएमडीसी वैश्विक महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखला में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अमेरिका में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक अधिग्रहण की संभावनाएं तलाश रही है। दुबई में एनएमडीसी कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि यह शहर वैश्विक अवसरों का प्रवेश द्वार है और नया कार्यालय, कंपनी के खनन परिदृश्य को दोबारा परिभाषित करने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने हाल ही में दुबई में एनएमडीसी कार्यालय का उद्घाटन किया।

# सोना 97,200 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी 1,06,600 रुपए के करीब

नई दिल्ली। सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में सुस्ती देखने को मिल रही है। बुधवार के कारोबार में घरेलू बाजार में दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। इस समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 97,200 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,06,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में भाव लुढ़क गए। चांदी गिरावट के साथ ही खुली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 9 रुपये की गिरावट के साथ 97,242 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,251 रुपये था। इस समय यह 64 रुपये की गिरावट के साथ 97,187 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,242 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,157 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 29 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,684 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,06,713 रुपये था। इस समय यह 96 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,617 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,0,6,690 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,0,6,617 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोना 3,350 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,349.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,348.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.08 डॉलर के भाव पर खुले।

# पहली ही बारिश में करोड़ों की लागत से बने उच्चस्तरीय पुल निर्माण की गुणवत्ता की खुली पोल

## एप्रोच मार्ग पर बना गड्ढ़ा, साइड रैलिंग भी उखड़ी





लांजी ( पद्मेश न्यूज )। लांजी आमगांव मार्ग पर सिंगोला एवं कारंजा पॉवर हाऊस के पास सेतु निगम विभाग से करोड़ो रूपयो की लागत से दो उच्चस्तरीय पुल का निर्माण सुन्दरानी कन्स्ट्रक्शन के द्वारा किया गया है। निर्माण कार्य प्रारंभ से ही पुल के गुणवत्ता कार्य पर सवाल उठने लगे थे। वहीं पहली ही बारिश हुई और इस पुल के गुणवत्ताहीन कार्य के नतीजे सामने आना प्रारंभ हो गये है। बतादे कि बीती रात्रि 1 जून को सिंगोला दहेगांव के मध्य बने पुल में लांजी से आमगांव की ओर जाते समय बायें हाथ पर पुल के एप्रोच मार्ग पर लगभग 4 से 5 फीट का गहरा गड्डा हो चुका है तथा इसी साईड बनी रैलिंग भी पहली ही बारिश उखड गई है देखा जा सकता कि किस कदर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य निविदाकार के द्वारा किया गया होगा। उक्त संपूर्ण कार्य सेतु निगम विभाग के अन्तर्गत होना बताया गया है जिनके द्वारा ठीक तरह से उक्त निर्माण कार्य कि मॉनिटरिंग नही की गई और ना ही गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया है जिसका नतीजा यह रहा कि पहली बारिश में उक्त निर्माण कार्य कि पोल खुल गई। सुबह जब लोगो ने देखा तो गड्डे के आस पास हरी झाड़ियां लगाई, लेकिन विभाग से कोई अधिकारी या कर्मचारी उक्त स्थान पर नही पंहुचा था और ना ही निविदाकार पंहुचा था जिससे जाहिर होता कि कि यह लोग अपने निर्माण कार्य के प्रति कितने सृजग है।

### हो सकती है बड़ी दुर्घटना

बतादे कि उक्त दो पुल मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ को जोडने वाले व्यस्ततम मार्ग पर बने है जहां से 24 घंटे आवागमन प्रारंभ रहता है। बड़े बड़े भारी वाहन भी इसी मार्ग से आवागमन करते है इसके अलावा लगातार छोटे बड़े वाहनो का, स्कूल बसो का, यात्री बसो का आवागमन इस मार्ग पर होता है जिसको लेकर शासन प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिये और अतिशिघ्र मार्ग पर जो गड्डा हुआ है तथा जो रैलिंग उखड़ी है उसे गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कराया जाये। ताकि इस मार्ग पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो। वर्तमान में जो स्थिती देखी जा रही है उससे यह प्रतित होता है कि रात्रि में इस मार्ग के संबध में ज्ञात नही हो तो निश्चित रूप से अप्रिय घटना घटित हो सकती जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन एवं निविदाकार की होगी।

### दोनो ही पुल के एप्रोच मार्ग और रैलिंग गुणवत्तहीन

लांजी आमगांव मार्ग पर निर्मित दोनो ही उच्चस्तरीय पुल जो कि करोडो़ रूपयो की लागत से निर्मित हुये उनके एप्रोच मार्ग गुणवत्ताहीन निर्माण किये जाने के आरोप ग्रामीण जनों के द्वारा लगाये जा रहे है। बतादे कि एप्रोच मार्ग पर निविदाकार के द्वारा ठोस मेटरियल के स्थान पर मिट्टी का प्रयोग किया गया है जो कि स्वभाविक है कि बारिश के आने के समय जमींदोस होगी यदि इस एप्रोच स्थान पर ठोस मटेरियल, मुरूम, पत्थर सहित सही ढंग से वाईब्रेटर का प्रयोग किया जाता तो निश्चित रूप से इस प्रकार के गड्डे अनायास ही निर्मित नही होते। इस विषय पर भी विभाग को ध्यान देना चाहिये तथा गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य विभाग के द्वारा करवाया जाना चाहिये।

### इनका कहना है

इस संबध में विभाग के एसी कैलाश कुमार से फोन पर चर्चा की गई तो आपने बताया कि आपके माध्यम से मुझे यह शिकायत प्राप्त हुई है। 3 से 7 दिवस के भीतर उक्त कार्य को ठीक करवा लिया जायेगा वहीं कार्य की जांच की भी जाकर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

## कृषि विभाग ने संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम बरगुड़ में नि:शुल्क रागी मिनीकिट बीज

लांजी (पद्मेश न्यूज)। कृषि विभाग द्वारा विकासखंड नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम बरगुड़ में नि:शुल्क रागी मिनीकिट बीज का वितरण किया गया। कृषि विस्तार अधिकारी एकता पंद्रे ने कृषक अजन सिंह मरावी बैगा, ईश्वरसिंह पुसाम गोंड, महासिंह मरावी बैगा, महेश टेकाम बैगा, श्रीलाल मेरावी बैगा, जानकुवार टेकाम बैगा, चैतीबाई मरावी बैगा, लामिया धुर्वे बैगा, समर मरावी बैगा, गुणेश्वर मरकाम बैगा, केसरबाई गोंड, रामलाल गोंड, सुनीता टेकाम गोंड, समारु मरावी बैगा, बसंती मरावी बैगा,भुलाऊं मरावी बैगा, सुखसिंग गेडाम , तिजलु बैगा व अन्य को रागी बीज का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि यह बीज वितरण किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और श्रीअन्ना उत्पादन बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। इस शिविर में सरपंच सुरेंद्र सिंह मरावी, जनपद सदस्य महेश चौधरी, सहायक सचिव राजेंद्र धुर्वे हल्का पटवारी स्नेहल मर्सकोले, उपेन्द्रदास गुरु व चिकित्सा विभाग टीम की उपस्थिति में कार्य संपन्न हुआ।




लांजी के ग्राम पंचायत देवरबेली अंतर्गत अति संवेदनशील

## पीएमश्री शास कन्या उमावि लांजी के शिक्षक एल आर मुरकुटे को सेवा निवृत्ति पर दी बिदाई

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी के शिक्षक एल आर मुरकुटे 30 जून को अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त होने पर विद्यालय परिवार के द्वारा 2 जुलाई को बिदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर बिदाई दी गई। इसी के साथ ही विद्यालय के शिक्षक द्वय एच एल चिखले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी, गणेश मानेश्वर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा स्थानांतरण होने पर उनका भी सम्मान कर बिदाई दी गई। उक्त बिदाई समारोह एल आर मुरकुटे व श्रीमती मुरकुटे के मुख्यातिथ्य में एवं प्रभारी प्राचार्य आनंद लटारे की अध्यक्षता में तथा टी डी लिल्हारे, ए के पशीने, जी डी बिसेन, डॉ राजेश रणदिवे, के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सेवा निवृत्त शिक्षक एल आर मुरकुटे एवं संस्था से स्थानांतरित शिक्षक एच एल चिखले व गणेश मानेश्वर को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा सेवा निवृत्त शिक्षक एल आर मुरकुटे को अपनी ओर से भेंट भी दी गई। कार्यक्रम को ए के पशीने, जी डी बिसेन, टी डी लिल्हारे ने संबोधित कर एक शिक्षक के कर्तव्य को बताया एवं जवां दिल व समय के पाबंद एल आर मुरकुटे के कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम को संस्था के अमित आसटकर, भारती कोठारे, सरस्वती बिल्हारे, गुरवंती सिगोनिया, यशोधरा रणदिवे, ज्योति पोर्ते, करूणा मानकर, एन एल पटले, डी एस वाकड़े, एस आर तिड़के, बी सी टेंभरे, संतोष सोनवाने, भूपेन्द्र चौधरी, जे एल धारणे आदि ने संबोधित करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। इस दौरान एल एन दमाहे, सी आर बड़घैया, अमरी वाकड़े, किरण मानकर, कुमुदनी कुचलाहे, राजकुमार नरताम, बी एल सातपुते, आम्रपाली पटले, विनिता चौधरी, जितेश्वरी ठाकरे, चित्ररेखा एड़े एवं समस्त स्टाफ तथा छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन बसंत रामटेके, निशा तिड़के व सागर आसटकर ने संयुक्त रूप से किया। अंत में सेवा निवृत्त शिक्षक एल आर मुरकुटे ने अपने अनुभवों को बताया एवं सभी का आभार व्यक्त किया।



## लक्ष्मीकांता कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ किया




लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश उच्च शासन के निर्देशानुसार लक्ष्मीकांता कॉलेज महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को अभिप्रेरण हेतु तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजन अर्चन कर छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पन्नालाल यादव 2020 के द्वारा नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों को मेजर माइनर एवं व्यवसायिक विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही महाविद्यालय में होने वाले विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ जैसे खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात् महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी दीपक धुवारे द्वारा नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को समझाते हुए अन्य छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में समस्त छात्र-छात्राओं को स्वल्पाहार का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक स्टॉफ का योगदान रहा।

## खेत में सोडा डालने गए रामप्रसाद की विद्युत करंट की चपेट में आने मौत

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत बडगांव क निवासी रामदास पिता मोतीलाल मानकर उम्र 55 वर्ष जाति मरार जो कि हिरेश्वर कावड़े के खेत में अधियादार था। 2 जुलाई को 4 से 5 बजे की रामप्रसाद खेत में सोडा रासायनिक खाद्य छिडकने गया हुआ था प्राप्त सूत्रो के हवाले से ज्ञात हुआ की इसी दौरान खेत से गुजर रही विद्युत तार जो कि खेत में नीचे पड़ी हुई थी उसे ठीक करने के लिये रामप्रसाद गया और तार में विद्युत प्रवाह होने के चलते रामप्रसाद करंट की चपेट में आ गया तथा घटना स्थल पर ही किसान रामप्रसाद की मृत्यू हो गई। आस पास में मौजूद लोगो के द्वारा देखा गया कि रामप्रसाद खेत में चित अवस्था में पड़ा है तथा विद्युत तार बाजू में ही था जिससे यह अंदाजा लगाया गया कि विद्युत तार की चपेट में आने से रामप्रसाद की मृत्यू हुई है। घटना की जानकारी रामप्रसाद के परिजनो एवं पुलिस थाना लांजी को दी गई। जिम पर लांजी पुलिस ने घटना स्थल पर पंहुचकर मर्ग पंचनामा सहित आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की एवं शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल लांजी लाकर पीएम हेतु मर्च्यूरी में रखा गया। पुलिस के द्वारा उक्त संबध में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।



## सांदीपनि स्कूल में पुलिस कार्यशाला का हुआ आयोजन

### कानून के संबंध में छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर के सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में वारासिवनी पुलिस के द्वारा नवीन कानून लागू होने के एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला पुलिस अधिकारी एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। यह भारत में लागू नए आपराधिक कानूनों के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम किया गया हैं। जहाँ स्कूली छात्रो, शिक्षकों एवं आमजन को भारतीय न्याय संहिता भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी गई। एवं कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन विशेषकर युवा वर्ग को नए कानूनों के प्रति जागरूक कर उन्हें कानून का सजग सहयोगी बनाना बताया। इस दौरान बच्चों की सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, सोशल मीडिया एवं मोबाइल फोन के सुरक्षित उपयोग, महिला संबंधी अपराधों की जानकारी और उनके कानूनी समाधान जैसे विषयों पर संवाद किया गया। साथ ही पीड़ितों को त्वरित और प्रभावी न्याय दिलाने की प्रक्रिया में आए सकारात्मक बदलावों को सरल भाषा में समझाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने भी अपने सवाल को साझा किया जिनका समाधान अधिकारियों ने किया। इस नवीन कानून के संबंध में तथा पीड़ितों फरियादियों के अधिकारों के संबंध में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी कर्मचारी, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# पुलिस भर्ती : 2 हजार अभ्यर्थियों ने नहीं दी ज्वानिंग

## पीएचक्यू नोटिस देकर मांग रहा जवाब, 50 से ज्यादा जा चुके हैं जेल

भोपाल । मप्र पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में अपनी जगह सॉल्वर बैठाकर सफल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 31 तक पहुंच गई है। 10 दिन के भीतर अलग-अलग जिलों में सात केस दर्ज किए गए हैं। ज्वाइन करने पहुंचे अभ्यर्थियों से उनके आधार बायोमैट्रिक (फिंगर प्रिंट) में बार-बार परिवर्तन कराने की जानकारी उनकी सहमति से निकाली गई।




उनके फिंगर प्रिंट में आवेदन से लेकर ज्वाइनिंग के पहले तक परिवर्तन मिला उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें फर्जीवाड़ा सामने आया। परीक्षा लेने वाली एजेंसी कर्मचारी चयन मंडल ने 6423 अभ्यर्थियों की चयन सूची इस साल अप्रैल में जारी की थी। चयनित अभ्यर्थियों की ज्वाइनिंग 14 मई तक हो जानी थी। इसके बाद भी इक्का-दुक्का अभ्यर्थियों की ज्वाइनिंग होती रही। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में आरक्षकों के 7411 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के विवाद के कारण 13 प्रतिशत पद रोके गए। कुछ आरक्षित पदों पर भर्ती नहीं हो पाई। इस तरह 6423 अभ्यर्थियों की चयन सूची जारी की गई थी।

### ज्वाइन नहीं करने वालों से कारण पूछा जाए

पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि अभी भी दो हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने ज्वाइन नहीं किया है। संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों से कहा गया है कि ज्वाइन नहीं करने वालों से कारण पूछा जाए। संदेह है कि इनमें कुछ अभ्यर्थी फर्जीवाड़ा करने वाले भी हो सकते हैं, जो पकड़े जाने के डर से ज्वाइनिंग के लिए नहीं आ रहे होंगे।

### ऐसी पकड़ी गई थी गड़बड़ी

नवंबर 2024 में शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान मुरैना में पांच अभ्यर्थियों की जगह दूसरे लोग सम्मिलित हुए जो पहचान उजागर होने पर पकड़े गए। तभी पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और विशेष सशस्त्र बल की बटालियनों को निर्देश दिए थे कि ज्वाइनिंग के समय अभ्यर्थियों की सहमति से उनकी आधार बायोमैट्रिक अपडेट कराने की जानकारी निकाली जाए। फर्जीवाड़ा करने वाले अभ्यर्थियों ने बीच में आधार अपडेट करा अपने नाम के साथ सॉल्वर का बायोमैट्रिक जुड़वा लिया। ज्वाइनिंग के पहले फिर परिवर्तन कराकर अपना जुड़वा लिया, जिससे पकड़े गए। अभी तक नौ जिलों में इस तरह का फर्जीवाड़ा सामने आया है। आधार में परिवर्तन के लिए कियोस्क संचालकों की भी मिलीभगत रही। उनके विरुद्ध भी एफआईआर कर दो को गिरफ्तार किया गया है।

## वामपंथी धर्मनिरपेक्ष दलों का 9 जुलाई की हड़ताल को समर्थन

भोपाल। वामपंथी धर्मनिरपेक्ष दलों ने एक साझा बयान जारी कर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन किया है। इन दलों ने मध्यप्रदेश की मेहनतकश जनता को हड़ताल को सफल बनाने और आम जनता को हड़ताल का समर्थन करने की अपील की है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव अरविंद श्रीवास्तव, भाकपा माले के देवेन्द्र सिंह चौहान, समानता दल के प्रदेशाध्यक्ष इंजीनियर महेश कुशवाहा, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा है मोदी सरकार कॉरपोरेट घरानों की लूट को सुनिश्चित करने के लिए न केवल प्राकृतिक संपदा और सार्वजनिक क्षेत्र इनके हवाले कर रहे हैं, बल्कि श्रम कानूनों और आठ घंटे के काम की सीमा को खत्म कर फिर से गुलामी जैसी परिस्थितियां पैदा कर रही है।

नेताओं ने कहा है कि मोदी सरकार अमेरिका के साथ समझौता कर अमेरिकी उत्पादों को कर मुक्त कर देश की कृषि और लघु और मध्यम उद्योगों को खत्म करने जा रही है। नेताओं ने कहा है कि यह हड़ताल सिर्फ श्रमिकों के हितों को संरक्षण देने के लिए ही नहीं, बल्कि देश के प्राकृतिक संसाधनों और सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा के साथ ही कृषि और लघु व मध्यम उद्योगों को बचाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण संघर्ष है, जिसका हर संवेदनशील और देशभक्त नागरिक को समर्थन करना चाहिए। इन दलों ने अपनी जिला इकाइयों से पूरी ताकत से हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## पीपीपी मोड में तैयार किए जाएंगे प्रदेश में बोट क्लब

भोपाल। पर्यटकों को लुभाने और वाटर एक्टिविटी बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम अब पीपीपी मोड (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) पर नए बोट क्लब शुरू करने की तैयारी में है। इसके लिए तीन नई जगह चुनकर प्रस्ताव रखे गए हैं।

पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पर्यटकों को वाटर एक्टिविटी आकर्षित करती है। पूरे प्रदेश में विभाग के कई बोट क्लब चल रहे हैं। इंदौर रीजन में भी चार बोट क्लब का संचालन पर्यटन विकास निगम कर रहा है। ऐसे में अब भागीदारी और पर्यटन बढ़ाने के लिए पीपीपी मोड पर शुरू किए जाने वाले बोट क्लब के लिए कुक्षी (धार), रमोआ बांध (ग्वालियर) और विदिशा को चुना गया है। इसके अलावा इंदौर रीजन में ही उज्जैन के गंभीर बांध पर भी बोट क्लब सिंहस्थ से पहले शुरू किए जाने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि कुक्षी में पैडल बोट के साथ स्पीड बोट संचालित करने के प्रस्ताव रखे गए हैं।

### पूरे प्रदेश में 14 बोट क्लब

फिलहाल पूरे प्रदेश में मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के 14 बोट क्लब संचालित होते हैं। इसमें कई तरह की गतिविधियां शामिल हैं। बनाना राइड से लेकर स्पीड बोट और स्कूटर से पर्यटक वाटर एक्टिविटी कर सकते हैं। इसके अलावा ओंकारेश्वर में भी बढ़ते धार्मिक पर्यटन के चलते एक नए बोट क्लब को शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है। अगर दो नए बोट क्लब शुरू हो जाते हैं तो इंदौर रीजन के पास 6 बोट क्लब हो जाएंगे।

## मप्र अजब है... 90 डिग्री मोड़ वाले ब्रिज के बाद अब सुरंग वाली सडक़ वायरल

### 18 करोड़ की लागत से बनी सडक़ 12 दिन में 8 बार धंसी

भोपाल/ग्वालियर। मप्र की राजधानी भोपाल के 90 डिग्री मोड वाले ब्रिज का मामला अभी थमा नहीं कि दूसरे महानगर ग्वालियर में नई बनी एक सडक़ बार-बार धंस रही है। 18 करोड़ की लागत से बनी सडक़ बारिश के मौसम में 12 दिन में 8 बार धंस चुकी है। सडक़ की मिट्टी इतनी धंसी कि इसने सुरंग का रूप ले लिया। हैरान करने वाली बात यह है कि इसे 15 दिन पहले ही बनाया गया था। अब सोशल मीडिया पर सडक़ के फोटो और वीडियो जमकर वायरल हो रहे हैं। हालांकि, मामला बढने् पर कलेक्टर ने इस मामले पर संज्ञान लिया और इसका पैच वर्क करवाया। लेकिन अब गौर करने वाली बात यह है कि लगातार सडक़ों के उखडने् से न सिर्फ जनता को परेशानी होती है। बल्कि इसे बार-बार सुधरवाने में आम जनता के टैक्स के पैसे व्यर्थ बहाए जाते हैं।

दरअसल, ग्वालियर शहर में स्टॉम वाटर ड्रेनेज सिस्टम प्रोजेक्ट चल रहा है। इसके तहत नगर निगम ने कुलदीप नर्सरी से एजी ऑफिस पुलिस तक करीब 2800 मीटर के स्टॉम वाटर ड्रेनेज सिस्टम के लिए जैन एंड राय कंपनी को 14.50 करोड़ ठेका दिया गया था। इसके बाद हाकिम शर्मा की एचएनएस कंपनी को 4.09 करोड़ का सडक़ निर्माण का काम सौंपा गया। कुल मिलाकर पूरा प्रोजेक्ट 18 करोड़ रुपए से ज्यादा का है। बीते दिनों पहले ही ड्रेनेज सिस्टम के लिए 4 से 7 मीटर की गहराई के गड्ढे खोदे गए थे और फिर प्रोजेक्ट पूरा होने पर सडक़ भी बिछा दी गई। लेकिन बारिश ने ठेकेदारों के काम की पोल खोलकर रख दी।

### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

ग्वालियर की बार-बार धंसकती रोड का मुद्दा सिर्फ मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर वायरल हो चुका है। लोग तरह तरह के कैप्शन और कमेंट्स के साथ गुफानुमा और सुरंग बन चुकी सडक़ की फोटो और वीडियो शेयर कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि निगम के इंजीनियरों ने भी ठेकेदारों से मिलीगभत करके रिपोर्ट ओके कर दी। प्रोजेक्ट में शामिल दोनों कंपनियों को अब तक 14 करोड़ का भगुतान भी हो चुका है। नगर निगम के कमिश्नर संघप्रिय गौतम ने इस मामले में इंजीनियारों को नोटिस दिया है तो वहीं जिला कलेक्टर रुचिका चौहान ने एक जांच कमेटी का गठन कर दिया है।

## हेमंत खंडेलवाल ने ग्रहण किया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पदभार, कहा...

## मैं आम कार्यकर्ता हूं, मुझे पद नहीं दायित्व सौंपा गया है

भोपाल। भाजपा कार्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में हेमंत विजय खंडेलवाल ने मप्र भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वीडी शर्मा ने खंडेलवाल को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने इस मौके पर खंडेलवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई। इस मौके पर नए खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा के इस पर्व की प्रक्रिया पूरी हुई। मुझे पद नहीं दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने आगे कहा कि मैं आम कार्यकर्ता हूं। भाजपा क्षमता अनुसार पद पर बैठाती है। हम सबको मिलकर नया इतिहास गढना् है। वहीं हेमंत खण्डेलवाल ने कांग्रेस को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने




प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराया है, वैसे ही कांग्रेस पार्टी पार्षद चयन का भी कर के दिखाए।

नए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मैं मानता हूं कि जो दायित्व सौंपा गया है, वो अहम है। इसके पहले 27 प्रदेश अध्यक्षों ने पार्टी को मजबूत किया है। बद्रीलाल दवे पहले अध्यक्ष थे। सुंदरलाल पटवा भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बने। मेरे स्वर्गीय पिता भी कुशाभाऊ ठाकरे के पद पर चलते थे। आज हमारे बीच कई लोग नहीं है, मैं उनको याद करता हूं। कई लोगों ने भाजपा को आगे ले जाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को बुलंदियों पर बरकार रखना है, आगे भी ले जाना है। भाजपा किसी भी कार्यकर्ता को उसकी क्षमता के अनुरूप पद पर बैठाती है। उन्होंने कहा कि विश्व गुरु आज हम नरेंद्र मोदी जी के कारण हैं। अमित शाह, जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में हमें काम करना है। पहले एक मिथक था कि हम पांच साल पूरा नहीं कर पाते हैं। शिवराज सिंह चौहान ने इस मिथक को तोड़ा है। वो कल्याणकारी योजनाएं लेकर आए और वो मिथक टूट गया। इस समय सीएम मोहन यादव भी हमारे प्रदेश में रोजगार और उद्योगों को लाने का काम कर रहे हैं।

### भाजपा में अनुशासन बड़ा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा में अनुशासन की बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी में अनुशासन बड़ा होता है। सब मिलकर काम करते हैं। इस वजह से यहां पर सभी का सम्मान होता है। भाजपा का परिवार कई वर्षों से कांग्रेस के विरुद्ध झंडा बुलंद करता आया है। और आगे भी करता रहेगा उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी। भाजपा उनके रग-रग में है। हेमंत खंडेलवाल ने ये भी मैसेज देने की कोशिश की पार्टी सर्वोपरी है। उन्होंने कहा कि पार्टी से जो दाएं-बाएं होगा उसको परेशानी होगी। सत्ता और संगठन दोनों मिलकर काम करेंगे।

## लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू के एसपी सहित 10 अधिकारियों के तबादले

भोपाल। मध्य प्रदेश के गृह विभाग ने लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) के एसपी सहित 10 पुलिस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए।

### तबादले हुए अधिकारियों की सूची

राजेश कुमार मिश्रा को लोकायुक्त ग्वालियर एसपी से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजा गया है। समर वर्मा को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर से पुलिस अधीक्षक, ईओडब्ल्यू उज्जैन भेजा गया। अनिल विश्वकर्मा को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन से पुलिस अधीक्षक, ईओडब्ल्यू जबलपुर स्थानातंरित किया गया। वहीं पल्लवी त्रिवेदी को एआईजी ईओडब्ल्यू मुख्यालय भोपाल से एआईजी पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजा गया। संजय साहू को पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त जबलपुर से एआईजी पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजा गया। सुनील पाटीदार को भोपाल ईओडब्ल्यू में बतौर एआईजी से पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त रीवा स्थानातंरित किया गया। अंजुलता पटले को उप सेनानी, 6वीं वाहिनी विसबल जबलपुर से पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त जबलपुर, यास्मीन जहरा जमाल को एएसपी, पीटीसी भौंरी भोपाल से एआईजी पुलिस मुख्यालय, निरंजन शर्मा को एएसपी ग्वालियर से पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त ग्वालियर, आनंद यादव को एडीसीपी जोन-4 नगरीय पुलिस इंदौर से पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त उज्जैन भेजा गया है।

## डिंडोरी कलेक्टर ने पत्रकारों पर लगाया प्रतिबंध

### विरोध होने पर आदेश को वापस लिया

भोपाल । डिंडोरी की कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा 30 जून को एक आदेश जारी किया। जिसमें पत्रकारों को कलेक्टर कार्यालय में किसी भी व्यक्ति से इंटरव्यू या समाचार लेने पर रोक लगाई गई थी। कलेक्टर के इस आदेश में यह भी उल्लेखित किया गया था। चार से ज्यादा पत्रकार कलेक्टर कार्यालय में एक साथ प्रवेश नहीं करेंगे।यदि ऐसा है, तो इसके पहले उन्हें जिला प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। इस आदेश का बड़े पैमाने पर विरोध होना शुरू हुआ। सोशल मीडिया पर यह आदेश वायरल हुआ।व्यापक विरोध को देखते हुए कलेक्टर ने अनुमति लेने वाली कंडिका को हटाकर नया आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने यह कहकर बचाव किया, यह आदेश पूर्ववर्ती कलेक्टर द्वारा 2022 में जारी किया गया था। पत्रकारों के बारे में जो लिखा गया था।उसे उन्होंने वापस ले लिया है। बहरहाल डिंडोरी कलेक्टर के इस आदेश के बाद सारे प्रदेश में पत्रकारों के बीच तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिली है। जिलों में कलेक्टर किस तरह से पत्रकारों के लिए तरह-तरह के अवरोध लगाकर उन्हें अपमानित करने का काम कर रहे हैं।

## मप्र के 18 आयुर्वेद कॉलेजों को मिली मान्यता

### प्रदेश में बीएमएस की 3 हजार सीटें, 16 आयुर्वेद कॉलेजों की मान्यता पर निर्णय होना बाकी

भोपाल। केंद्रीय आयुष मंत्रालय और नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन नई दिल्ली ने सत्र 2025-26 के लिए मध्यप्रदेश के 18 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दी है। इनमें भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, इंदौर और बुरहानपुर के 7 शासकीय आयुर्वेद कॉलेज और 11 निजी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन ने देश में दूसरे नंबर पर मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा आयुर्वेद कॉलेजों को मान्यता दी है। हालांकि, प्रदेश के 16 अन्य कॉलेजों सहित देशभर के 482 आयुर्वेद कॉलेजों की मान्यता पर निर्णय होना बाकी है।

भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद कॉलेज को 75 यूजी और 74 पीजी सीटें मिली हैं। वहीं, भोपाल के स्कूल ऑफ आयुर्वेद साइंस, सरदार अजीत सिंह स्मृति आयुर्वेद कॉलेज, रामकृष्ण कॉलेज ऑफ आयुर्वेद



और मानसरोवर आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज को 100-100 यूजी सीटों पर मान्यता दी गई है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश सहित देशभर के सभी आयुर्वेद कॉलेजों में प्रवेश नीट 2025-26 के परिणामों के आधार पर ही होंगे। मध्यप्रदेश में यूजी की लगभग 3000 सीटों सहित देशभर के 598 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में 42 हजार से अधिक सीटें हैं।

### देशभर में मान्यता प्राप्त कॉलेजों की स्थिति

मध्यप्रदेश के अलावा, देशभर में जिन राज्यों के कॉलेजों को मान्यता मिली है, उनमें असम का 1, छत्तीसगढ़ 3, गुजरात 3, हरियाणा 2, हिमाचल 1, कर्नाटक 13, केरल 1, महाराष्ट्र 33, ओडिशा 4, पांडिचेरी 1, पंजाब 4, तेलंगाना 1, उत्तर प्रदेश 23, उत्तराखंड 7 और पश्चिम बंगाल का 1 कॉलेज शामिल है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने केंद्रीय आयुष मंत्रालय और नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन से शेष कॉलेजों की मान्यता पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। जिससे नीट आयुष काउंसलिंग समय पर शुरू हो सकें और छात्रों को असुविधा न हो।

## सीआर पर अभिमत न दिया तो होगी कार्रवाई

### टाल-मटोल की तो खुद की सीआर खराब कराएंगे रिपोर्टिंग अफसर

भोपाल। लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को लेकर कर्मचारियों और अधिकारियों की सीआर बुलाने के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग ने पिछले दिनों जारी किए हैं। इसके बाद विभाग ने 20 अप्रैल 2023 को जारी निर्देशों का हवाला देते हुए कहा है कि अगर तय समय अवधि में किसी अधिकारी ने कर्मचारी के सीआर पर अपना अभिमत रिपोर्टिंग अधिकारी या रिव्यू करने वाले अधिकारी या फिर स्वीकार कर्ता अधिकारी ने अपना अभिमत नहीं दिया तो उस पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। ऐसे अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के साथ उसके सीआर में भी इसका उल्लेख किया जाएगा। सीनियर अफसर का सीआर में अभिमत 31 अगस्त तक देना होगा। रिव्यू अफसर का अभिमत 30 सितंबर तक और एक्सेप्ट करने वाले अफसर का



अभिमत 30 नवंबर तक जरूरी है।

जीएडी के उपसचिव द्वारा एक जुलाई को जारी सर्कुलर में कहा गया है कि अगर किसी अधिकारी ने अपने अधीनस्थ कर्मचारी अधिकारी से प्राप्त सेल्फ असेसमेंट और उसके बाद की स्थिति में सीआर में अपना अभिमत नहीं लिखा तो उसे गंभीरता से लेकर कार्यवाही की जाएगी। इसके पहले जीएडी ने 26 जून को एक निर्देश में कहा था कि प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अफसरों को 30 जून तक सीआर का सेल्फ असेसमेंट भेजना है। इस अवधि में सीआर न देने पर सीआर ब्लैंक होने और पदोन्नति पर पडने् वाले असर के लिए अधिकारी खुद जिम्मेदार होंगे। जीएडी ने कहा है कि 27 मार्च को सरकारी कर्मचारियों के साल 2024-25 की सीआर जारी करने को लेकर समय सीमा तय कर इसके निर्देश जारी किए गए थे। इसलिए सभी विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ मंत्रालय सेवा के पहली और दूसरी श्रेणी के अधिकारियों को निर्देश दें कि वे स्थापना शाखा से वर्क फ्लो तैयार होने के बाद अपनी सीआर का सेल्फ असेसमेंट हर हाल में कर दें। ऐसा नहीं होने पर सीनियर अफसर को संबंधित अधिकारी की सीआर ब्लैंक फारवर्ड हो जाएगी और इस तरह की स्थिति आगे के वरिष्ठ अफसरों के साथ भी होगा जिसका नुकसान संबंधित अफसरों को होना तय है।

### सहमत न होने पर प्रस्तुत कर सकेंगे अभ्यावेदन

जीएडी ने यह भी कहा है कि जिस अफसर का असेसमेंट जारी होने के बाद वह अपने सीनियर के अभिमत से संतुष्ट नहीं हों उसे एक माह के भीतर अपनी सीआर को लेकर अभ्यावेदन पेश करने का अधिकार होगा। ऐसा न किए जाने पर यह मान लिया जाएगा कि वार्षिक सीआर जो है वही ठीक है। इस अवधि के बाद अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा।

## प्रीपेड बिजली...मोबाइल रिचार्ज की तर्ज पर पहले पैसा जमा करो फिर मिलेगी बिजली

भोपाल। बिजली व्यवस्था में लगातार नवाचार जारी है। प्रदेश में स्मार्ट मीटर के बाद अब प्रीपेड बिजली व्यवस्था की शुरुआत होने जा रही है। सबसे पहले सरकारी कार्यालय, स्कूल, अस्पताल आदि को इस व्यवस्था में शामिल किया जाएगा। ऊर्जा विभाग और बिजली कंपनियों के अधिकारियों की इस बारे में बैठकें जारी हैं, यानी मध्यप्रदेश में अब मोबाइल रिचार्ज की तर्ज पर पहले पैसा जमा करने के बाद बिजली मिलेगी। स्मार्ट मीटरीकरण के बाद अब प्रदेश की तीनों ही बिजली कंपनियां प्रीपेड बिजली प्रणाली पर भी कार्य कर रही हैं। शासन ने सबसे पहले शासकीय कार्यालयों में प्रीपेड बिजली व्यवस्था पर सहमति दी हैं, इसके बाद भोपाल, इंदौर, जबलपुर कंपनियों ने बड़े शहरों में शासकीय उपभोक्ताओं की सूची बनाना प्रारंभ कर दी हैं ,ताकि जल्दी से इनकी बिजली वितरण व्यवस्था प्रीपेड मोड पर लागू की जा सके। शुरुआत में प्रदेश के करीब पचास हजार शासकीय कार्यालयों में बिजली वितरण व्यवस्था प्रीपेड करने की तैयारी हो रही है। इसके लिए इन शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर होना जरूरी हैं, सबसे ज्यादा स्मार्ट मीटर इंदौर कंपनी क्षेत्र में लगे हैं, लिहाजा सबसे ज्यादा शासकीय कार्यालय भी प्रीपेड मोड पर इंदौर क्षेत्र में ही होंगे। प्रारंभिक सूचना के आधार पर अभी पचास हजार के करीब शासकीय कार्यालय प्रीपेड होने की तैयारी हैं, जिसमें से इंदौर कंपनी क्षेत्र के पच्चीस हजार एवं भोपाल, जबलपुर दोनों कंपनियों से संबंधित कुल 25 हजार शासकीय कार्यालय प्रीपेड किए जाएंगे। शासकीय कार्यालयों में प्रीपेड करने की तैयारी के लिए इन कार्यालयों की मौजूदा मासिक खपत के साथ ही पिछले दो वर्ष की कुल खपत के खाते खंगाले गए हैं। इस आधार पर इनकी मासिक ताजा खपत फिक्स की जाएगी। इसी के आधार पर दो माह की राशि अग्रिम ली जाएगी। यानि पहले चरण में 50 हजार शासकीय बिजली उपभोक्ताओं से दो माह की राशि अग्रिम ली जाएगी। उन्हें प्रीपेड मोड पर ऑपरेशनल घोषित कर दिया जाएगा।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरा टी20 भी जीता

लंदन। जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 24 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली है। भारतीय टीम ने पहला मैच भी 97 रनों से जीता था। इस मैच में टॉस जीतकर इंग्लैंड की टीम ने भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी इस मैच से वापसी की पर वह रन बनाने में विफल रहीं। टीम ने 31 रन देकर 3 विकेट खो दिए थे पर इसके बाद अनुभवी बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अच्छी बल्लेबाजी कर स्कोर आगे बढ़ाया।

जेमिमा ने 9 चौके और एक छक्का लगाकर 41 गेंदों में 63 रन बना दिये जबकि अमनजोत ने 40 गेंदों में 9 चौकों की सहायता से 63 रन बनाये। ऋचा घोष ने 20 गेंदों में 32 रन बनाए। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाये। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने दो जबकि लॉरेन फिलर और एम अरलॉट से एक-एक विकेट लिया। इसके बाद इंग्लैंड की टीम 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन ही बना पायी इस प्रकार उसे 24 रनों से हार का सामना करना पड़ा। टैम ब्यूमोंट ने 54 जबकि एमी जोन्स ने 32 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज असफल रहीं। भारतीय टीम की ओर से श्री चरणी ने दो विकेट जबकि दीप्ती व अमनजोत ने एक-एक विकेट लिया।



## काउंटी में ईशान ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक लगाया

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आजकल इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। ईशान भारत ए टीम के साथ यहां आये थे जिसमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर उन्हें काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशायर ने अपने यहां शामिल कर लिया था। उसके बाद से वह लगातार छाये हुए हैं। ईशान ने काउंटी क्रिकेट चैंपियनशिप डिविजन 1 में लगातार दो मुकाबलों में अर्धशतक लगाये हैं।



लीग के दूसरे मुकाबले में ईशान ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 128 गेंदों में ही 77 रन बनाए हैं। अपनी इस पारी में ईशान ने 8 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं इससे पहले मैच में भी ईशान ने अर्धशतकीय पारी खेली थी। यॉर्कशायर के खिलाफ इस डेब्यू मैच में ईशान ने 98 गेंदों में 87 रन बनाये। इस पारी में इन्होंने 12 चौके और एक छक्का लगाया। इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट चैंपियनशिप डिविजन 1 का 42वां मैच नॉटिंघमशायर और समरसेट के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में सोमरसेट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 379 रन बनाए। वहीं नॉटिंघमशायर ने इसका पीछा करते हुए 125 ओवर में ही 5 विकेट के नुकसान पर 396 रन बना दिये। नॉटिंघमशायर ने ईशान की बल्लेबाजी से पहली पारी में ही 17 रनों की बढ़त हासिल कर ली।

ईशान काउंटी मैच में लंदन की सड़कों पर भोजपुरी गाने पर डांस करते भी दिखे। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ हैं। . ईशान किशन के साथी क्रिकेटरों का भी कहना है कि जब भी उन्हें अवसर मिलता है वह भोजपुरी गाने पर डांस करने लगते हैं।

## एशिया कप 5 सितंबर से शुरु होगा !




मुम्बई । एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 को लेकर अभी तक एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है पर माना जा रहा है कि ये टूर्नामेंट 5 सितंबर से शुरु होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार इस टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में किया जाएगा हालांकि इसका मेजबानी अधिकार भारत के पास ही रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार इसमें भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 7 सितंबर को हो सकता है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के अलावा, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई की टीमें भाग लेंगी।

ये टूर्नामेंट टी-20 अंतरराष्ट्रीय प्रारुप में खेला जाएगा। इसमें पहले ग्रुप स्तर का मुकाबला होगा जिसके बाद सुपर फोर दौर खेला जाएगा। इसके बाद सुपर फोर की शीर्ष दो टीम 21 सितंबर को खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। वहीं इससे पहले कहा जा रहा था कि भारत एशिया कप की मेजबानी से हट सकता है पर बाद में भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इस प्रकार की अटकलों को खारिज कर दिया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इन रिपोर्टों को सिरे से खारिज करते हुए कहा, एशिया कप या किसी भी एसी भी इवेंट को लेकर बोर्ड ने कोई आधिकारिक चर्चा नहीं की है और न ही एसीसी को कोई पत्र लिखा गया है। इसमें ग्रुप स्तर के बाद भारत-पाकिस्तान की टीमें 14 सितंबर को सुपर-4 राउंड में भी मुकाबला कर सकती हैं।

## गेंदबाजों के बचाव में उतरे अश्विन

चेन्नई। भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली हार के लिए गेंदबाजों को जिम्मेदार बताने की आलोचना की है। अश्विन ने कहा कि जिस प्रकार से कहा जा रहा है गेंदबाजी कमजोर रही वह सही नहीं है। यहां तक कि कमेंट्री के दौरान भी गेंदबाजों पर ही निशान साधा गया उन्होंने कहा कि शुरुआती बल्लेबाजों ने शतक लगाये पर निचले क्रम के बल्लेबाज असफल रहे जिससे टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। अश्विन ने कहा है कि भारतीय गेंदबाजों के बारे में कमेंट्री अपमानजनक रही पर ये भी पुछा जाना चाहिये निचले क्रम के बल्लेबाजों ने रन क्यों नहीं बनाये ?




एक वीडियो में अश्विन ने कहा कि हार के बाद गेंदबाजों को हार के लिए दोषी बताया गया। उन्होंने बताया कि इंग्लैंड ने जिस तरह चौथी पारी में 370 रनों से ज्यादा स्कोर का पीछा किया है। उसमें सिर्फ गेंदबाजों की गलती नहीं थी। अश्विन ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों ने खेल में पांच शतक बनाए, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज कुछ नहीं कर पाये।

उन्होंने कहा, एक बार जब 370 से अधिक रनों के लक्ष्य का पीछा किया गया, तो मुझे लगा कि कमेंट्री भारतीय गेंदबाजों के बारे में अपमानजनक हो गई है। ऐसा कहा जाने लगा कि भारतीय गेंदबाज मैच जिताने में असफल रहे पर य नहीं भूलना चाहिये कि बल्लेबाजों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

उन्होंने गेंदबाजी को लेकर कहा, टेस्ट में, मुझे लगता है कि मेडन ओवर्स को काफी कम आंका जाता है। मुझे जसप्रीत बुमराह द्वारा हाई इकॉनमी रेट के साथ जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन अन्य को कम जाना चाहिए। टेस्ट में, आपको पहले दिन से धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी को विकसित करना होता है और इसका लाभ अंतिम पारी में मिलता है।।

## संन्यास से पहले भारत में टेस्ट सीरीज जीतना चाहते हैं लियोन

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन ने कहा है कि अभी उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। लियोन के अनुसार वह संन्यास लेने से पहले भारत में एक टेस्ट सीरीज जीतना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम बार भारत में साल 2004 में टेस्ट सीरीज जीती थी। इसके बाद से ही कंगारु टीम मैच जीती है पर सीरीज अपने नाम नहीं कर पायी है। इस प्रकार टीम दो दशक से भारत में सीरीज जीतने में विफल रही है।



37 साल के हो रहे लियोन ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल ऑफ स्पिनर हैं। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ 32 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में उनको 130 विकेट भी मिले हैं पर वह कभी भी भारत में टेस्ट सीरीज जीत नहीं पाये हैं। ऑस्ट्रेलिया ने साल 2004-05 में अंतिम बार भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर जीती थी पर तब लियोन टीम में शामिल नहीं थे। इसके बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत में टेस्ट सीरीज नहीं जीत पायी है। लियोन ने कहा, मैंने हमेशा ही कहा है कि मैं भारत के अलावसा इंग्लैंड में भी टेस्ट सीरीज जीतना चाहता हूं। हमें कुछ सालों में यह अवसर मिल सकता है। हमें इसके लिए लगातार टेस्ट खेलना होगा और तय करना होगा कि हम पहले वेस्टइंडीज में जीत कर लय हासिल करें। फिर हमें अपनी धरती पर एशेज में बेहतर प्रदर्शन में आसानी होगी। एक और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल पर मेरी नजरें रहेंगी।

## सैमी बोले अपने बयान पर कायम हूं, मैच अधिकारियों ने भी मानी है गलती

बारबाडोस। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच डैरन सैमी ने कहा है कि बारबाडोस टेस्ट के बाद टीवी अंपायर की आलोचना वाले अपने बयान पर वह बरकरार हैं। सैमी को इस कारण आईसीसी से भी सजा मिली थी। इसी को लेकर अब उन्होंने कहा कि मैच अधिकारियों ने भी अब ये माना है कि उस मैच में गलतियां हुईं थीं। सैमी का कहना है कि उन्हें अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक से किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है। होल्डस्टॉक को इस मामले के बादद ग्रेनेडा में दूसरे टेस्ट के लिए मैदानी अंपायर बना दिया गया है।

पहले मैच में अंपायर की आलोचना के लिए सैमी पर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाये जाने के अलावा और उन्हें अंपायर पर सवाल उठाने के लिए एक नकारात्मक अंक भी दिया गया, था। इस मैच में रोस्टन चेज और शाई होप को लेकर दिये फैसलों पर सैमी ने सवाल उठाये थे। मैच के बाद रोस्टन और होने ने भी अंपायर के फैसलों पर नाराजगी जतायी थी पर उन्हें आईसीसी ने कोई सजा नहीं दी। सैमी ने इससे बाद खिलाड़ियों को मीडिया से बात करने से रोक दिया था।

साथ ही कहा, हमने मैच अधिकारियों के साथ बातचीत की थी। उन्होंने भी अपना रुख स्पष्ट करते हुए कुछ गलतियों को स्वीकार किया है। वह बारबाडोस था और अब हम ग्रेनेडा पहुंच गये हैं, इसलिए हमने उस बात को पीछे छोड़ दिया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें होल्डस्टॉक के बारे में अपने बयान के लिए खेद है सैमी ने कहा, मुझे कोई शिकायत नहीं है।

## जिस भी खिलाड़ी पर यौन शोषण के आरोप हैं उसकी जांच हो - सैमी

बारबाडोस। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच डैरन सैमी ने कहा है कि टीम के जिस भी खिलाड़ी पर यौन शोषण के आरोप हैं उसकी जांच की जाये पर कहा कि इसमें सही कानूनी प्रक्रिया का पालन होना चाहिये। इससे पहले गयाना के एक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया था कि टीम के एक क्रिकेटर पर 11 युवतियों ने शोषण के आरोप लगाये हैं पर इस मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

सैमी ने कहा कि ये स्थित गंभीर है पर इसमें कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान होना चाहिये। पूर्व कप्तान सैमी ने कहा,



"मीडिया में जो कुछ आ रहा है, वह हम सभी को पता है। मैं अपने खिलाड़ियों के बहुत करीब हूं। मैंने उनसे बातचीत की है। एक बात मैं कह सकता हूं कि हम न्याय में विश्वास करते हैं। हमारा भी मानता है कि न्याय होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, "हालांकि, इसकी एक तय प्रक्रिया होती है। आरोप लगाए गए हैं और हम जांच में अपनी तरफ से सभी प्रकार से सहायेग करेंगे, जिससे उचित प्रक्रिया और सही प्रणाली का पालन तय किया जा सके।'' सैमी ने कहा कि किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले कानून को अपना काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा, "ये आरोप हैं। हम न्याय प्रणाली को जानते हैं। आपको प्रक्रिया के लिए इंतजार करना होगा। मैं कोई न्यायाधीश नहीं हूं। जो जानकारी सामने आई है, वही हमारे पास है। मुझे पूरा भरोसा है कि अंत में न्याय होगा।''

## धवन बोले शुभमन, ईशान के आने से अपना करियर समाप्त होने का अंदाजा हुआ

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि शुभमन गिल और ईशान किशन के आने के बाद ही उन्हें अपने करियर के समाप्त होने का अंदाज हो गया था। इसका कारण है कि शुभगन सभी प्रारुपों में अच्छा कर रहे थे। वहीं ईशान ने एक दौहरा शतक भी लगा दिया था। जब प्रदर्शन कमजोर हो गया तब उन्हें समझ आ गया कि अब उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी। धवन ने साल 2013 में मोहाली की पिच पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 85 गेंदों में शतक लगाकर टेस्ट डेब्यू में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया था। उनकी 187 रन की आक्रामक पारी सबसे आकर्षण का केन्द्र रही।



33 टेस्ट में कई अच्छी पारियां खेलने के बाद भी धवन का टेस्ट करियर ज्यादा समय नहीं चला। साल 2018 की इंग्लैंड सीरीज के बाद उन्हें टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया। इस क्रिकेटर के अनुसार उसने प्रयास किया पर तब वह अपने सर्वश्रेष्ठ दौर में नहीं थे। वहीं जब वह अपने करियर को देखते हैं तो उन्हें काई पछतावा नहीं होता। साथ ही कहा कि मैं पीछे देखता हूं तो खुश हूं कि मैंने जो हासिल किया, वो किसी सपने से कम नहीं हैं।

धवन को टी-20 विश्व कप 2021 में जगह नहीं मिली पर वह समझ गये थे कि अब बदलाव तय है। इस क्रिकेटर ने कहा कि मैंने किसी को फोन नहीं किया क्योंकि मैं जानता था, हर किसी की अपनी सोच होती है और बात करने से कुछ नहीं होगा।

साल 2013 चैंपियंस ट्रॉफी से लेकर 2022 तक धवन भारतीय एकदिवसीय टीम के सलामी बल्लेबाज रहे। वहीं साल. 2015 विश्व कप, 2017 चैंपियंस ट्रॉफी सहित कई अवसरों पर इस क्रिकेटर ने सबसे ज्यादा रन बनाए। रोहित के साथ उनकी जोड़ी काफी अच्छी रही पर उन्हें 2023 एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली क्योंकि तब शुभमन काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे।

## टी20 विश्वकप के लिए 13 टीमें तय हुईं

### बचे हुए 22 स्थानों के लिए 22 टीमों में होगा मुकाबला

मुम्बई। अगले साल की शुरुआत में संयुक्त रुप से भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभी तक 13 टीमें तय हो गयी हैं जबकि बचे हुए सात स्थानों के लिए 22 टीमों के बीच मुकाबला होना है। इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों को खेलने का अवसर मिलेगा। हैं। इनमें से मेजबान भारत और श्रीलंका सहित कुल 13 टीमें घोषित को गयी हैं जबकि सात और टीमों की घोषणा इस साल अक्टूबर तक होगी। कनाडा की टीम ने इसके लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि यूरोप क्वालीफायर्स के जरिए दो टीमों पर फैसला होगा। ये टूर्नामेंट भी पिछले टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार ही होगा। जिसके तहत पहले 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। इसके बाद सुपर 8 के मुकाबले होंगे और फिर सेमीफाइनल और



फाइनल मैच खेले जाएंगे।

मेजबान के रूप में भारत और श्रीलंका को पहले दो स्थान मिले हैं। उसके बाद अगले 10 स्थानों का पिछले संस्करण में सुपर आठ क्वालीफायर और 30 जून 2024 की कट-ऑफ डेट पर टीम रैंकिंग के आधार पर हुआ। पिछले टी20 विश्व कप 2024 में सुपर 8 में प्रवेश के कारण अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज को 2026 टी20 विश्व कप में जगह मिली। अमेरिका ने भी टॉप 8 में पाकिस्तान को हराकर प्रवेश किया था। सुपर 8 में नहीं पहुंचने के बाद भी पाक ने न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ अपनी टी20ढ्ढ रैंकिंग के आधार पर अगले संस्करण में अपना स्थान तय किस है।

अब तक भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज ने इसके लिए प्रवेश हासिल किया है। इन टीमों के अलावा सात और टीमें इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। एक तरह से देखा जाए तो 22 टीमों में बाकी के सात स्थानों के लिए मुकाबला होगा। एशिया और पूर्वी एशिया पेसिफिक रीजन से तीन टीमें प्रवेश करेंगी, जबकि दो-दो टीमें यूरोप क्वालीफायर और अफ्रीका क्वालीफायर से आएंगी। एशिया-ईस्ट एशिया पेसेफिक रीजन से जापान, कुवैत, मलेशिया, नेपाल, ओमान, पापुआ न्यू गिनी, कतर, समोआ और यूएई की टीमें क्वालीफायर्स खेलेंगी और इनमें से तीन टीमें सीधे टूर्नामेंट में प्रवेश करेंगी। वहीं, यूरोप क्वालीफायर्स में इटली, जर्सी, ग्वेर्नसे, नीदरलैंड और स्कॉटलैंड की टीम खेलेगी। इनमें से दो टीमें टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बालाघाट (म.प्र.) फोन नं.07632-241099

क्रमांक /4948 निविदा सूचना/एनएचएम/ बालाघाट दिनांक 30/06/2025

विज्ञप्ति

बालाघाट जिले के तहसील कटंगी अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी परिसर मे निम्न सूची अनुसार कंडम आवास का ध्वस्तीकरण सामग्री (दरवाजे खिड़की, लोहा, ईंट इत्यादि) की खुली नीलामी निम्नानुसार स्थान एवं दिनांक को दोपहर 3.00 बजे से की जावेगी।

| कमांक | नीलामी स्थल | कंडम आवास गृहो का स्थान | ऑफसेट मूल्य | नीलामी दिनांक एवं समय | संपर्क दूरभाष कमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट रानी अवन्ती बाई चौक के पास, बस स्टैण्ड बालाघाट | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी | 139670.00 | 09.07.2025 सांय 03.00 बजे | 9131225404 |

कंडम आवासगृहों का निरीक्षण निविदाकार द्वारा नीलामी की तिथि के पूर्व स्वयं कर आवश्यक होने पर संबंधित अस्पताल के प्रभारी के प्रभारी, एवं जिला कार्यकम प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है।

नीलामी मे भाग लेने हेतु इस कार्यालय से आवेदन फार्म रूप्ये 500/- पॉच सौ रूप्ये मात्र नगद शुल्क जमा कर नीलामी सूचना जारी होने की तिथि से दिनांक ..........07.07.2025..................... के दोपहर .....3.00................. बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। एवं आवेदन फार्म पूर्ण भरकर दिनांक 08.07.2025 ......................... के सायं .........5.30 बजे........... तक जमा कर पावती प्राप्त करना आवश्यक होगा। आवेदन शुल्क भुगतान की रसीद अनिवार्यतः प्राप्त करे।
निविदा की विस्तृत शर्ते आवेदन फार्म के साथ देखी जा सकती है। अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय मे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

जी-15074/25

"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बालाघाट

## मानसून का रौद्र रूप : एक माह के दौरान देशभर में बारिश, बाढ़, भूस्खलन ने मचाई तबाही..

# 112 मौत...2700 करोड़ का नुकसान

## हिमाचल में सबसे ज्यादा नुकसान, 51 लोगों की मौत, कई लापता...उत्तराखंड में सैलाब में बह गया सबकुछ

नई दिल्ली/भोपाल/रायपुर। देश में मानसून का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। एक माह के दौरान देशभर में बारिश, बाढ़, भूस्खलन ने तबाही मचाई है। हिमाचल और उत्तराखंड में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। देशभर से मिले आंकड़ों के अनुसार पिछले एक माह में 112 लोगों की मौत हुई है। वहीं करीब 2700 करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बादल फटने से तबाही मची है। मंडी जिले में बादल फटने से 10 लोगों की मौत हो गई और 30 लापता हैं। राज्य में मूसलाधार बारिश बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 51 लोगों की जान चली गई है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में अभी तक 500 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है।

इस समय मौसम हिमाचल में कहर बरपा रहा है। मंडी जिले में बादल फटने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। गोहर, करसोग, थुनाग व धर्मपुर उपमंडल में सात स्थानों पर बादल फटने से मकान जमींदोज होने व बाढ़ के पानी में बहने से 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 लोग लापता हैं। गोहर उपमंडल में पांच, सराज में चार व करसोग में एक व्यक्ति की मौत हुई है। ग्रामीणों व प्रशासन ने 132 लोगों बचाया है। वहीं, नए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, हिमाचल



प्रदेश में मूसलाधार बारिश, अचानक बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 51 लोगों की जान चली गई है और 22 अन्य लापता हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग के तहत राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) ने 20 जून से 1 जुलाई तक की अवधि को कवर करते हुए 2 जुलाई को एक संचयी क्षति आकलन रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में राज्य के 12 जिलों में मानव जीवन, निजी संपत्तियों, पशुधन और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को हुए महत्वपूर्ण नुकसान का खुलासा किया गया है।

### कई लोग लापता

एसईओसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अब तक कई कारणों से कुल 51 मौतें हुई हैं, जिनमें अचानक बाढ़, डूबना, भूस्खलन, बिजली गिरना और सडक् दुर्घटनाएं शामिल हैं। वहीं, कई लोग लापता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मानसून से संबंधित घटनाओं में 103 लोग घायल हुए हैं। संपत्ति और बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान राज्य ने 204 घरों को नुकसान पहुंचने की सूचना दी है, जिनमें से 22 पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

### 500 करोड़ के नुकसान का अनुमान

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में अभी तक 500 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। नुकसान और भी बढ़ सकता है। जहां पर नुकसान हुआ है वहां राहत और पुनर्वास में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार आपदा की घड़ी में लोगों के साथ खड़ी है और हर स्थिति से निपटने का हरसंभव प्रयास कर रही है। लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, बिजली आपूर्ति हो या सडक् सुविधा सुचारू हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपदा से पीड़ित 287 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है और जो आपदा के दौरान लापता हुए हैं, उन्हें ढूंढने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए एनडीआरएफ की टीम में पुलिस बटालियन और होमगार्ड की टीमें नियुक्त की गई है।

### वाराणसी में गंगा में डूबे 20 मंदिर

यूपी के वाराणसी में गंगा का जलस्तर 50 एमएम प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। 50 घंटे में जलस्तर 2.96 मीटर बढ़ा है। पानी मणिकर्णिका घाट तक आ गया है। 20 से ज्यादा मंदिर पानी में डूबे हैं। लखीमपुर में शारदा नदी उफान पर है। राजस्थान के कोटा में मोडक् कस्बे में बाढ़ के हालात हैं। घर, स्कूल, हॉस्पिटल, एटीएम तक में चार-चार फीट तक पानी भरा है। चित्तौडग़ढ़ में गूंजली नदी का पानी पुल के ऊपर से तक बह रहा है। आधा दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क कट गया है। राजस्थान के जिन जिलों में बहुत ज्यादा बारिश हो रही है। उनमें कोटा भी शामिल है। जिले के ग्रामीण इलाकों की हालत ज्यादा खराब है। लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण कोटा बैराज (डैम) के 5 गेट खोले गए।

### ओडिशा के क्योंझार में मडस्लाइड, 3 की मौत

ओडिशा के क्योंझार में मैंगनीज की खराद धंसक गई। इसे कारण 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मानसून के कारण सुरंग धंसकी। जिन लोगों की मौत हुई वे अवैध तरीके से सुरंग में दाखिल हुए थे और मैंगनीज निकाल रहे थे।

### हिमाचल में 282 सडक़ें बंद

बारिश और बादल फटने की घटनाओं के कारण हिमाचल प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बाढ़ और लैंडस्लाइड की दिक्कत है। राज्य की 282 सडक़ें बंद लैंडस्लाइड के कारण बंद हैं। मंडी जिले में सबसे ज्यादा 182 सडक़ें बंद हैं।

### मप्र नदियों का पानी पुल पर आया

मप्र में भोपाल, उज्जैन, नर्मदापुरम, रतलाम, नीमच और राजगढ़ में बुधवार सुबह से जोरदार बारिश हो रही है। भोपाल में सडक़ों पर दो फीट तक पानी भर गया है। रतलाम का कल्याण केदारेश्वर झरना फूट गया है। वहीं, मऊगंज के बहुती जलप्रपात में पानी बढ़ गया है। अगले 24 घंटे में 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4 दिन तक प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहेगा। इसकी वजह से पूरे प्रदेश में तेज बारिश का दौर चलेगा।

### राजस्थान-गुजरात में 100 प्रतिशत ज्यादा बारिश

देश के ज्यादातर राज्यों में जून के आखिरी हफ्ते से तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, जून में सामान्य से 9 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है। 2024 में 11 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। राज्यों की बात करें तो इस साल अब तक बिहार, दिल्ली समेत देश के 15 राज्यों में सामान्य से कम बारिश हुई है। राजस्थान में जून महीने में 55 मिमी बारिश हुई जो सामान्य से 128 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, गुजरात में सामान्य से 115 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई। 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा बारिश हुई है। मौसम विभाग ने बताया कि जुलाई में पूरे देश में सामान्य से 106 प्रतिशत ज्यादा बारिश होगी। मप्र, यूपी समेत 23 राज्यों में पिछले सालों की तुलना में ज्यादा बारिश होने की संभावना है। वहीं, ज्यादातर राज्यों में तापमान सामान्य और उससे कम रहेगा।

## कौन हैं सत्यनारायण नुवाल...जिन्होंने मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी जैसे दिग्गजों को पछाड़ दिया

मुंबई। 2025 की पहली छमाही में बाजार की स्पष्ट अस्थिरता के बावजूद, कई भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में भारी बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, विदेशी और खुदरा निवेशक बड़े पैमाने पर किनारे पर रहे, और म्यूचुअल फंड ने भू-राजनीतिक तनाव और उच्च मूल्य इक्विटी बाजारों के बीच उच्च नकदी स्तर को बरकरार रखा। लेकिन इस दौरान एक अरबपति हैं जिन्होंने मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी जैसे दिग्गजों को पछाड़ दिया।



दरअसल हम बात कर रहे हैं सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया के सह-संस्थापक और अध्यक्ष सत्यनारायण नुवाल की। चालू वर्ष के पहले छमाही में नुवाल की नेटवर्थ में 78 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हुआ है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 7.90 बिलियन डॉलर हो गई है। इस मामले में मुकेश अंबानी (110.5 बिलियन डॉलर, 21.9 प्रतिशत वृद्धि) और गौतम अडाणी (85.4 बिलियन डॉलर, 8.5 प्रतिशत वृद्धि) काफी पीछे रहे। नुवाल की कंपनी मुख्य रूप से एम्यूनिशन, डेटोनेटर और एक्सप्लोसिव बनाती है।

नागपुर मुख्यालय वाली सोलर इंडस्ट्रीज के पास करीब 17,000 करोड़ की मजबूत ऑर्डर बुक है, जिसमें 15,000 करोड़ के रक्षा ऑर्डर शामिल हैं, इसके बाद निवेशकों का विश्वास कंपनी पर काफी बढ़ाया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 में 100 बिलियन के राजस्व का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 2025 की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। इसमें रक्षा क्षेत्र से 30 बिलियन की वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार, एक्सप्लोसिव सेगमेंट में 15 से 20 प्रतिशत की ग्रोथ होने का अनुमान है।

2024 में 45 प्रतिशत और 2023 में 54 प्रतिशत की वृद्धि के बाद, 2025 में कंपनी के शेयर में 81 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। यह प्रदर्शन सत्यनारायण नुवाल को मौजूदा साल के पहले हाफ में सबसे अधिक नेटवर्थ वृद्धि वाले अरबपतियों में शीर्ष पर रखता है।

| अरबपति | कुल नेटवर्थ | प्रतिशत में |
|---|---|---|
| सत्यनारायण नुवाल | 7.9 | 78.4 |
| सुनील मित्तल | 30.4 | 27.3 |
| लक्ष्मी मित्तल | 24.8 | 26.1 |
| राहुल भाटिया | 10.8 | 24.9 |
| मुकेश अंबानी | 110.5 | 21.9 |
| राधाकिशन दमानी | 19.8 | 21.1 |
| बेनु बांगर | 8.5 | 20.5 |
| उदय कोटक | 16.8 | 20.1 |
| विक्रम लाल | 10.2 | 16.0 |
| गौतम अडाणी | 85.4 | 8.5 |

(नेटवर्थ अरब डॉलर में)

## कार्तिक महाराज पर दुष्कर्म का आरोप, हाईकोर्ट से एफआईआर रद्द करने की मांग

कोलकाता। पद्मश्री से सम्मानित और भारत सेवाश्रम संघ मुर्शिदाबाद इकाई से जुड़े कार्तिक महाराज पर महिला ने दुष्कर्म के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि 2013 में महाराज ने उसके साथ छह महीने तक दुष्कर्म किया जब वह गर्भवती हो गई तो उसे गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में कार्तिक महाराज ने कलकत्ता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। उन्होंने कोर्ट से अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की है। जस्टिस जय सेनगुप्ता की बेंच ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली है। इस मामले पर बुधवार को सुनवाई हो सकती है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कार्तिक महाराज पर महिला ने आरोप लगाए हैं। पुलिस ने कार्तिक महाराज को पूछताछ के लिए बुलाया था। सोमवार को नाबग्राम पुलिस स्टेशन ने भारत सेवाश्रम संघ की मुर्शिदाबाद इकाई को एक नोटिस भेजा था। इस नोटिस में कार्तिक महाराज को मंगलवार को पुलिस स्टेशन में पेश होने को कहा था। हालांकि, कार्तिक महाराज उस समय वहां मौजूद नहीं थे। इसलिए, नोटिस आश्रम के एक प्रतिनिधि को सौंप दिया गया।

मंगलवार को कार्तिक महाराज के वकील जस्टिस सेनगुप्ता की बेंच के पास पहुंचे। उन्होंने पुलिस स्टेशन में पेश होने की समय सीमा समाप्त होने से पहले एफआईआर रद्द करने की गुहार लगाई। याचिका में कहा गया है कि पुलिस ने 13 साल पहले हुई एक घटना के संबंध में महिला की शिकायत के आधार पर बिना किसी जांच के एफआईआर दर्ज कर ली है। कार्तिक महाराज ने शुरुआत से ही आरोपों को गलत बताया था। उनका कहना है कि पुलिस की कार्रवाई सिर्फ उन्हें परेशान करने के लिए की जा रही है।

## आडवाणी की रथयात्रा के रुट पर बम लगाने वाले फरार दो आतंकी गिरफ्तार

कोयंबटूर। कोयंबटूर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो फरार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आतंकवादी करीब तीन दशकों से तमिलनाडु पुलिस की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल थे और देश के दक्षिणी हिस्से में कई बम धमाकों में शामिल थे। पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर दोनों को आंध्र प्रदेश के अन्नमय्या जिले से गिरफ्तार किया है।

कोयंबटूर पुलिस को सूचना मिली थी कि नागोर निवासी अबुबकर सिद्दीक और मेलापलायम निवासी मोहम्मद अली बेंगलुरु में छिपे हैं। इसके बाद उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखी गई और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिए उनकी लोकेशन ट्रेस की गई। पुलिस टीम ने आंध्र प्रदेश के अन्नमय्या जिले में छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें चेन्नई लाया गया, जहां उन्हें तमिलनाडु की क्यू ब्रांच, राज्य की एंटी-टेररिज्म स्क्वाड के हवाले कर दिया है।

दोनों आतंकियों पर कई बड़ी आतंकी घटनाओं में शामिल होने के आरोप हैं। इनमें शामिल हैं 2011 में मदुरै के थिरुमंगलम में बीजेपी नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा को निशाना बनाने के लिए पाइप बम लगाना। 1995 में चेन्नई के हिंदू मुनानी कार्यालय में बम विस्फोट करना। नागोर में बीजेपी नेता थंगम मुथुकृष्णन के घर पर पार्सल बम भेजकर हमला किया था। चेन्नई पुलिस कमिश्नर कार्यालय और कोयंबटूर पुलिस क्वार्टर्स में बम विस्फोट की साजिश रची थी। 2013 में बेंगलुरु के बीजेपी कार्यालय में बम विस्फोट किया था।

## जनता कर्ज में डूब रही है और मोदी जी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे - जयराम

नई दिल्ली। कांग्रेस ने व्यक्तिगत कर्जदारों के प्रति व्यक्ति कर्ज में वृद्धि को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार आंकड़ों और विशेषज्ञों का सहारा लेकर वास्तविक कमियों को छुपाने में लगी है, लेकिन मोदी राज में देश पर कर्ज का बोझ चरम पर पहुंच गया है। जो कि इस सरकार की सबसे बड़ी विफलताओं में से एक है। कांग्रेस नेता रमेश ने मीडिया रिपोर्टों के स्क्रीनशॉट साझा कर लिखा कि मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है, और केवल पूंजीपति मित्रों के लिए तमाम नीतियां बनाई हैं। उन्होंने दावा किया कि भारतीय रिजर्व बैंक



(आरबीआई) की ताजा रिपोर्ट भारतीय अर्थव्यवस्था की चिंताजनक तस्वीर प्रस्तुत करती है।

कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि बीते 2 साल में प्रति व्यक्ति कर्ज 90,000 बढ़कर 4.8 लाख हो गया है, और आमदनी का 25.7 प्रतिशत हिस्सा केवल कर्ज चुकाने में जा रहा है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा 55 प्रतिशत लोन क्रेडिट कार्ड, मोबाइल ईएमआई आदि के लिए जा रहा है, जो दिखाता है कि बढ़ती महंगाई में परिवारों की आय से उनका गुजारा नहीं हो रहा है और वे कर्ज लेने पर मजबूर हैं। कांग्रेस नेता ने चिंता व्यक्त की कि असुरक्षित कर्ज 25 प्रतिशत को पार कर चुका है, और मार्च 2025 तक भारत पर दूसरे देशों/बाहरी कर्ज 736.3 बिलियन डॉलर था, जो पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है।

कांग्रेस नेता रमेश ने मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जनता कर्ज में डूब रही है और मोदी जी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे हैं, उनकी संपत्ति लगातार बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सारे सरकारी प्रोजेक्ट पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप या प्राइवेट भागीदारी से हो रहे हैं, तो देश पर कर्जा क्यों बढ़ रहा है और हर देशवासी पर 4,80,000 का कर्जा क्यों हो गया है?

## कैब एग्रीगेटर्स के लिए नई गाइडलाइंस जारी, राज्य सरकारों को बेस फेयर तय करने का अधिकार

मुंबई। कैब सर्विस लेने वालों के लिए अहम खबर है। अगर आप ऊबर, ओला, इनड्राइव या रैपिडो से सफर करते हैं, तब यह खबर आपके लिए हो सकती है। केंद्र सरकार ने कैब एग्रीगेटर्स के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं, गाइडलाइंस के मुताबिक अब ये कंपनियां पीक ऑवर्स में बेस फेयर का दोगुना तक किराया वसूल सकेंगी। पहले यह सीमा 1.5 गुना थी। वहीं नॉन-पीक ऑवर्स में किराया बेस फेयर का करीब 50 प्रतिशत रखा जाएगा। ड्राइवर या यात्री द्वारा बिना उचित कारण के बुकिंग रद्द करने पर अब किराए का 10 प्रतिशत (अधिकतम 100) जुर्माना लगेगा। यह राशि ड्राइवर और एग्रीगेटर के




बीच साझा की जाएगी। इतना ही नहीं हर ड्राइवर के पास कम से कम 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख का टर्म इंश्योरेंस होना चाहिए।

नई गाइडलाइंस में राज्य सरकारों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे विभिन्न प्रकार के वाहनों जैसे कि ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सी के लिए बेस फेयर तय करें। उदाहरण के तौर पर, दिल्ली और मुंबई में टैक्सी का बेस फेयर 20-21 प्रति किलोमीटर है, जबकि पुणे में 18 प्रति किलोमीटर है। सुरक्षा की दृष्टि से यह भी अनिवार्य किया है कि सभी वाहनों में लोकेशन और ट्रैकिंग डिवाइस लगे हों और उसका डेटा एग्रीगेटर व राज्य सरकार के कंट्रोल सेंटर से जुड़ा हो। साथ ही, हर ड्राइवर के लिए सालाना रिफ्रेशर ट्रेनिंग अनिवार्य होगी, जिन ड्राइवरों की रेटिंग सबसे कम 5 प्रतिशत में आती है, उन्हें हर तिमाही में प्रशिक्षण लेना जरूरी होगा, अन्यथा वे सेवा नहीं दे सकते है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने नए आपराधिक कानूनों को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

## नए आपराधिक कानूनों से न्याय प्रशासन में केवल भ्रम पैदा हुआ

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने नए आपराधिक कानूनों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इन कानूनों को लागू करने को कट एंड पेस्ट एक्सरसाइज बताया। चिदंबरम ने कहा कि तीन नये आपराधिक कानूनों को लागू करना व्यर्थ का काम है। इनसे न्यायाधीशों, वकीलों और पुलिस के बीच न्याय प्रशासन में केवल भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। पी चिदंबरम ने यह बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नए आपराधिक कानूनों के एक साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में इन्हें स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ा सुधार करार दिए जाने पर दिया है। बीते दिन, राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि नए आपराधिक कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया न केवल सस्ती और सुलभ होगी, बल्कि सरल, समयबद्ध और पारदर्शी भी होगी।

### चिदंबरम ने आपराधिक कानूनों को लेकर कसा तंज

सरकार पर निशाना साधते हुए चिदंबरम ने कहा कि सरकार ने बार-बार दावा किया है कि तीन आपराधिक कानून विधेयक, जो अब अधिनियम बन चुके हैं, आजादी के बाद के सबसे बड़े सुधार हैं, लेकिन यह सच से बहुत दूर है।

## अरुणाचल प्रदेश देश का सबसे बड़ा कार्बन सिंक बनकर उभरा

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश देश का सबसे बड़ा कार्बन सिंक बनकर उभरा है। इसकी जानकारी अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने खुद दी है। सीएम ने बताया कि हिमालय की गोद में बसा अरुणाचल भारत के नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य में अहम भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने अरुणाचल को भारत का सबसे बड़ा कार्बन सिंक बताया। साथ ही कुछ डेटा भी शेयर किया है, जिसमें वन क्षेत्र, कार्बन अवशोषण और नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य के बारे में बताया गया है। मुख्यमंत्री खांडू ने लिखा, भारत का सबसे बड़ा कार्बन सिंक- अरुणाचल प्रदेश। यहां 79 प्रतिशत वन क्षेत्र है, जो भारत के कुल कार्बन अवशोषण में 14.38 प्रतिशत योगदान दे रहा है। इसके अलावा, यहां 1,021 मिलियन टन कार्बन स्टॉक है, जो देश में सबसे अधिक है। हिमालय की गोद में बसे अरुणाचल प्रदेश की 2070 तक भारत के नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य में बेहद अहम भूमिका है। राज्य के घने जंगल और जैव-विविधता न केवल जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन को भी बनाए रख रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश की यह पहल देश के अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है, जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

## नशीले पदार्थों के मामले में पूर्व पुलिस हेड कांस्टेबल को 10 साल की सजा

पाकयोंग। सिक्किम के पाकयोंग जिले की एक विशेष अदालत ने नशीले पदार्थों से जुड़े एक गंभीर मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पूर्व पुलिस हेड कांस्टेबल पेम शेरिंग भूटिया को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने भूटिया पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।



अदालत ने यह सजा सिक्किम नशीले पदार्थ रोधी अधिनियम (साडा) के तहत दी है। भूटिया को 2021 में व्यावसायिक उद्देश्य से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ रखने का दोषी पाया गया था। फैसले के बाद पाकयोंग जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पारू रुचल ने कहा कि यह फैसला एक सख्त और स्पष्ट संदेश देता है— कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है, चाहे वह आम नागरिक हो या कोई पुलिसकर्मी। उन्होंने आगे कहा, कि पुलिस बल का कोई भी सदस्य यदि मादक पदार्थों से संबंधित किसी अपराध में शामिल पाया जाता है, तो उसे भी आम अपराधियों की तरह ही सख्त कानूनी सजा का सामना करना होगा।

### क्या था मामला?

2021 में भूटिया के पास से व्यावसायिक मात्रा में प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद किया गया था। जांच के बाद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर अदालत ने यह सख्त फैसला सुनाया।

# बारिश शुरु होते ही नलो में आने लगा गंदा पानी

## वार्डवासी परेशान कहा नही पी सकतें नगर पालिका से प्रदाय किया जाने वाला पानी

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। इन दिनों शहर के कुछ वार्डों में नगर पालिका द्वारा प्रदान किए जाने वाले नल कनेक्शनधारीयों को गंदा पानी मिल रहा है जिससे वह परेशान है । उनका मानना है कि नगर पालिका जो पानी प्रदाय कर रही है उसे फिल्टर करके दे , क्योंकि यदि इस प्रकार से वह गंदा पानी वार्ड वासियों को देगी तो वार्ड वासी उसे पानी का उपयोग नहीं कर पाएंगे । जबकि अभी बरसात की शुरुआत ही हुई है कि आमजन को अभी से पानी को लेकर शिकायत आने लगी है , जबकि शहर के कुछ निचले क्षेत्रों में पानी को लेकर वैसे ही समस्या बनी होती है और अब यह गंदे पानी की समस्या से वार्ड वासी फिर परेशान होना शुरू हो गए हैं ।**






आपको बता दे की मानसूनी बारिश शुरू होते ही छोटी नदी , नाले और खेतों का पानी वैनगंगा नदी में भरने लगता है और यही वैनगंगा नदी का पानी को नगर पालिका द्वारा फिल्टर कर पूरे शहर को पानी को दिया जाता है, किंतु इन दिनों वार्डवासी आने वाले गंदे पानी से परेशान है उनका कहना है कि नगर पालिका द्वारा पानी की सप्लाई अभी कुछ दिनों से सही नही की जा रही है वह साफ नहीं आ रहा है । नल कनेक्शनधारीयों की मांग है कि उन्हें साफ और स्वच्छ पानी दिया जाए । इन दिनों शहर के वार्ड नंबर 1 ,2, 5 सहित वार्ड नंबर 32 के कुछ क्षेत्रों में गंदे पानी की समस्या आ रही है, जबकि नगर पालिका द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्र में पानी टंकी भी बनाई गई है और करोड़ों रुपए की नई जलावर्धन योजना से भी इन दिनों नगर को पानी दिया जा रहा है , किंतु नई जलावर्धन योजना शुरू से ही शहर में सफल नहीं हो पाई है और अनेको बार नई जल आवर्धन योजना को लेकर सवाल उठे हैं और अभी पुनः बारिश शुरू होते ही शहरवासी गंदे पानी से परेशान होना शुरू हो गए हैं । जबकि देखा जाए तो ऐसा माना जा रहा था कि नई जलावर्धन योजना से पानी की समस्या खत्म हो जाएगी और शहर वासियों को दो वक्त साफ और स्वच्छ पानी दिया जाएगा, किंतु जिस प्रकार से परिकल्पना की गई थी इस योजना को लेकर वह योजना सफल नहीं हो पाई है । आज वार्ड वासियों को साफ और स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा है और इन दिनों गंदे पानी से वार्डवासी परेशान है अब देखना होगा कि अभी पूरी बरसात बाकी है और बरसात शुरू होते ही वार्ड वासियों को गंदे पानी की परेशानी झेलना पड़ रहा है अब आगे और पानी को लेकर क्या स्थिति होती है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा वही नगर पालिका में बैठे जिम्मेदार भी इस विषय से अपने आप को बचाते हुए ही नजर आ रहे हैं ।

### गंदे पानी की समस्या को खत्म करने की तरफ ध्यान नहीं

साफ पानी के लिए नगर पालिका फूटी पाइपलाइन और पानी फिल्टर करने पर ध्यान देना होंगा । ऐसा नहीं करने पर आने वाले दिनों में आम जनता को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ सकती है। नगर पालिका समय-समय पर टूटी-फूटी पाइपलाइनों की मरम्मत जरूर कराती है, लेकिन गंदे पानी की समस्या को खत्म करने की तरफ ध्यान नहीं दे रही है। इस तरफ ध्यान दिया जाए तो लोगों को शुद्ध पानी मिल सकेगा।

### लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है असर

दूषित पेयजल को लेकर शहर की जनता का धैर्य आखिरकार जवाब देने लगा है। गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर आए दिन लोग शिकायत कर रहे हैं । पेयजल आपूर्ति नई लाईन से हो रही है और लीकेज कहां से है ये पता नहीं चल पा रहा है। इतना है कि दूषित जल ऐसे ही आता रहा तो इसका असर लोगो के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

# प्रदेश अध्यक्ष पर हुई एफआईआर के विरोध में एसपी से मिले कांग्रेसी

## पुलिस महानिदेशक के नाम सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, जीतु पटवारी के खिलाफ, प्रदेश के अशोकनगर जिला अंतर्गत मुंगावली थाना में दर्ज अपराध को खत्म करने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने एसपी आदित्य मिश्रा को पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने, बताया कि मुंगावली थाना अंतर्गत मुंडरा निवासी युवक को मल खिलाने की घटना में पीड़ित की आवाज उठाने पर राजनीतिक दुर्भावनापूर्वक, प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी पर अपराध दर्ज किया गया है। जिसे एफआईआर को वापस लिया जाए। अन्यथा कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। अशोकनगर के मुंगावली थाना अंतर्गत मुंडरा निवासी के साथ मारपीट कर उसकी मोटर सायकिल छिनने और कथित तौर से मल खिलाने की घटना, विगत दिनों सामने आई थी। जिसमें कांग्रेस का कहना है कि पीड़ित, ओरछा कार्यक्रम में पहुंचे जीतु पटवारी से मिले और उन्हें अपनी साथ हुई घटना बताई। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी ने कलेक्टर से मामले में संज्ञान लेने कहा। जिसके बाद उन पर मामला दर्ज कर लिया है। कांग्रेस का आरोप है कि राजनीति दबाव में शिकायकर्ता से शपथ बनाकर, राजनीतिक दुर्भावना और विपक्ष के लगातार पीड़ितो की आवाज उठाने पर सरकार के संरक्षण में पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसपी से प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज एफआईआर को वापस लिए जाने की मांग को लेकर पहुंचे विधायक विवेक



पटेल ने कहा कि एफआईआर दुर्भावनापूर्वक की गई है। जिसे वापस लेने की मांग कांग्रेस ने की है और यदि एफआईआर को वापस नहीं लिया जाता है तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कहा कि पूरे प्रदेश में एससी, एसटी और अन्य लोगो के साथ हो रही प्रताड़ना और शोषण के खिलाफ, कांग्रेस आवाज उठा रही है, जिसके हैरान और परेशान, भाजपा ने दबाव बनाकर, प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिसे यदि वापस नहीं लिया जाता है तो कांग्रेस का सिपाही, सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए मजबूर होगा। संगठन मंत्री शफकत खान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दुर्भावनापूर्वक है, जिसे समाप्त किया जाना चाहिए।

# मौसम विभाग का पूर्वानुमान 02 से 06 जुलाई की अवधि में बालाघाट जिले में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल से कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव बालाघाट की मौसम ईकाई को प्राप्त 05 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम



पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में दिनांक 02 से 06 जुलाई 2025 की अवधि में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना बताई गई है। इस अवधि में आसमान में घने बादल छाए रहने, तूफान और बिजली गिरने की संभावना बताई गई है। इस दौरान अधिकतम तापमान 24.7 से 28.7 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 21.8 से 22.4.डिग्री सेल्सियस तथा वातावरण में सुबह 92 से 97 प्रतिशत तथा दोपहर में 62 से 75 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनो में हवा कि गति लगभग 6 से 8 किलो मीटर प्रति घंटा दक्षिण पश्चिम दिशा में रहने की संभावना है।





**पैसा ठीक होने के बाद देना**
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464




AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
**सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलीटेक्निक कॉलेज**
**प्रवेश प्रारंभ**
**B.Tech. & Polytechnic**
- COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
- MINING ENGINEERING
- CIVIL ENGINEERING
- MECHANICAL ENGINEERING
- ELECTRICAL ENGINEERING

Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट